हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com

सूर्योदय : 6:15
सूर्यास्त : 5:23
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 21.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-134 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 05 नवम्बर 2024
02 जमादियुल-अव्वल 1446 हिजरी




### हिंदू मंदिर पर खालिस्तानियों का हमला, पीएम मोदी का कनाडा को सख्त संदेश

# भारत के संकल्प को कमजोर नहीं करेंगे

**प्रतिक्रिया**

- डराने-धमकाने की कायरतापूर्ण कोशिश
- हिंदू महासभा मंदिर को चरमपंथियों की ओर से बनाया गया था निशाना
- पीएम मोदी ने ब्रैम्पटन मंदिर हमले की निंदा की



**नई दिल्ली।** कनाडा में हिंदू मंदिरों पर हुए हमले को लेकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सख्त लहजे में प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि ऐसे कृत्य भारत के संकल्प को कमजोर नहीं करेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि कनाडा में हिंदू मंदिर पर जानबूझकर हमला किया गया है और वह इसकी निंदा करते हैं। पीएम मोदी ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट कर लिखा, मैं कनाडा में एक हिंदू मंदिर पर जानबूझकर किए गए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हमारे राजनयिकों को डराने-धमकाने की कायरतापूर्ण कोशिशें भी उतनी ही भयावह हैं। हिंसा के ऐसे कृत्य कभी भी भारत के संकल्प को कमजोर नहीं करेंगे। हम कनाडा सरकार से न्याय सुनिश्चित करने और कानून के शासन को बनाए रखने की उम्मीद करते हैं। इससे पहले कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू महासभा मंदिर को खालिस्तान समर्थकों ने निशाना बनाया था। चरमपंथियों ने हिंदू भक्तों पर भी हमला किया। हमलों के बाद, कनाडा में हिंदू समुदाय के लिए काम करने वाले एक गैर-लाभकारी संगठन हिंदू कैनेडियन फाउंडेशन ने मंदिर पर हमले का एक वीडियो साझा किया और कहा कि खालिस्तानी आतंकवादियों ने बच्चों और महिलाओं पर हमला किया। घटना पर ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी और कहा था कि ये बेहद परेशान करने वाला है। उच्चायोग ने कहा कि स्थानीय सह-आयोजकों के पूर्ण सहयोग से हमारे वाणिज्य दूतावासों द्वारा आयोजित किए जा रहे नियमित कांसुलर कार्य के लिए इस तरह के व्यवधानों को अनुमति देना बेहद निराशाजनक है।

### विदेश मंत्रालय ने भी की हमले की निंदा

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत कनाडा में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर 'बेहद चिंतित' है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हम ओंटारियो के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में कल चरमपंथियों और अलगाववादियों द्वारा की गई हिंसा की निंदा करते हैं। केनैडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन' की रिपोर्ट के अनुसार, पील क्षेत्रीय पुलिस ने रविवार को बताया कि ब्रैम्पटन के एक मंदिर के बाहर विरोध प्रदर्शन हुआ था। सोशल मीडिया पर प्रसारित घटना के कुछ अपुष्ट वीडियो में प्रदर्शनकारी खालिस्तान के समर्थन में बैनर पकड़े नजर आए. रिपोर्ट में कहा गया कि वीडियो में लोग एक-दूसरे पर घूंसे बरसाते और एक-दूसरे पर डंडों से हमला करते नजर आए।

## चुनाव आयोग का बड़ा फैसला : यूपी पंजाब, केरल में उपचुनाव की तारीख बदली

**विधानसभा सीट**

- त्योहारों की वजह से लिया गया फैसला
- 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को मतदान होगा




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सोमवार को त्योहारों के मद्देनजर उत्तर प्रदेश, पंजाब और केरल में विधानसभा उपचुनावों की तारीख बदल दी। अब यहां 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को मतदान होगा। उत्तर प्रदेश में नौ, पंजाब में चार और केरल में एक सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान होना है। नतीजे 23 नवंबर को ही आएंगे।

जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) सहित कई दलों ने विभिन्न त्योहारों के मद्देनजर आयोग से चुनावों की तारीख पुनर्निर्धारित करने का आग्रह किया था। उनका कहना था कि 13 नवंबर को चुनाव कराने से मतदान प्रतिशत पर असर पड़ सकता है। कांग्रेस ने कहा था कि केरल की पलक्कड़ विधानसभा सीट पर बड़ी संख्या में मतदाता 13 से 15 नवंबर तक कल्पती रथोत्सवम का त्योहार मनाएंगे। पार्टी ने कहा था कि पंजाब में श्री गुरु नानक देव का 555वां प्रकाश पर्व 15 नवंबर को मनाया जाएगा और 13 नवंबर से अखंड पाठ का आयोजन किया जाएगा।

भाजपा, बसपा और रालोद ने कहा था कि उत्तर प्रदेश में कार्तिक पूर्णिमा से तीन-चार दिन पहले लोग यात्रा करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा 15 नवंबर को होगी।

### आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामला

## अदालत ने मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ तय किए आरोप

**दावा**

- 11 नवंबर से शुरू होगी सुनवाई
- सीबीआई के आरोप पत्र में संजय रॉय मुख्य आरोपी



**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर की हत्या और दुष्कर्म मामले के 87 दिन बाद सोमवार को शहर की एक कोर्ट ने मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ आरोप तय किए। वहीं, संजय रॉय अभी भी दावा कर रहा है कि उसे हत्या के मामले में फंसाया गया है। पश्चिम बंगाल की सियालदह कोर्ट ने संजय रॉय के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (1), 64 और 66 के तहत आरोप तय किए। कोर्ट ने यह भी कहा कि मामले की रोजाना सुनवाई 11 नवंबर से शुरू होगी। संजय रॉय पर बीएनएस की धारा 64, धारा 66 (जो मौत या गंभीर स्थिति में लाने से संबंधित हैं) और धारा 103 (हत्या के लिए सजा) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी रॉय को जब अदालत से बाहर लाया जा रहा था, तो उसने पत्रकारों से कहा, मैंने कुछ नहीं किया है। मुझे इस दुष्कर्म-हत्या मामले में फंसाया जा रहा है। कोई मेरी बात नहीं सुन रहा है। सरकार मुझे फंसा रही है और मुझे चुप रहने की धमकी दे रही है। पिछले महीने सीबीआई ने अपने प्राथमिक आरोपपत्र में संजय रॉय को इस मामले का एक मात्र मुख्य आरोपी बताया था।

# उत्तराखंड में बस हादसा, 36 की मौत

**दुर्घटना**

- अल्मोड़ा में बस खाई में गिरी, कई घायल
- बस में 42 लोग थे सवार
- अनियंत्रित होकर 150 फीट गहरी खाई में गिरी



**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। मार्चुला के पास एक बस खाई में गिर गई है। हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। चार घायलों को एयरलिफ्ट भी किया गया है। तीन घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चलाया जा रहा है। एसडीआरएफ की टीम मौके पर है।

उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के मार्चुला इलाके के पास सोमवार को यात्रियों से भरी बस नदी में गिर गई। बस में 55 से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंचा। एसएसपी अल्मोड़ा मौके पर पहुंच गए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची हैं। हादसे में 36 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। बस नैनीडांडा के किनाथ से रामनगर जा रही थी। जैसे ही बस मार्चुला के पास पहुंची तो सारड बैंड के पास नदी में गिर गई। बस के नदी में गिरते ही चीख-पुकार मच गई। कुछ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ लोग बस से छिटककर नीचे गिर गए। घायल लोगों ने ही जानकारी दूसरों तक पहुंचाई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य चलाया। घायलों को अस्पताल ले जाने का काम किया। बस सवार 36 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हैं। बस 40 सीटर थी। बस में 55 से ज्यादा यात्री थे। आपदा प्रबंधन अधिकारी अल्मोड़ा विनीत पाल ने बताया कि 36 यात्रियों की मौत हो चुकी है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। टीम रेस्क्यू में जुटी है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी और अल्मोड़ा के संबंधित क्षेत्र के एआरटीओ प्रवर्तन को निलंबित करने के निर्देश दिए। सीएम ने मृतक परिजनों को 4-4 लाख रूपये और घायलों को 1-1 लाख रुपये की सहायता राशि देने का निर्देश दिया है। आयुक्त कुमाऊं मंडल को घटना की मजिस्ट्रेट जांच के निर्देश दिए गए हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा में बस हादसे पर सचिव आपदा प्रबंधन, आयुक्त कुमाऊं मंडल और डीएम अल्मोड़ा से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली।

### हादसे पर राष्ट्रपति मुर्मू व पीएम ने जताया दुःख

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड में सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह खबर हृदय विदारक है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अल्मोड़ा, उत्तराखंड में एक सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित कई लोगों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। अल्मोड़ा में हुए हादसे पर पीएम मोदी ने दुख जताया। उन्होंने लिखा कि उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुए सड़क हादसे में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों की शीघ्र कुशलता की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव के हरसंभव प्रयास में जुटा है। हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

## वायनाड त्रासदी पर केंद्र ने राजनीति की : प्रियंका गांधी

- भाजपा की राजनीति विभाजनकारी



**वायनाड।** कांग्रेस नेता और वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए यूडीएफ उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा पर हमला बोला। वायनाड में चुनाव प्रचार के दौरान प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि जुलाई में वायनाड में आई भूस्खलन आपदा का राजनीतिकरण किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर भूस्खलन से प्रभावित परिवारों को आवश्यक धन वितरित करने में विफल रहने का भी आरोप लगाया। वायनाड त्रासदी में सैंकड़ों लोग मारे गए थे और कई लोगों को विस्थापित होना पड़ा था। प्रियंका गांधी ने अपने प्रचार के दूसरे दिन सुल्तान बाथरी विधानसभा क्षेत्र के केनिचिरा में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा, यहां तक कि लोगों को बहुत दर्द देने वाली आपदा का भी भाजपा ने राजनीतिकरण किया। हम ऐसे मोड़ पर खड़े हैं, जहां आपको अपने देश, अपनी जरूरतों और अपने देश में आप किस तरह की राजनीति चाहते हैं, इसके बारे में सोचना चाहिए। भगवा पार्टी पर निशाना साधते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा की राजनीति की विशेषता नफरत, गुस्सा, विभाजन और विनाश है। उन्होंने कहा कि लोगों के असल मुद्दों को नजरअंदाज किया जा रहा है और उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।

### दिल्ली में बढ़ रहे वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# पटाखे बैन होने के बावजूद क्यों हुई आतिशबाजी

**संकट**

- सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से मांगा जवाब
- पुलिस कमिश्नर को भेजा नोटिस
- 14 नवंबर को होगी मामले की सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ रहे वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अखबारों की खबरों को देखकर लगता है कि दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध लागू नहीं किया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है कि पटाखों को प्रतिबंधित क्यों नहीं किया गया? सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी किया है। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा में पराली जलने पर भी नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने दोनों राज्य सरकारों से भी जवाब-तलब किया है। पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार और पुलिस कमिश्नर यह भी बताएंगे कि वे ऐसे क्या कदम उठाएंगे, ताकि अगले साल ऐसा न हो। वहीं कोर्ट ने हरियाणा और पंजाब की सरकारों से अक्तूबर के आखिरी दस दिनों के दौरान पराली जलाने की घटनाओं की संख्या बताते हुए 14 नवंबर तक हलफनामा दाखिल करने को कहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता एचएस फूलका ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली पर पटाखों पर प्रतिबंध लागू न होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी करके पूछा है कि पटाखों पर प्रतिबंध क्यों लागू नहीं किया गया? कोर्ट अब मामले मे 11 नवंबर को अगली सुनवाई करेगा।

### सख्ती से आदेश को नहीं किया गया लागू

सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अखबार में प्रकाशित सुप्रीम कोर्ट के पटाखे पर प्रतिबंध लगाने के आदेश लागू न करने पर सख्त टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा कि पटाखों पर प्रतिबंध क्यों लागू नहीं किया गया? प्रतिबंध था तो पटाखे कैसे चलाए गए? पीठ ने कहा कि पटाखों पर प्रतिबंध लगाने के आदेश रिकॉर्ड पर रखे जाएं और पटाखे फोड़ने वालों पर क्या कार्रवाई की गई, इसकी जानकारी भी दी जाए।



## आगरा में वायुसेना का मिग-29 विमान दुर्घटनाग्रस्त

- दोनों पायलट ने कूदकर बचाई जान
- जमीन पर गिरा प्लेन
- दो किलोमीटर दूर मिले पायलट



**आगरा।** आगरा में सोमवार को वायु सेना का विमान मिग-29 दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें पायलट और को-पायलट ने कूदकर जान बचाई। वायुसेना की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान तकनीकि खराबी आने से ये हादसा हुआ। इस पूरा हादसे की जांच कराई जाएगी। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद पायलट और उसके साथी दो किलोमीटर दूर मिले हैं। गनीमत रही कि पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान को कागारौल के सोनिगा गांव के पास खाली खेतों में गिराया। यदि आबादी वाले हिस्से में विमान क्रैश होता तो बड़ी क्षति हो सकती थी। यह मिग-29 विमान था, जो पंजाब के आदमपुर से उड़ा था। फिलहाल घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ है। मौके पर पुलिस बल भी पहुंच गया है। थाना कागरोल क्षेत्र के गांव बघा और बहा के बीच में किसान बॉबी के खेत में यह विमान क्रैश हुआ है। स्थानीय निवासी अजय चाहर ने बताया कि आज का जला हुआ विमान उनके गांव नारोल के ऊपर होकर गुजरा था, पायलट की सूझबूझ से विमान गांव पर नहीं गिरा नहीं तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

## मुडा मामले में सिद्धारमैया की बढ़ीं मुश्किलें लोकायुक्त पुलिस ने छह को किया तलब

- पिछले महीने 25 अक्टूबर को मुख्यमंत्री की पत्नी से भी पूछताछ की गई थी



**मैसूर।** लोकायुक्त पुलिस ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को मुडा जमीन आवंटन मामले में पूछताछ के लिए छह नवंबर को तलब किया है। पिछले महीने 25 अक्तूबर को मुख्यमंत्री की पत्नी पार्वती बी.एम. से भी पूछताछ की गई थी। वह भी इस मामले में एक आरोपी हैं। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एक वरिष्ठ लोकायुक्त अधिकारी ने बताया, हमने मुख्यमंत्री को बुधवार सुबह पेश होने के लिए कहा है। मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) मामले में सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और उनके भाई मंडल मल्लिकार्जुन स्वामी का नाम भी शामिल है। स्वामी ने एक भूखंड खरीदा था, जिसे उन्होंने पार्वती को उपहार में दिया था। इस मामले में अन्य लोगों के नाम भी प्राथमिकी में दर्ज किए गए हैं। प्राथमिकी 27 सितंबर को मैसूर के लोकायुक्त थान में दर्ज की गई थी। मुडा शहरी विकास के दौरान अपनी जमीन खोने वाले लोगों के लिए एक योजना लेकर आई थी। 50ऽ50 नाम की इस योजना में जमीन खोने वाले लोग विकसित भूमि के 50त्र के हकदार होते थे। यह योजना 2009 में पहली बार लागू की गई थी। जिसे 2020 में उस वक्त की भाजपा सरकार ने बंद कर दिया। सरकार द्वारा योजना को बंद करने के बाद भी मुडा ने 50-50 योजना के तहत जमीनों का अधिग्रहण और आवंटन जारी रखा। सारा विवाद इसी से जुड़ा है।

**योगी कैबिनेट** यूपी में विदेशी निवेशकों को मिली राहत, एफडीआई नीति में बदलाव

# बिना नॉमिनी भी हो सकेगा ग्रेच्युटी का भुगतान

- 27 प्रस्तावों को मिली मंजूरी
- टीचरों को अब तीन वर्ष में ही मिलेगी तबादले की सुविधा
- लखनऊ समेत 10 शहरों में खुलेंगे बाल संरक्षण गृह
- बुंदेलखंड के सूखाग्रस्त इलाकों को मिलेगा लाभ



**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। सहायता प्राप्त महाविद्यालय अध्यापक स्थानांतरण नियमावली 2024 को मंजूरी देते हुए महाविद्यालय में न्यूनतम तैनाती को पांच वर्ष को घटाकर तीन वर्ष किया गया। बैठक में हुए फैसलों की जानकारी वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने दी। मंत्री ने बताया कि सहायता प्राप्त डिग्री कॉलेज के शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर निर्णय लिया गया। शिक्षक अब पांच वर्ष की न्यूनतम सेवा की जगह सिर्फ तीन साल बाद ही स्थानांतरण करवा सकेंगे। उच्चतर शिक्षा विभाग हेतु नियमावली उत्तर प्रदेश सहायता प्राप्त महाविद्यालय अध्यापक स्थानांतरण नियमावली 2024 को मंजूरी दी गई है। महाविद्यालय में न्यूनतम तैनाती को 5 वर्ष से घटाकर 3 वर्ष किया गया व यूपी में निजी विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 में संशोधन को हरी झंडी मिली। वहीं, अन्य प्रदेशों के शिक्षण संस्थाओं को प्रदेश में स्थापित होने का अवसर भी मिलेगा। लखनऊ में अंग्रेज़ी एवं विदेशी भाषा केंद्रीय विश्वविद्यालय के लखनऊ परिसर की स्थापना हेतु तहसील सरोजिनी नगर में चकरौली परगना बिजनौर में 2.3239 हेक्टेयर भूमि को चिह्नित कर उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि मध्य गंगा नहर परियोजना के द्वितीय चरण पुनरीक्षण प्रस्ताव को मंजूरी से संभल, अमरोहा व मुरादाबाद के 1850 ग्राम लाभान्वित होंगे। इसके साथ ही ललितपुर में भौरट बांध परियोजना के द्वितीय पुनरीक्षित प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। वहीं केन बेतवा लिंक परियोजना हेतु प्रस्ताव को स्वीकृति से बुंदेलखंड के सूखाग्रस्त क्षेत्र को लाभ प्राप्त होगा। प्रदेश में पशु चिकित्सकों की कमी को पूरी करने के लिए पशुपालन पाठ्यक्रम हेतु डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स हेतु नीति तैयार करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। प्रदेश सरकार ने नई शीरा नीति को मंजूरी देते हुए इसमें कोई बदलाव नहीं किया है। पिछली बार की तरह देसी मदिरा के लिए 19 फीसद शीरा मुहैया कराया जाएगा। चीनी मिलों को 20 रुपये कुंतल विनियामक शुल्क देना होगा। लघु उद्योगों को भी शीरा मुहैया कराने की व्यवस्था है। एफडीआई नीति में संशोधन प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

# गुलरिया चीनी मिल का घूमा चक्का, नए पेराई सत्र का डीएम-एसपी ने किया उद्घाटन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** बलरामपुर चीनी मिल्स लि0 यूनिट-गुलरिया चीनी मिल के 18वें गन्ना पेराई सत्र 2024-25 का शुभारम्भ पूजन अर्चन के साथ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद साहा ने उप गन्ना आयुक्त, परिक्षेत्र-लखनऊ, इकाई प्रमुख योगेश कुमार सिंह की मौजूदगी में शुभारंभ किया। सर्वप्रथम बैलगाड़ी द्वारा मिलगेट पर गन्ना लाने वाले कृषक बालिस्टर सिंह, ग्राम चौखड़िया तथा ट्रैक्टर ट्राली द्वारा कृषक रणजीत सिंह, ग्राम पकरिया एवं बाह्य क्रयकेन्द्र भूलनपुर - द्वितीय से आये ट्रक का गन्ना सर्वप्रथम चीनी मिल के तौल कांटे पर लाया गया और गन्ना लाने वाले कृषकों को फूल माला व शॉल ओढ़कर सम्मानित किया गया सोमवार को आचार्य ऋषिराम तिवारी एवं अयोध्या से आए सचिन देव तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमान यूनिट हेड योगेश कुमार सिंह ने पूजन-अर्चन किया। डीएम, एसपी ने केन कैरियर में गन्ना डालकर नये पेराई सत्र का शुभारम्भ किया। डीएम-एसपी ने बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड यूनिट गुलरिया में पहली बैलगाड़ी तौल कराने पर चौखड़िया के कृषक बालिस्टर सिंह, पहली ट्राली तौल कराने पर गोंधिया के कृषक बलविन्दर सिंह, भूलनपुर -द्वितीय क्रय केंद्र से सबसे पहले ट्रक से गन्ना लेकर फैक्ट्री ड्राइवर गुड्डू को पुरस्कार प्रदान किया इसी के साथ दोनों अधिकारियों ने पेराई सत्र 2023-24 के तहत चीनी मिल में सर्वाधिक 5484 कु0 गन्ना आपूर्ति करने पर कृषक जगमोहन लाल,



चीनीमिल गेट पर सर्वाधिक 4718 कु0 गन्नाआपूर्ति करने पर किसान संजय कुमार, चीनीमिल गेट पर सर्वाधिक 2302 कु0 को0-15023 गन्ना आपूर्ति करने पर किसान अनिल कुमार, क्रयकेन्द्र पर सर्वाधिक 1230 कु0 को0-15023 गन्ना आपूर्ति करने पर किसान बृजलाल और चीनी मिल क्षेत्र में सर्वाधिक 3.664 हैक्टेयर को0-15023 की गन्ना बुवाई करने पर किसान राम भरोसे को चेक, कंबल, मिष्ठान सहित अन्य उपहार देकर पुरस्कृत किया इकाई प्रमुख ने उपस्थित किसानों को अपने सम्बोधन में बताया कि गुलरिया चीनी मिल के इतिहास में किसानभाईयों के हित को ध्यान में रखते हुए पहली बार 04 नवम्बर को पेराई सत्र का शुभारम्भ किया जा रहा है। यह आप सभी के सहयोग से ही सम्भव हो सका है। सभी किसान भाईयों एवं चीनी मिल दोनों के लिए काफी हर्ष का विषय है। चीनी मिल पूर्व की भांति ही इस वर्ष भी अति त्वरित गति से गन्ना मूल्य भुगतान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इकाई प्रमुख योगेश कुमार सिंह ने किसान भाईयों से यह अपील की है कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी साफ-सुथरा एवं ताजा गन्ना ही चीनी मिल को आपूर्ति करें तथा अपना गन्ना औने-पौने दामों पर अन्यत्र न बेचें तथा चीनी मिल में गन्ना आपूर्ति करके अपना बेसिक कोटा बढ़ायें। उन्होंने यह भी बताया कि चीनी मिल एवं किसान एक ही गाड़ी के दो पहिए है। विकास उद्योग के लिए दोनों आवश्यक है। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि शरदकाल में उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को0-15023, को0-0118, को.लख. -14201 एवं अन्य उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई अधिक से अधिक क्षेत्रफल में करें जिले में संचालित बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड ने इस पेराई सत्र में अभिनव पहल कर अपनी दोनों इकाइयों (गुलरिया और कुंभी) में पेराई सत्र की शुरुआत से पूर्व ही 02 एवं 03 नवम्बर में खरीदे गये गन्ने का भुगतान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कम्प्यूटर पर बटन दबाकर सीधा कृषकों के खाते में भेजा गया। बलरामपुर समूह की दोनो चीनी मिल गुलरिया एवं कुम्भी द्वारा इस वर्ष पेराई करने से पूर्व इसी वर्ष का एक करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान करने वाली प्रदेश की प्रथम चीनी मिल है। यूनिट गुलरिया में प्रथम दो दिन गन्ना आपूर्ति करने वाले 2800 किसानों और इकाई कुंभी में 2500 किसानों को 50-50 लाख का ऑनलाइन भुगतान किया सोमवार को शाम बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड इकाई-गुलरिया में सड़क सुरक्षा/गन्ना परिवहन के लिए, रिट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाये जाने के अभियान का शुभारम्भ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने उप गन्ना आयुक्त, परिक्षेत्र-लखनऊ, इकाई प्रमुख योगेश कुमार सिंह की मौजूदगी में रेडियम रिफ्लेक्टर गन्ने के वाहनों में लगाया जिससे कि रात्रि में एवं कुहरे के समय चलनेवाले वाहनों को दृश्यता की कमी के कारण होने वाली संभावित दुर्घटनाओं से बचाया जा सके समारोह में इस अवसर पर उप गन्ना आयुक्त डॉ. राजेशधर द्विवेदी, मुख्य महाप्रबन्धक ( इकाई प्रमुख) योगेश कुमार सिंह, डॉ0 राकेश सिंह चेयरमैन - भीरा समिति, महाप्रबन्धक (गन्ना) अनिल कुमार, महाप्रबन्धक (वाणिज्य) तुषार अग्रवाल, संजय सिंह महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग), विपिन गुप्ता महाप्रबंधक ( पावर प्लान्ट), अपर महाप्रबन्धक (प्रोडेक्शन) राकेश कुमार सिंह, सहायक महाप्रबन्धक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) अजीत सिंह, वरिष्ठ उप प्रबंधक मानव संसाधन एवं वेलफेयर ऑफिसर अभिषेक कुमार मिश्र तथा चीनी मिल के सभी अधिकारीगण कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नकहा क्षेत्र के दो गांवों की चीनी मिल बदल दिए जाने को लेकर गन्ना किसानों में जबरदस्त आक्रोश

*अवधनामा संवाददाता*

लखीमपुर खीरी। नकहा क्षेत्र के दो गांवों की चीनी मिल बदल दिए जाने को लेकर गन्ना किसानों में जबरदस्त आक्रोश है। किसानों ने गन्ना क्रय केंद्र पुरानी चीनी मिल से जोड़ने की मांग को लेकर सोमवार को गन्ना दफ्तर का घेराव कर दिया। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे किसानों ने गन्ना दफ्तर के पास नारेबाजी कर प्रदर्शन किया दरअसल, नकहा क्षेत्र के गन्ना क्रय केंद्र चहमलपुर के अंतर्गत दो गांव मठियापुरवा और चहमलपुर आते हैं। यह गन्ना क्रय केंद्र अब तक ऐरा खमरिया की गोविंद शुगर मिल से जुड़ा हुआ था। इस बार यह क्रय केंद्र बजाज हिन्दुस्थान की खंभारखेड़ा चीनी मिल से जोड़ दिया गया है। इसको लेकर किसान पिछले कई दिन से विरोध कर रहे हैं। डीएम को भी ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसको लेकर किसानों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में किसान सोमवार दोपहर को जिला गन्ना अधिकारी के कार्यालय पर पहुंच गए और घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया गोविंद शुगर मिल से मिलता है जल्दी भुगतान किसानों का कहना है कि गोविंद शुगर मिल का भुगतान शीघ्र मिल जाता है, जिस कारण उन्हें कोई परेशानी अब तक उठानी नहीं पड़ी है, जबकि खंभारखेड़ा चीनी मिल से भुगतान बहुत ही देर से मिलता है, जिससे उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वह अपना गन्ना किसी भी कीमत पर खंभारखेड़ा चीनी मिल को आपूर्ति नहीं करेंगे। किसानों ने मांग की है कि उनके गन्ना क्रय केंद्र को पूर्व की भांति फिर से गोविंद शुगर मिल से जोड़ा जाए।

## 05 नफर वारन्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार

लखीमपुर-खीरी। थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा 05 नफर वारन्टी अभियुक्तगण कोमलराम पुत्र बालकराम निवासी इमलिया थाना हैदराबाद खीरी मु0अ0 1597/23 धारा 128 भरण पोषण थाना नीमगांव खीरी जितेन्द्र उर्फ पप्पू पुत्र गंगाराम निवासी तकिया थाना हैदराबाद खीरी मु0स0518/19 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम थाना हैदराबाद खीरी 3.रवी पुत्र रामभजन निवासी ग्राम अजान थाना हैदराबाद खीरीमु0स0 230/21 धारा 147/452/323/504 भादवि थाना हैदराबाद खीरी 4.मोनू पुत्र मायाराम निवासी ग्राम कचियानी थाना हैदराबाद खीरी मु0स0 647/23 धारा 308/323/504/506 भादवि थाना हैदराबाद खीरी 5.संजय पुत्र मोहनलाल निवासी ग्राम तकिया थाना हैदराबाद खीरी मु0स0 643/20 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम थाना हैदराबाद खीरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

## ट्रक और ट्रैक्टर की आमने सामने से हुई भिड़ंत ट्रक चालक की मौत

**लखीमपुर खीरी।** मैगलगंज थाना क्षेत्र में बरेली.सीतापुर फोरलेन हाईवे पर सुबह ट्रक और ट्रैक्टर की आमने सामने से भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद ट्रक सड़क किनारे खाई में पलट गया। इससे ट्रक चालक की मौत हो गईए जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ है। वहीं ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए हादसा बरेली.सीतापुर फोरलेन हाईवे पर मैगलगंज बाईपास के निकट सोमवार सुबह करीब 7—30 बजे हुआ। यहां सीतापुर की ओर से आ रहे ट्रक की शाहजहांपुर की ओर से आ रहे ट्रैक्टर.ट्रॉली से आमने.सामने टक्कर हो गई हादसे में ट्रक चालक आजाद निवासी गोधनाए जिला मुजफ्फरनगर की मौत हो गई। हेल्पर जुनैद घायल हो गया। उसे अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर.ट्रॉली अलग होकर क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर काफी देर तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा मु0सं0 290/10 अ0सं0 418-09 धारा 304, 323, 504, 506 भादवि0 से संबंधित वारण्टी अभि0 को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## समेकित प्रोत्साहन योजना से बन्द सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स को संजीवनी

**लखीमपुर खीरी।** प्रदेश सरकार ने प्रदेश में बन्द पड़े और घाटे में चल रहे सिनेमाघरों को पुनः संचालित करने और मल्टीप्लेक्स निर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक समेकित प्रोत्साहन योजना जारी की है। यह जानकारी जिला मनोरंजन कर अधिकारी/ राज्य कर अधिकारी अरुण कुमार बाजपेई ने दी।उन्होंने बताया कि उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या -112/11-5-2024-एम(34) /2017 दिनांक 08 अक्टूबर 2024 के माध्यम से प्रदेश में बंद पडे अथवा घाटे में चल रहे छविगृहों को पूर्ण रुप से तोडकर उसके स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त लघु क्षमता के सिनेमाहाल सहित व्यावसायिक काम्प्लेक्स के निर्माण, पुराने बंद पड़े एवं संचालित सिनेमाघरों के भवन की आंतरिक संरचना में परिवर्तन/रिमाडल कर पुनः संचालित होने वाले सिनेमाघरों, प्रदेश में बंद पडे एकल सिनेमाघरों को बिना किसी आंतरिक संरचना में परिवर्तन किये यथास्थिति पुनः संचालित करने वाले सिनेमाघरों व्यावसायिक गतिविधियों सहित / रहित न्युनतम 75 आसन क्षमता के एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण, जिन जनपदों में एक भी मल्टीप्लेक्स निर्मित/संचालित नहीं है वहां मल्टीप्लेक्स खुलवाने, जिन जनपदों में मल्टीप्लेक्स निर्मित/संचालित है उन जनपदों में नवीन मल्टीप्लेक्स निर्माण एवं सिनेमाघरों /मल्टीप्लेक्स के उच्चीकरण हेतु समेकित प्रोत्साहन योजना संचालित है।जिला मनोरंजन कर अधिकारी/राज्य कर अधिकारी अरुण कुमार बाजपेई ने बताया कि सभी सर्वसंबंधित जो इस योजना का लाभ पाने हेतु इच्छुक है, वह नियत प्रारुप पर आवेदन भरकर प्रस्तुत करें, जिससे आवेदन पत्र पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। अधिक जानकारी के लिए जिला मुख्यालय पर स्थापित राज्य कर दफ्तर में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक संपर्क कर सकते है।

## ईरानी दंपत्ति ने ताजमहल के पास मंदिर में पढ़ी नमाज, फिर मांगी माफी

**आगरा।** ताजमहल घूमने आए ईरानी पर्यटक ने मंदिर में नमाज अदा की। वह अपनी पत्नी बेटी के साथ आगरा भ्रमण पर आया था। ताजमहल के पूर्वी गेट के पास बने मंदिर में वह नमाज पढ़ने के लिए चला गया। बेटी और पत्नी मंदिर के बाहर ही खड़ी रहीं। मंदिर में नमाज पढ़ते हुए देखकर लोगों ने हंगामा कर दिया। ताज सुरक्षा पुलिस, ईरानी पर्यटक और उसके परिवार के लोगों को थाने ले लाई। जहां उसने अनभिज्ञता जताकर माफी मांगी। पुलिस ने माफीनामा लिखवाकर उसे छोड़ दिया। मामला रविवार को है। ताजमहल के पूर्वी गेट के पास बनी टिकट विंडो से सटा हुआ मंदिर है। रविवार सुबह एक ईरानी शख्स मंदिर में आ गया। मंदिर में उस समय कोई नहीं था। इसके बाद वह नमाज पढ़ने लगा, उसे ऐसा करते देख लोगों ने हंगामा कर दिया। ईरानी पर्यटक ने बताया कि वह नमाज पढ़ने के लिए साफ जगह की तलाश में था, उसे कहीं कोई मस्जिद भी नजर नहीं आई। मंदिर का गेट खुला देखा तो वह उसे प्रार्थना स्थल समझकर चला गया था। ईरानी पर्यटक ने बताया कि उसका नमाज पढ़ने का समय हो गया था। वह आस-पास के इलाके में नमाज पढ़ने के लिए जगह तलाश रहा था।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस में 65 शिकायती पत्र आये मात्र 5 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 65 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 25, पुलिस 08, विकास 09, पीडब्लूडी व गन्ना 03-03, आपूर्ति 02, नगर पालिका, विद्युत, महिला कल्याण की एक-एक, अन्य के 12 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।

इस दौरान एसडीएम कार्तिकेय सिंह, सीओ पलिया, पीडी एसएन चौरसिया, तहसीलदार आरती सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# महापौर ने लिया छठ पूजा की तैयारियों का जायजा

## निगम अधिकारियों को दिए व्यवस्थाओं के लिए निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज निगम अधिकारियों को साथ लेकर मानकमऊ सिथत छठ पूजा घाट का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर आवश्यकतानुसार नदी में पानी छोड़ने को भी कहा।

छठ पूजा महापर्व को लेकर नगर निगम ने तैयारियां शुरु कर दी है। आज महापौर डॉ.अजय कुमार ने मानकमऊ स्थित छठ पूजा घाट का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर सी गुप्ता को छठ पर्व पर घाट व नदी क्षेत्र में विशेष साफ सफाई तथा घाट पर पुताई आदि कर सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए।



उन्होंने पुल निर्माण कार्य में लगे लोगों से नदी में पड़े निर्माणाधीन पुल के बिखरे हुंए सरये व मलवे आदि को हटाने तथा व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन पुल को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से पुल के निकट बेरीकेटिंग लगवाने के भी निर्देश दिए। महापौर ने अधिकारियों को बाबा लालदास बाड़ा घाट सहित शहर के अन्य छठ पूजा घाटों पर भी समुचित व्यवस्था करने को कहा। महापौर ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर आवश्यकतानुसार नदी में 6 नवंबर से पानी छोड़ने के भी निर्देश दिए। महापौर ने छठ पूजा आयोजन समिति के पदाधिकारियों को आश्वसस्त किया कि पूजा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निगम द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाये जायेंगे।

ह्यअपर नगरायुक्त राजेश यादव ने बताया कि निगम द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी साफ-सफाई, रंगाई-पुताई,सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था व टैंट और मंच आदि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं के लिए की जायेंगी। इस दौरान उक्त के अलावा मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, पार्षद वीरेंद्र उपाध्याय, इसम सिंह, संजय सैनी, समीर अहमद, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष संदीप रावत, मंडल मंत्री अनिल गिरी, राकेश राणा व छठ पूजा समिति के हरिशंकर तिवारी व अजय यादव आदि शामिल रहे।

# लाठी चार्ज प्रकरण को लेकर अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से रहे विरत

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा किये गये



लाठी चार्ज की घटना के विरोध में आज सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओ ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताते हुए न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने लाठी चार्ज प्रकरण को लेकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया और न्यायिक कार्यो से विरत रहकर घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज होना देशभर के अधिवक्ताओं को अपमान है। जो बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 29 अक्तूबर को गाजियाबाद के जिला जज के न्यायालय में सुनवाई के दौरान अधिवक्ताओं से अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया। विरोध करने पर निहत्थे अधिवक्ताओं पर पुलिस से लाठी चार्ज कराया गया। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि न्यायालय कक्ष में घटित घटना पर बार काउंसिल ऑफ उप्र तत्काल संज्ञान लेकर प्रभावी कार्यावाही अमल में लाए, जिससे कि भविष्य में अधिवक्ताओं के साथ न्यायालयों में इस प्रकार की शर्मनाक व दुखद घटनाएं दोबारा घटित नहीं हो सकें। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद जनपद न्यायाधीश द्वारा न्याय व्यवस्था को छिन्न-भिन्न करने का जो प्रयास न्यायालय कक्ष में किया गया। वह हर प्रकार से निंदनीय है। इस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा किसी भी न्यायिक अधिकारी से नहीं की जा सकती। यह सर्व विदित है कि न्यायाधीश बार का ही एक अंग है, किंतु न्यायाधीश स्वयं को अधिवक्ताओं से अलग मानकर कार्य करते चले आ रहे हैं। जिससे न्याय की गरिमा ठेस पहुंच रही है और वादकारियों को उचित न्याय मिलने की संभावनाएं क्षीण होती है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को बोलने से रोका जाता है जबकि अधिवक्ता अपने वादी की आवाज को न्यायालय में रख रहा होता है। जो किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। इस दौरान अभय सैनी, दीपक चौधरी, जमाल साबरी, योगेश कुमार काम्बोज, सचिन सैनी, गौरख शर्मा, नीतिन कुमार, सौरभ जैन, मौ.खालिद, सन्दीप, नीरज सैनी, जयवीर पुंडीर, रोशनी, रेखा, रूमन लाम्बा, मुनव्वर खान, सतीश चौधरी, जुबैर अली, फैसल, सुन्दर, अंशु, रूबी चौधरी, आजम, मेघा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

इसके अलावा टैक्स एडवोकेट्स एससोसिएशन ने गाजियाबाद प्रकरण को लेकर जिला जज पर कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध दर्ज कराया। एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश कपूर ने कहा कि 29 अक्टूबर को गाजियाबाद मे जिला जज के आदेश पर न्यायालय परिसर मे अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज किया गया। उन्होंने कहा कि कोर्ट परिसर मे वकीलो की सुरक्षा व इस तरह की घटनाओ की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिये जरूरी कदम उठाये जाने बेहद जरूरी है।

## एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी ने 228 रनों से जीता मैच



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** स्व.प्रेमवती देवी मैमोरियल लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी ने जीवा क्रिकेट एकेडमी को करारी मात देते हुए 228 रनों से मैच जीत लिया। एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी की ओर से शानदार बल्लेबाजी कर शतक लगाने वाले साहस और राघव को संयुक्त रूप से मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया। सोमवार को मल्हीपुर रोड स्थित नालंदा वर्ल्ड स्कूल के मैदान पर आयोजित स्वर्गीय प्रेमवती देवी मेमोरियल लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में टॉस जीतकर जीवा क्रिकेट एकेडमी ने एसबीबीए को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया। पहले बैटिंग करते हुए एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी ने 40 ओवर में साहस के 101 और राघव के 102 रनों के दम पर पांच विकेट खोकर 270 रन का विशाल स्कोर बनाया। जीवा क्रिकेट एकेडमी की ओर से गेंदबाजी में अश्वनी, प्रियांशु और यशवीर ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए जीवा क्रिकेट एकेडमी 17.2 ओवर में 42 रन पर ऑल आउट हो गई। पुनीत और अनुराग चौहान ने दस रनों का योगदान दिया। एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए अर्णव धीमान और हरीश ने तीन-तीन विकेट लिए। इस तरह से एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी ने 228 रन से जीत दर्ज की। शानदार शतक लगाने वाले साहस और राघव को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# दो शातिर नकबजन गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने शटर फाडकर दुकान में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर नकबजन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे व निशानदेही पर 3900 रूपये नगद, दो पेंट की बाल्टी, छह पेन्ट के डिब्बे, दो थीनर की बोतल, सात मीटर काला बिजली का केबल व दो किलोग्राम तांबे का तार आदि सामान बरामद किया गया।

गौरतलब रहे कि विगत् दिवस वादी सुरेन्द्र मोहन पुत्र फगन सिंह निवासी ग्राम बिन्नाखेडी थाना सरसावा की तहरीर पर आरोपी आसिफ पुत्र ईनाम व फिरोज पुत्र नईम निवासी मौ.मिर्धान कस्बा व थाना सरसावा द्वारा वादी की दुकान का शटर तोडकर गल्ले से 3900 रुपये, पेन्ट की बाल्टियां चोरी कर लेने, दुकान मे लगा कैमरा व गल्ला को तोड देने के सम्बन्ध में थाना सरसावा पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। थाना सरसावा प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक रामबीर सिंह, राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दो शातिर नकबजन आरोपियों आसिफ व फिरोज को चोरी गये 3900 रूपये नकद, 02 पेन्ट की बाल्टी, 06 पेन्ट के डिब्बे, 02 थिनर की बोतल, 01 हथौडी सहित गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया बिजली का सामान, 04 लोहे के पाईप, एक बिजली केबल व 02 किलोग्राम तांबे का तार भी बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में दबोचे गये आरोपियों ने बताया कि उन्होंने शान्ति धाम रोड के पास पेंट की दुकान का शटर फाडकर चोरी की थी। आज से लगभग डेढ माह पूर्व ग्राम कुम्हारहेडा जंगल मे बिडवी मील के पास से एक ट्यूबैल की मोटर का तार कोपर का तथा केविल चोरी की थी तथा उसके पास ही एक फैक्ट्री से एक पुरानी बैल्डिग मशीन तथा अल्टीनेटर, लोहे के एंगल चोरी किये थे। बेल्डिग मशीन तथा अल्टीनेटर राह चलते कबाड़ी को बेच दिया था तथा कुछ सामान केविल तार लोहे के एंगल तथा कापर का तार हम दोनो ने कस्बे के पास नकुड रोड पर एक बगिया में छिपा दिया था। जो आज पुलिस को बरामद करा दिया गया है।

## आगरा में संदिग्ध हालत में कंपाउंडर की मौत

**आगरा।** भाई दूज के दिन रविवार को आगरा में कंपाउंडर को दो युवकों ने पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। थाना शाहगंज अंतर्गत नरीपुरा स्थित नाले में घायल हालत में पड़ा मिला। क्षेत्रीय लोगों ने उसे पास के हॉस्पीटल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि कंपाउंडर को दो युवकों ने पीट-पीटकर नाले में फेंक दिया था। उसने मौके पर पहुंचकर उसे बचाया था।

सोहल्ला निवासी 40 वर्षीय करन पुत्र चंद्रभान कंपाउंडर है। प्रत्यक्षदर्शी पवन ने बताया कि रविवार को उसे दो लड़कों ने बुरी तरह से पीटा था। किसी ने उसे सूचना उसे सूचना कि करन को कुछ लड़के पीट रहे हैं। मेरे साथ दो अन्य युवक थे। हम तीनों घटनास्थल नरीपुरा स्थित नाले की ओर भागे। देखा तो दो लड़के करन की गर्दन पर पैर रखे हुए थे।

# आगरा में सिद्दीकी समाज का सम्मेलन व प्रतिभा समारोह का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** सिद्दीकी समाज का सम्मेलन व प्रतिभा समारोह का सेन्ट जी.एस. पब्लिक इण्टर कॉलेज, ख्वासपुरा खेरिया मोड़ आगरा में आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जनाब जमाल सिद्दीकी साहब (राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा व जनाब शाहिद सिददीकी राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्दीकी जमात) ऑफ़ इंडिया रहे। इनके अलावा विशिष्ट आगरा (भारतीय जनता पार्टी) शोएब सिद्दीकी (प्रदेश अध्यक्ष नईम सिददीकी अशफाक सैफी पूर्व उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष ),बंटी ग्रोवर, ब्रज क्षेत्र महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा, इरफान कुरैशी ,(करहल साहब (फिरोजाबाद) हाजी उमर साहब (मैनपुरी) बाबू खां साहब (मुरादाबाद) साहिद सिददीकी (रायबरेली) मौहम्मद इश्तियाक (दिल्ली) जनाब अदनान सिददीकी (एटा) जनाब सुबराती खान (दिल्ली) हाजी जैनुददीन सिददीकी साहब (एडवोकेट) सादाबाद, मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समारोह में सिद्दीकी समाज के बच्चो का प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथियों द्वारा लगभग 50 बच्चों का सम्मान किया गया। बच्चों को पढ़ाई की ओर प्रेरित किया गया जिससे समाज को पढ़ा-लिखा बनाने पर जोर दिया गया। सम्मेलन में सभी अतिथियों ने शिक्षा के प्रति समाज की एकता को बनाये रखने पर जोर दिया व जनाब जमाल सिद्दीकी जी का समाज की समस्याओं पर ध्यान इंगित किया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ( मुस्लिम समाज) के लोग हर क्षेत्र में होने चाहिए चाहे वह शिक्षा हो चाहे कोई अन्य में मुस्लिम समाज के लिए उनका संदेश है कि सभी पड़े आगे बढ़े देश की तरक्की में अपना योगदान दें। सरकार की लाई हुई योजनाओं का लाभ उठाएं समस्याओं का पूर्ण रूप से निपटारा कराने का आश्वासन भी दिया। समारोह में सिद्दीकी समाज के हाजीयों का सम्मान सिद्दीकी जमात वेलफेयर सोसायटी द्वारा किया गया व सभी बच्चों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

सम्मलेन में चुनाव कराया गया जिसमें कय्यूम सिद्दीकी को पुनः



(मंडल अध्यक्ष) सिद्दीकी जमात का चुना गया व हाजी नौशे खां को (जिला अध्यक्ष) आगरा का चुना गया व (शहर अध्यक्ष) अकबर भाई उर्फ़ कल्लू भाई को चुना गया व मंडल की कमेटी का गठन भी किया गया। जिसमें मौ. जमील सिद्दीकी (मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष) रज्जाक भाई को (मंडल उपाध्यक्ष) हुसैन मौम्मद (मंडल उपाध्यक्ष) शहंशाह भाई (मंडल उपाध्यक्ष) जमील खां सिद्दीकी (मंडल उपाध्यक्ष) जैनिफ सिददीकी (मंडल उपाध्यक्ष) सरफुददीन (मंडल महासचिव) शकील सिददीकी (कोषाध्यक्ष) सलीम सिददीकी (सचिव) शहनाज सिददीकी (प्रदेश अध्यक्ष) महिला बिंग, मोहम्मद आरिफ सिददीकी (मीडिया प्रभारी ) चुना गया। समाज की तरक्की के लिए जोर दिया गया समारोह का आयोजन कर रही समिति के सदस्यों को भी अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। वही मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी ने अपने नए पद की जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार होने की बात कही और सिद्दीकी समाज की तरक्की में अपना योगदान देने का वादा किया।

# नहाय-खाय के साथ आज से सूर्यषष्ठी व आस्था का महापर्व छठ शुरू

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्थी अर्थात 5 नवंबर मंगलवार को 'नहाये-खाये के साथ सूर्योपासना का महापर्व सूर्य षष्ठी व्रत (छठ) प्रारंभ हो जाएगा। 6 नवंबर को खरना, 7 को सायं कालीन सूर्य को अर्घ्य तथा 8 को प्रातः कालीन अर्घ्य देने के साथ ही छठ व्रत-पर्व संपन्न होगा। लोक आस्था व भगवान सूर्य की आराधना का महापर्व छठ को लेकर प्रातः उठकर व्रती महिलाओं ने गंगा स्नान करने के बाद विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना कर कद्दू व सरसो के साग के साथ सात्विक भोजन ग्रहण किया। छठ पूजा की पूर्णाहुति शुक्रवार को उगते हुए भगवान भास्कर को अर्ध्य देने के बाद संपन्न होगी। गौरतलब है कि यूपी और बिहार में मनाए जाने वाला छठ महापर्व अब पूरे देश में आस्था व विश्वास के साथ मनाया जा रहा है। आज मंगलवार से नहाये खाये के साथ शुरू हुआ भगवान तपन का यह महापर्व उगते हुए भगवान मार्तड को अर्ध्य देने तक कुल चार चरणो में संपन्न होती है। जानकारों के अनुसार पहले दिन की पूजा के बाद से नमक का त्याग कर दिया जाता है। छठ पर्व के दुसरे दिन को खरना के रुप में मनाया जाता है। इस दिन भूखे-प्यासे रहकर खीर का प्रसाद तैयार करती है। महत्वपूर्ण बात है कि यह खीर गन्ने के रस की बनी होती है इसमें चीनी व नमक का प्रयोग नही किया जाता है। सायंकाल इस प्रसाद को ग्रहण करने के बाद महिलाएं निर्जल व्रत की शुरुआत करती है। पहले दिन शाम डूबते हुए भगवान लोक प्रकाशक को अर्ध्य देगी। चौथे व आखिरी दिन शुक्रवार को उगते हुए भगवान गृहश्वेर की पूजा करेगी। उसके बाद व्रती महिलाए कच्चा दूध व प्रसाद ग्रहण करके व्रत व पूजा की पूर्णाहुति करेगी। बता दें कि छठ महापर्व पर गीत षष्ठी देवी के गाए जाते हैं, लेकिन आराधना भगवान सूर्य की होती है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार, सूर्य और षष्ठी देवी भाई-बहन हैं। मान्यता है कि सुबह और शाम सूर्य की अरुणिमा में षष्ठी देवी निवास करती हैं। इसलिए भगवान सूर्य के साथ षष्ठी देवी की पूजा होती है।



### डूबते व उगते हुए सूर्य को अर्घ्य

छठ पूजा का तीसरा दिन संध्या अर्घ्य का होता है। इस दिन छठ पर्व की मुख्य पूजा की जाती है। इस दिन व्रती घाट पर आते हैं और डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। इस साल छठ पूजा का संध्या अर्घ्य 7 नवंबर को दिया जाएगा। चौथा दिन यानी सप्तमी तिथि छठ महापर्व का अंतिम दिन होता है। इस दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है और व्रत का पारण का होता है।

### प्रसाद में अनिवार्य है ठेकुआ

सूर्य षष्ठी पूजा में ऋतुफल के अतिरिक्त आटा, गुड़ और घी से निर्मित ठेकुआ प्रसाद होना अनिवार्य है। इस पर सांचे से भगवान प्रकाश रुप के रथ का चक्र अंकित किया जाता है। पूजा सामग्री में पांच तरह के फल, मिठाइयां, गन्ना, केले, नारियल, अनन्नास, नींबू, शकरकंद, अदरक नया अनाज शामिल होता है।

### छठ पूजा का कैलेंडर

**छठ पूजा का पहला दिन**
नहाय-खाय 5 नवंबर, दिन मंगलवार
**छठ पूजा का दूसरा दिन**
खरना (लोहंडा) 6 नवंबर, दिन बुधवार
**छठ पूजा का तीसरा दिन**
छठ पूजा, संध्या अर्घ्य 7 नवंबर, दिन गुरुवार
**छठ पूजा का चौथा दिन**
उगते सूर्य को अर्घ्य, पारण 8 नवंबर, दिन शुक्रवार

### डाले में सजती है पूजा सामग्री

व्रती महिलाएं पूजा सामग्री सजाती है जिसे पुरुष शाम को नए बांस के डाले में रखकर जलस्रोत किनारे ले जाते है।

महिलाएं पानी में खड़ी होकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देंगी। अगले दिन सुबह पूजा सामग्री के साथ अंकुरित चने दही लेकर फिर झील पर पहुंच पानी में खड़े हो उदय होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

## 50 बच्चों से कम नामांकन वाले स्कूलों को बंद करने का सरकार का निर्णय औचित्यहीन

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पचास से कम नामांकन वाले स्कूलों को बंद करने निर्णय लिया जिस उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने औचित्यहीन बताते हुए प्रदेश स्तरीय विरोध करने का निर्णय लिया। जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि गरीब बच्चों को शिक्षित करने के लिए पिछली सरकारों ने हर एक किलोमीटर पर प्राथमिक विद्यालय और हर तीन किलोमीटर पर जूनियर हाईस्कूल संचालित किए थे। इन स्कूलों की समस्या समाधान करने के बजाय सरकार उन्हें बंद करने पर आमादा है जिससे शासन खुद ही अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम की धज्जियां उड़ाती नजर आ रही है। गौरतलब है कि जब गांव में ही स्थित स्कूल में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए पूरे वर्ष जोरदार कोशिश की जा रही है फिर दूरस्थ स्कूलों में बच्चे पढ़ने जायेंगे,इसकी कोई गारंटी नहीं है। फिलहाल खबर मिली है कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश व्यापी विरोध के चलते सरकार बैकफुट पर है।

## पंचनद मेला की तैयारी को लेकर प्रशासन एलर्ट, डीएम ने स्थलीय निरीक्षण किया

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध व जालौन के विशाल पंचनद मेला की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी जालौन व पुलिस अधीक्षक ने स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को समुचित प्रबन्ध करने हेतु निर्देशित किया है। जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडे ने जनपद जालौन के प्रसिद्ध पंचनद मेला को सुरक्षित व भव्यता के साथ संपन्न होने हेतु जगम्मनपुर पंचनद संगम स्थल पर पहुंच कर स्नान घाट एवं मेला ग्राउंड व श्री बाबा साहब मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पंचनद पर आने वाले श्रद्धालियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारी समय रहते उचित प्रबंध करलें। जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडे ,पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने उप जिलाधिकारी सुरेश चंद्र पाल, क्षेत्राधिकारी रामसिंह, खंड विकास अधिकारी रामपुरा, थाना प्रभारी रामपुरा संजीव कटियार सहित अनेक अधिकारियों के साथ पंचनद संगम स्थल कंजौसा श्री बाबा साहब मंदिर का निरीक्षण किया । जिलाधिकारी श्री पांडे ने उप जिलाधिकारी माधौगढ़ को निर्देशित किया कि दिनांक 14 नवंबर से प्रारंभ होने वाले 10 दिवसीय मेला के लिए पंचनद संगम तट पर तक पहुंचने के रास्ते एवं स्नान हेतु सुरक्षित घाट बनाने की व घाटों व मेला मे प्रकाश की उचित व्यवस्था की जाए , मेला क्षेत्र में दुकानों के लगाने वाले मैदान को भी व्यवस्थित किया जाए। परिवहन व्यवस्था एवं मेला में आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए भी उचित प्रबंध करने की निर्देश दिए गए । पंचनद स्थित सिद्ध संत श्री बाबा साहब मंदिर पर आने वाले दर्शनार्थियों को कोई परेशानी ना हो इसका भी ध्यान रखा जाए। इसके लिए स्वास्थ्य शिविर, दमकल की गाड़ियों सहित पुलिस ड्यूटी प्वांट एवं ऐसे स्थान चिन्हित किए जाएं जहां से पूरे मेले पर निगहबानी की जा सके , मेले में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने की भी निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान भिटौरा मनोज कुमार सिंह सेंगर, मंदिर के महंत सुमेरवन एवं मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।



## अलीगढ़ के रूबी बार में देर रात हंगामा-मारपीट, स्टाफ-मैनेजर पर मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के रूबी बार में 2 नवंबर की रात रुपयों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में ग्राहकों को डंडों से पीटा गया, जिसके वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। पुलिस ने बार के मैनेजर समेत सात कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज किया है। पांच कर्मचारियों को हिरासत में लिया है। थाना गांधीपार्क क्षेत्र में जीटी रोड स्थित पुराना रोडवेज बस स्टैंड के सामने रूबी बियर बार में 2 नवंबर रात रुपयों के लेनदेन को लेकर ग्राहक और बार के कर्मचारियों में जमकर मारपीट हुई।

इस दौरान बार के शीशे भी टूट गए। इस घटना में थाना देहलीगेट क्षेत्र के गूलर रोड गली नंबर एक निवासी नीरज कुमार, प्रशांत कुमार, हेमू व नितिन कुमार के अलावा कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला मानिक चौक निवासी राजू घायल हो गए। मारपीट में इनके सिर फट गए और कई जगह चोटें आईं। पीडितों ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिजनों को दी तो कुछ ही देर में तमाम महिला व पुरुष रूबी बार में आ पहुंचे। सूचना पर पुलिस बार में पहुंच गई और हंगामा शांत कराया। 3 नवंबर को इस घटना के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। वीडियो में बार के कर्मचारी ग्राहकों को डंडों से पीटते हुए नजर आ रहे हैं।

सीओ बन्नादेवी संजीव तोमर ने बताया कि इस मामले में इंद्रेश कुमार वार्ष्णेय निवासी गूलर रोड, देहलीगेट ने रूबी बार के मैनेजर, वेटर व पांच-छह अज्ञात के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया है। उधर, इस घटना के संबंध में रूबी बार के स्वामी दया दीक्षित से बात की गई तो उन्होंने इस संबंध में कुछ भी कहने से इनकार किया है। इस प्रकरण को लेकर 3 नवंबर को दिन भर शहर में खासी चर्चा बनी रही।

## लखनऊ के नवनियुक्त सीएमओ से मिले चिकित्सा स्वास्थ महासंघ के पदाधिकारी



**लखनऊ।** दिनांक 04/11/24 को चिकित्सा स्वास्थ महासंघ उ प्र के पदाधिकारियो ने लखनऊ के नये सी एम ओ डॉ एन बी सिंह से मुलाक़ात की और नये पद ग्रहण पर पुष्पगुछ देकर स्वागत किया। पदाधिकारियो में मुख्य रुप से लखनऊ जिला अध्यक्ष कपिल वर्मा, यूपी लैब टेक्नीशियन के महामंत्री कमल श्रीवास्तव, यूपी लैब टेक्नीशियन के लखनऊ जिला अध्यक्ष महेश कुमार, चिकित्सा स्वास्थ महासंघ के उपाध्यक्ष रजत यादव, प्रदेश प्रवक्ता सुनील कुमार, सदस्य सत्यप्रकाश, राजेश कुमार चौधरी, राजेश वरुण सहित कई सदस्य उपस्थित थे। पदाधिकारियो ने डॉ सिंह से जिले स्तर पर कर्मचारियों की तमाम समस्यों पर चर्चा की जिस पर डॉ सिंह ने हर सम्भव मदद का आसवासन दिया। डॉ सिंह ने कर्मचारियों से मिल कर जिले व प्रदेश में फैले संक्रामक रोगों पर रोक लगाने तथा और इन रोगों को और न फैलने देने पर काम करने और सहयोग की इच्छा जाहिर की, जिस पर संघ के पदाधिकारियो ने एकमत होकर सहयोग का आसवासन दिया। डॉ सिंह और पदाधिकारियो के बीच कर्मचारियों के बेहतर कार्यक्षमता को और अधिक बढ़ाने पर चर्चा हुई तथा माह में एक बैठक कर्मचारी और अधिकारियों की करने पर सहमति दी।

### महिला ने फंदे से लटक कर दी जान

**उन्नाव अवधनामा संवाददाता।** गंगाघाट कोतवाली के मोहल्ला में रहने वाली महिला ने पति से झगड़े के बाद फंदे से लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गंगाघाट कोतवाली के मोहल्ला छह खंभा निवासी अंजली (25) पत्नी सचिन रावत का किसी बात को लेकर पति से झगड़ा हुआ। जिसके बाद उसने कमरे में जाकर फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। कुछ देर बाद कमरे में पहुंचे पति ने फंदे से लटके उसके शव को देखा तो उसके होश उड़ गए। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दोनों का चार साल पहले प्रेम विवाह हुआ था। पुलिस का कहना है कि परिजनों की ओर से अभी तक किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया गया है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### एक पहल आस्था के नाम..

**उरई (जालौन)।** प्रतिवर्ष श्री लक्ष्मी गणेश जी की नई मूर्ति बाजार से लाने के बाद विधि विधान से शुभ मूहर्त में पूजा पाठ करते हैं और फिर उनको अपने घर या प्रतिष्ठान पर स्थापित करते हैं। लेकिन विगत कुछ वर्षों से देखा गया है कि कुछ लोग पुरानी श्री लक्ष्मी गणेश जी की मूर्ति को मंदिरों पेड़ के नीचे या अन्य स्थानों में रख देते हैं। यह लोगों की विचित्र आस्था है कि एक वर्ष तक पूजा करने के बाद मूर्ति को मंदिरों के पास स्थित पेड़ की नीचे छोड़ कर चले आते हैं। यह दुर्भाग्य है जैसे हम पूरे साल उनकी पूजा विधि विधान से करते है तो क्या हम उनकी मूर्ति को विधि विधान से विसर्जित नहीं कर सकते हैं। यदि आने जाने में दिक्कत हे तो कम से कम अपने घर की छत पर एक बाल्टी पानी में उनको विसर्जित कर सकते हैं और जब वो पूरी तरह से घुल जाए तो वो पानी को आप अपने घर के प्रत्येक कोने पर छिड़काव कर देंगे तो उस छिड़काव से ही आपके घर की सारी नकारात्मक ऊर्जा घर या दुकान से निकल जाएगी यह भी एक अच्छा उपाय है।

## मुख्तार गैंग के सदस्य रेयाज ने मांगी 10 लाख की रंगदारी, मुकदमा दर्ज

**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** हाफिज अब्दुल गनी थाना कासिमाबाद के चौकी बहादुरगंज में एक मदरसे के प्रबंधक है। थाना कासिमाबाद पर सूचना दी गई कि बहादुरगंज के नगर पंचायत अध्यक्ष रियाज अहमद अंसारी द्वारा उनके तथा उनकी पत्नी निकहत अंसारी पर पूर्व में पंजीकृत अभियोग के संबंध में तथा उनकी पत्नी द्वारा मदरसे में अध्यापिका के रूप में फर्जी नियुक्ति द्वारा अवैध रूप से आहरित धनराशि की रिकवरी के संबंध में उन्हें धमकी दी जा रही है। 10 लाख रुपए रंगदारी मांगी जा रही है । उल्लेखनीय है कि रियाज अहमद अंसारी (ढ्ढस्-191) मुख्तार अहमद अंसारी के गैंग का सक्रिय सहयोगी है। हाल में ही जेल से बाहर आया है इसके व इसकी पत्नी द्वारा पूर्व में फर्जी अंक पत्र द्वारा मदरसे में नियुक्ति के संबंध में वर्ष 2023 में एक अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसे लेकर इसके द्वारा मुकदमे में अंजाम भुगतने में रंगदारी की धमकी मदरसे के प्रबंधक हाफिज अब्दुल गनी को दी जा रही है। तत्काल शिकायत पर तहरीर प्राप्त कर थाना कासिमाबाद में मु0अ0सं0 0275/2024 धारा 308(5), 352, 351(3),296 भारतीय न्याय संहिता पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। शीघ्र ही अभियुक्तगण की गिरफ्तारी कर साक्ष्य के क्रम में विवेचना का निस्तारण किया जायेगा।

# सम्मान समारोह का आयोजन किया गया







अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** आकाश कविघोष काव्य मंच, बिजनौर लखनऊ के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ के निराला सभागार में लेखिका एवं वरिष्ठ कवयित्री डॉ कुसुम चौधरी की सात काव्य कृतियों महक मुक्तक संग्रह, नये एहसास व मेरे खत गज़ल संग्रह, तितली रानी व कुसुम वाटिका बाल कविता संग्रह, कुमुदिनी बाल गीत संग्रह एवं ईद बाल कहानी संग्रह के विमोचन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, माँ सुरसती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर वरिष्ठ कवि घनानंद पाण्डेय मेघ व डॉ कुसुम चौधरी की सुमधुर वाणी वन्दना व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ शिव मंगल सिंह मंगल के कुशल संचालन से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अशोक शर्मा ने की। मुख्य अतिथि आचार्य ओम नीरव, विशिष्ट अतिथि के रूप में रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर, प्रताप नारायण मिश्र, डॉ अशोक गुलशन, डॉ दिनेश चन्द्र अवस्थी व एडवोकेट जय नारायण पाण्डेय रहे। मंचासीन अतिथियों के समान के साथ साथ वरिष्ठ साहित्यकारों में डॉ अमिता दूबे, डॉ अनीता सहगल, सतीश चंद्र शर्मा, शिव कुमार चन्दन, शेषपाल शेष, धनन्जय सिंह, कैलाश बिहारी, घनानंद पाण्डेय मेघ, शिवमंगल सिंह मंगल, पण्डित बेअदब लखनवी, आकाश श्रीवास्तव, श्रीमती नीतू आनन्द श्रीवास्तव, श्रीमती शशि बिट्टन व शिवाकांत आदि को अंगवस्त्र, पुष्पमाला व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कन्हैया लाल, गोबर गणेश, प्रेम शंकर शास्त्री बेताब, सुनील कुमार बाजपेयी, डॉ ममता सिंह परिहार, कुंवर आनन्द श्रीवास्तव, नकुल शर्मा उग्र, रत्नेश राज, अनुराग बाराबंकी, राजीव वत्सल, माता प्रसाद अवस्थी, महेश अष्ठाना प्रकाश, डॉ राम राज भारती, आलोक सिंह, खालिद हुसैन, प्रसून श्रीवास्तव, पंकज सिंह दिनकर, आशा राम अवस्थी धीर, डॉ अश्विनी शुक्ल, सुरेश चन्द शुक्ल शरद आलोक, पुरुषोत्तम सिंह, रमा शंकर सिंह, इशरत सुल्ताना, आनन्द आकुल, रवि शंकर भट्ट, मीनाक्षी सिंह, महराज दीन मिश्र, आर्य दीन बन्धु सरल, आलम रिज़्वी, फरहीन फातिमा, उपमा आर्य आदि समारोह में उपस्थित रहे।

### सेंटर के चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप, जच्चा-बच्चा की मौत



**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित शिव सर्जिकल सेंटर में प्रसव के दौरान एक महिला और नवजात की मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान सकरा गांव की निवासी राम प्यारी के रूप में हुई है। परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए डॉक्टरों को मौत का जिम्मेदार ठहराया है। गर्भवती राम प्यारी को प्रसव के लिए शिव सर्जिकल सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने सर्जरी की सलाह दी। आरोप है कि सर्जरी के दौरान ही महिला और नवजात की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया, जिसके बाद अस्पताल संचालक और स्टाफ वहां से फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। सीओ सुधाकर पांडेय ने बताया कि हालत बिगड़ने पर महिला को वाराणसी रेफर किया गया था, लेकिन वहां उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने अस्पताल में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार बाइक ने वृद्धा को मारी टक्कर, मौत

**उन्नाव अवधनामा संवाददाता।** मौरावां थाना क्षेत्र के मोहनलालगंज मार्ग पर सड़क पार कर रही वृद्धा को बाइक ने टक्कर मार दी। गंभीर घायल वृद्धा को सीएचसी से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मृतका के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। मौरावां थाना क्षेत्र के बछौरा गांव निवासी रघुराई (80) पत्नी अंगनू रावत रविवार शाम सात बजे घर के सामने मौरावां-मोहनलालगंज मार्ग पर सड़क पार कर रही थी। मौरावां की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने वृद्ध को टक्कर मार दी। सिर के बल गिरने से गंभीर चोट आई। परिजन वृद्धा को पहले सीएचसी फिर लखनऊ ट्रामा सेंटर ले गए। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वृद्धा की मौत से परिजन बेहाल हैं। एसओ चंद्रकांत सिंह ने बताया कि बाइक कब्जे में है। बेटे रामखिलावन की तहरीर पर बाइक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### कोटेदार पर धांधली का आरोप एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत रामपुर गड़थौली में प्रधान ओमप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में ग्रामीण तहसील मुख्यालय पहुंच कर उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक कुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपा और जांच कराकर कोटेदार पर कारवाई कराने की मांग किया। प्रधान ने आरोप लगाया की गांव का कोटेदार हर माह ग्रामीणों का अंगूठा लगा लेता है। अंगूठा लगाने के बाद उस समय राशन का वितरण नही करता है। और जब ग्रामीण राशन की मांग करते है तो वह मारपीट,गाली गलौज पर आमादा तो जाता है। राशन वितरण में धाधली की जाती है। बाट भी मांग के विपरीत है। ज्ञापन देने वालों में उमेश, राजकुमार, महेंद्र, संत, रमेश, प्रेमचंद, बर्फी देवी, लालजी, रामकोमल, राकेश, गेना देवी, योगेंद्र, बतासा देवी, राजकुमार, चंदू,राम प्रकाश, राधेश्याम सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

### जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संपूर्ण समाधान दिवस पर आए फरियादियों की समस्याएं सुनी

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह की अध्यक्षता में तहसील अमृतपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 82 शिकायतें प्राप्त हुई,जिनमे से राजस्व विभाग की 21, पुलिस की 15, विकास विभाग की 17 विद्युत विभाग की 5 चकबंदी 14 व अन्य विभागों की 10 शिकायतों प्राप्त हुई जिनमे से 5 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियो को दिये गए। इस अवसर एसपी आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डॉक्टर अविनेंद्र कुमार, उपजिलाधिकारी अमृतपुर व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव, पिता ने दर्ज कराया दहेज हत्या का मुकदमा

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला केवटा तालाब निवासी महिला का शव रविवार रात संदिग्ध हालत में फंदे पर लटका मिला। परिजनों और पड़ोसियों का कहना है कि महिला मानसिक तनाव से गुजर रही थी, जिसके चलते उसने फांसी लगाई है। वही मायके वालों में पति समेत सास ससुर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिन ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सदर कोतवाली के मोहल्ला केवटा तालाब निवासी प्रियंका (29) पत्नी सुरेश का शव बीती रात घर में फंदे से लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों ने बताया कि प्रियंका के भाई दिल्ली में रहते हैं और प्रियंका चाहती थी कि उनका भाई उन्हें दिल्ली ले जाए। लेकिन परिस्थितियों के चलते वह ऐसा नहीं कर पाए। वहीं सूचना पर पहुंचे मृतका के पिता रज्जू पुत्र राम स्वरूप निवासी नारायणपुर ने बताया कि बेटी प्रियंका की शादी दो फरवरी 2019 को सदर कोतवाली के मोहल्ला केवटा तालाब निवासी सुरेश पुत्र रमेश के साथ यथा सामर्थ्य दान दहेज देकर की थी। शादी के बाद से पति सुरेश, ससुर रमेश व सास मीरा दहेज में एक लाख की नगदी व बाइक की मांग लेकर बेटी प्रियंका को प्रताड़ित करने लगे। इसी के चलते तीनों ने उसकी हत्या कर दी। तीन नवंबर को बेटी की मौत की खबर उन्हें मिली।

कोतवाली पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर तीनों के खिलाफ दहेज हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है। मृतका अपने पीछे तीन बच्चों नाव्या, नैना और अंश को रोता बिलखता छोड़ गई। वह पांच भाई बहनों में दूसरे नंबर की थी।



### चार मामलों का निस्तारण

**गोरखपुर।** सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील कुमार गोंड की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान 44 मामले आए जिसमे 4 मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। राजस्व 23,पुलिस 9,विकास 5,अन्य 7 मामले आए थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित की गई है। पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम अब्दुल अजीम बदरुद्दीन था। जिसको बदलकर अब्दुल अजीम रख लिया है। अब मुझे अब्दुल अजीम के नाम से जाना पहचाना वह पुकारा जाए।

**अब्दुल अजीम पुत्र बदरुद्दीन ग्राम - पोस्ट - तोवा थाना निजामाबाद जिला - आजमगढ़ 276305**

### मालिक पर जानलेवा हमला केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के हरैया में मोहम्मद शाहिद का गोदाम है। जिसे प्रशासन द्वारा सीज किया जा चुका है। उस गोदाम में लगातार लूट और चोरी की घटना हो रही थी। लोग गोदाम से गाड़ी पर माल लादकर ले जा रहे थे। जिसका वीडियो भी पुलिस को दिखाया था। लेकिन पुलिस ने कोई कारवाई नहीं की थी। 31 अक्तूबर को रात्रि पौने नौ बजे गोदाम में लूट और चोरी की जानकारी मिलने पर अपने कर्मचारी के साथ गोदाम पर पहुंचा था। जिसमे तीन लोगो को पकड़ कर सौप दिया था। लेकिन तीनो आरोपियों को मौके से भगा दिया था। पीड़ित घर वापस आ रहे थे उसी दौरान दो दर्जन से अधिक की संख्या में लोग लाठी, डंडा, तलवार और धारीदार हथियार लेकर हमला कर दिए जिसमे कर्मचारी का हाथ टूट गया। लड़के फरमान के पेट में चाकू मारकर घायल कर दिए। और दूसरा बेटा रेहान भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस से न्याय न मिलने पर पीड़ित ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाया आदेश पर पुलिस ने अजय, प्रियांशु, अजीज और दो दर्जन से अधिक लोगो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# भागवत कथा का भव्य शुभारंभ, कलश यात्रा आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** अंजरौली गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में यह यात्रा गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के साथ निकाली गई। महिलाएं कलश और पुरुष भगवा ध्वज लेकर चल रहे थे, और सभी श्रद्धालु प्राचीन सिद्धनाथन मंदिर पहुंचे, जहां जल भरने के बाद शोभायात्रा मिल्कीपुर बाजार की ओर बढ़ी।कथा का आयोजन भूपेंद्र सिंह उदल के आवास पर किया गया है, जिसमें कथा वाचक पं. अजय शुक्ला जी द्वारा कथा का संचालन होगा। भागवत कथा का यह कार्यक्रम 9 नवंबर तक चलेगा, और 10 नवंबर को पूर्णाहुति एवं विशाल ब्राह्मण भोज का आयोजन होगा। 11 नवंबर को महाप्रसाद भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।कलश यात्रा में प्रमुख रूप से सुरेश सिंह, राम करन सिंह, वीरेंद्र सिंह, और अन्य क्षेत्रवासी शामिल हुए। इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था।

# अयोध्या के जिला अस्पताल में सुविधाओं का होगा विस्तार

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** रामनगरी में स्वास्थ्य सेवाओं में इजाफा करने की योगी सरकार की कवायद तेज गति से आगे बढ़ रही है। इस कड़ी में पहल जिला अस्पताल प्रशासन ने की है। यहां प्राइवेट वार्ड शुरू करने के साथ ही एनसीडी क्लीनिक और जिरियाट्रिक वार्ड बनाने की तैयारी चल रही है। इन सेवाओं के अस्पताल में शुरू होते ही जिला अस्पताल बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने वाला अस्पताल बन जायेगा। अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण के पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वप्रथम यहां के अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ाने व एक मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल खोलने का निर्देश दिया था, हालांकि अस्पताल के लिए जमीन तलाशे



जाने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। संभवतः जल्द ही इस कड़ी में प्रशासन को सफलता मिल सकती है। वहीं सुविधाएं बढ़ाने के लिए जिला अस्पताल प्रशासन ने मंथन करना शुरू कर दिया है। सबसे पहले अस्पताल में प्राइवेट वार्ड शुरू करने की तैयारी चल रही है। प्राइवेट वार्ड के लिए दो हजार जमा करानी होगी सिक्योरिटी मनी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा बताते हैं कि अस्पताल में न्यू बिल्डिंग के पीछे भवन में छह बेड वाला प्राइवेट वार्ड है। हर कमरे में शौचालय व स्नानघर अटैच है। इसके अलावा इसमें तीमारदार के रुकने व बैठने का इंतजाम रहेगा। प्राइवेट वार्ड लेने के लिए दो हजार रुपये सिक्योरिटी मनी के रूप में जमा करने होंगे। 34 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस होगी। प्रत्येक दिन के हिसाब से 100 रुपये रूम का रेंट होगा। आईवी ड्रिप का चार्ज रोजाना 34 रुपये देय होगा। बड़े ऑपरेशन के लिए भर्ती होने पर 1065 रुपये फीस पड़ेगी। जल्द ही स्टाफ की ड्यूटी आवंटित कर इसका संचालन शुरू कर दिया जाएगा। एनसीडी क्लीनिक में देखे जाएंगे गैर-संक्रामक रोगी जिला अस्पताल में गैर-संक्रामक रोगों के लिए एनसीडी क्लीनिक खोलने की तैयारी चल रही है। इस क्लीनिक के खुलने से संक्रामक रोगों के मरीजों के साथ गैर-संक्रामक रोगों के मरीज को मरीज को इलाज नहीं कराना पड़ेगा। दरअसल अभी होता यह है कि गैर-संक्रामक रोगी जैसे हृदय रोगी, मधुमेह व कैंसर जैसे पेशेंट भी संक्रामक रोगियों के साथ चिकित्सक के पास इलाज के लिए पहुंचते हैं।

# बहनों ने भाइयो की लबी आयु की कामना की

**मसौली बाराबंकी।** ग्रामीण क्षेत्र में भैया दूज का पर्व बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु और सुखी जीवन की कामना कर मनाया। भैया दूज के अवसर पर कस्बे की बाजारों एव चौराहो में रौनक रही। बाजारों में भी खील बताशे नारियल की जमकर खरीदारी हुई पंच दिवसीय दीपोत्सव का अंतिम पर्व भाई दूज धूमधाम से मनाया गया। बुधवार के दिन से शुरु हुआ पंचदिवसीय दीपोंउत्सव पर्व रविवार को भैयादूज के बाद सम्पन हुआ भैयादूज पर बहनों ने भाईयों की सुख समृद्धि और मंगलकामना के लिए व्रत रखा। कहीं बहनें अपने भाइयों के घर भाई दूज मनाने के लिए पहुंचीं, तो कहीं भाई अपनी बहनों के घर पहुंचे। इस दौरान सुबह से ही बाजार में भीड़ रही। बहनों ने अपने भाइयों के लिए मिठाई, गोला आदि की खरीदारी की।

# बाल वैज्ञानिकों ने विज्ञान प्रदर्शन से बनवाया अपनी प्रतिभा का लोहा

**अयोध्या।** राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय स्तर पर सोमवार को शहर के एस एसवी इंटर कॉलेज में किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के 210 से अधिक विज्ञान प्रदर्श प्रस्तुत कर बाल वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्थिर और क्रियाकारी मॉडल देखकर सभी दंग रह गए। भोजन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, यातायात एवं संचार, प्राकृतिक खेती, आपदा प्रबंधन, गणितीय मॉडलिंग एवं कंप्यूटेशनल सोच, कचरा प्रबंधन व संसाधन प्रबंधन विषय पर आधारित मॉडलों और विज्ञान प्रदर्श की अभूतपूर्व प्रदर्शनी का निरीक्षण विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने किया। उन्होंने बच्चों से विज्ञान प्रदर्श के सापेक्ष कई सवाल पूछे। जिनका विद्यार्थियों ने बड़ी ही बेबाकी से जवाब ही नहीं दिया वरन विज्ञान प्रदर्श के क्रियान्वयन को भी समझाया। बाल वैज्ञानिकों ने प्रदर्शनी के दौरान एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए। जल प्रबंधन की बारीकियों को दिखाया तो आपदा के दौरान सुरक्षा के बेहतरीन उपाय प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य डॉ. तिवारी ने बताया कि प्रदर्शनी के चयनित विज्ञान प्रदर्शन जनपद स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी को अभूतपूर्व बताते हुए कहा की विद्यालय स्तर पर 200 से अधिक प्रदर्श का होना बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि को सहज प्रदर्शित करता है। जीव विज्ञान कक्ष में सीनियर वर्ग कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्श प्रस्तुत किए। प्रस्तुत सभी प्रदर्श क्रियाकारी रहे। जो भौतिक और रासायनिक, जैविक क्रियाओं पर आधारित थे। विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए गए विभिन्न प्रदर्श का बखूबी वर्णन किया। जिसका मूल्यांकन अक्षतेश्वर प्रसाद दुबे, सुरेंद्र देव तिवारी, जग प्रसाद मौर्य और शशांक मिश्र ने किया। पंडित दीनदयाल सभागार में 9 और 10 के विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्श प्रस्तुत किया।

# गर्ल फ्रेंड को खुश करने को लेकर बैक लूट का प्रयास, पहुँच गए जेल





अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** नगर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की सुबह पंजाब नेशनल बैंक की मुख्य शाखा में लूट की कोशिश का पुलिस ने तीन घंटों के अंदर ही खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने लूट की ये नाकाम कोशिश कनाडा में रह रही अपनी गर्ल फ्रैंड को गिफ्ट देने के लिए की थी। आपको बता दें कि नगर कोतवाली के इंदिरा मार्केट स्थित पीएनबी की मुख्य शाखा में सोमवार सुबह जब बैंक खुला, तो बैंक के ताले टूटे पड़े थे और बैंक में काफी तोड़फोड़ मिली थी। बैंक कर्मियों ने इसके बाद पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की गहनता से जांच की और आरोपियों के पकड़ने के लिए 5 टीमों का गठन किया था। पुलिस ने जांच के दौरान आसपास के 10 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसके बाद वो आरोपी तक पहुंचने में कामयाब रहे और महज तीन घंटों के अंदर नगर कोतवाली क्षेत्र के आरोपी शाहिद खान को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि शाहिद की तीन गर्ल फ्रैंड हैं। उसने कनाडा में रह रही अपनी गर्ल फ्रैंड को महंगे गिफ्ट देने के लिए ये बैंक में लूट की साजिश रची थी। वो बैंक की कई दिनों से रेकी कर रहा था। बैंक में कई दिनों की छुट्टी के चलते उसने रविवार की रात वारदात को अंजाम देने का प्लान बनाया था। उसने बैंक में ग्राइंटर की मदद से ताला काटने की कोशिश की थी।

## बैंक में चोरी के प्रयास के बाद जनपद की पुलिस सक्रियता बढ़ी

**कोठी।** शहर के इंदिरा मार्केट स्थित पंजाब नेशनल बैंक में चोरी के प्रयास हुआ। इस पर सोमवार को कोठी व असंद्रा पुलिस टीम ने बैंकों में सघंन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान खाताधारकों आधारकार्ड व पासबुक आदि की जांच की। मैनेजर को संदिग्ध व्यक्तियों देखे जाने पर पुलिस को सूचना देने अपील की। शाम को यातायात माह के तहत चालकों को जागरूक किया गया। कोठी इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह टीम साथ सोमवार दोपहर थाने से चंद कदमों दूर जैदपुर मोड़ स्थित पंजाब नेशनल बैंक में पहुंच गए। खाताधारकों पासबुक, आधार व अन्य पहचान पत्र से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। उनसे पूछताछ की।

# जनपद अयोध्या के 459 प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर की तैयारी जनहित में शिक्षक संघ ने जताया कड़ा विरोध

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या ।** प्राथमिक शिक्षक संघ अयोध्या की एक बैठक गोकुल होटल में आहुत की गई जिसकी अध्यक्षता डॉ संजय सिंह ने किया और नेतृत्व प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री विश्वनाथ सिंह ने किया। जनपद अयोध्या में संचालित 459 विद्यालय जिसमें 50 से कम छात्र छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं शासन द्वारा उनको नजदीकी विद्यालय में संविलयन करने के लिए हरी झंडी दे दी गई है । सरकार के इस निर्णय पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की अयोध्या जिला कार्यकारिणी ने कड़ा विरोध जताया है प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री विश्वनाथ सिंह जी ने कहा कि आर टी ई एक्ट के अन्तर्गत यह प्रावधान है कि प्रत्येक 1 कि मी पर एक प्राथमिक और तीन किमी पर एक उच्च प्राथमिक विद्यालय होना अनिवार्य होगा। सरकार के ऐसे निर्णय से ऐसे गरीब और अपवंचित वर्ग के नौनिहालों के लिए शिक्षा प्राप्त करने में बहुत गम्भीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी । एक तरफ जहां सरकार बालिका सुरक्षा और शिक्षा की बात करती है वहीं दूसरी तरफ ऐसे फैसले से प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जिलाध्यक्ष डॉ संजय सिंह ने बताया कि जनपद अयोध्या में भी 459 विद्यालय इस दायरे में आ रहे हैं। यदि ऐसा होता है तो उसमें अध्ययनरत गरीब बच्चों के समक्ष शिक्षा का संकट उत्पन्न होगा । उन्होंने कहा कि यदि एक्ट में प्रत्येक 1 किमी पर विद्यालय स्थापित करने के प्रावधान है तो100 मी और 500 मी पर निजी विद्यालयों को क्यों मान्यता दे दी जाती है । कुछ विद्यालय तो बिना मान्यता के हीं धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं जिस पर कोई अंकुश नहीं है। ऐसी स्थिति में परिषदीय विद्यालयों की छात्र संख्या कम होना स्वाभाविक हीं है । जिला मंत्री प्रेम वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा इस प्रकार के निर्णय से निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा और व्यावहारिक रूप से आम जनमानस के विरुद्ध है क्यों कि इससे नए बेरोजगारों के लिए निकलने वाली शिक्षक भर्ती के लिए सृजित पदों में भरी कमी आएगी।

# खेत की रखवाली कर रहे युवा किसान की गला घोंटकर हत्या



अवधनामा संवाददाता

**मसौली बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भग्गापुरवा मे बीती रात्रि धान की रखवाली करने गये एक 35 वर्षीय युवक की बीती रात्रि गला घोंट कर हत्या कर दी गयी मृतक ग्राम बांसा का निवासी है मौके पर पहुंची सफदरगंज एव मसौली पुलिस ने हत्या के कारणों की गहन जाँच पड़ताल करते हुए सफदरगंज पुलिस ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना स्थल पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण ने घटना स्थल का जायजा लेते हुए परिजनों से बातचीत की। रविवार की देर शाम मसौली थना क्षेत्र के ग्राम बांसा निवासी 35 वर्षीय रंजीत कुमार चौहान पुत्र राम सजीवन खाना खाने के बाद करीब डेढ़ किमी0 की दूरी पर स्थित सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भग्गापुरवा स्थित खेत मे तैयार हुए धान की रखवाली करने गया था सोमवार की भोर रंजीत के बड़े भाई गुड्डू पत्नी के साथ धान की कटाई के लिए गये तो आम के पेड़ के नीचे पड़े रंजीत का शव देखकर चिल्लाने पर बांसा रामपुर मार्ग पर निकल रहे राहगीरों की भीड़ जुट गयी सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक सफदरगंज सुधीर कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक यशकान्त सिंह ने घटना का की जाँच करते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## खाना खाने के दौरान ही हुई घटना

परिजनों के मुताबिक मृतक घर से करीब 7 बजे खेत के लिए निकला था तथा रात्रि का खाना साथ मे ले गया था कि रात्रि का खाना खेत मे ही खाएंगे मृतक का शव जिस स्थान पर पड़ा था उससे करीब 50 मीटर की दूरी पर खड़ी ठेलिया पर खाना बिखरा हुआ पड़ा था। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मृतक की हत्या ठेलिया के ही निकट कर शव को पेड़ को पेड़ नीचे डाल दिया है। मृतक के गले मे चोट के निशान दर्शा रहा था कि मृतक का गला घोट कर हत्या की गयी है।

## बाप के साये से मरहूम हुए तीन अबोध बच्चे

7 वर्ष पूर्व मृतक रंजीत का विवाह देवा थाना क्षेत्र के ग्राम दफेपुरवा से हुआ था मृतक के तीन बच्चे 6 वर्षीय स्वाति 3 वर्षीय दिव्याशी एव 1 वर्ष के समर के सिर से बाप का साया उठ गया है वही पति की मृत्यु पर पत्नी रीता का रो रो कर बुरा हाल है।

## फ़ारसेंसिक टीम ने लिया जायजा

घटना की जानकारी पर फारसेंसिक टीम के साथ पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण ने घटना स्थल का जायजा लेते हुए परिजनों से पूछताछ की तथा जल्द से जल्द घटना के खुलासे का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे ही मौत के कारण का पता चलेगा।

# एपीजे अब्दुल कलाम के नाम बना मिनी स्टेडियम का राज्यमंत्री सतीश ने किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धौर बाराबंकी।** विकास खंड सिद्धौर की ग्राम पंचायत जियनपुर में निर्मित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मिनी स्टेडियम का सोमवार को विधिवत शुभारंभ हुआ ।प्रदेश के खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने पार्टी विधायक दिनेश रावत के साथ इस मिनी स्टेडियम का फीता काटकर शुभारंभ किया। मनरेगा योजना के तहत लाखों की लागत से निर्मित मिनी स्टेडियम का शुभारंभ करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है ।ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की खातिर सरकार ने उन्हें उनके ही गांव में खेलकूद का मंच प्रदान करने का काम किया है ।



जियनपुर का यह मिनी स्टेडियम इसी की एक कड़ी है ।खेलकूद में रुचि रखने वाले गांव के युवाओं के लिए यह मिनी स्टेडियम मील का पत्थर साबित होगा। हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने कहा कि यह स्टेडियम क्षेत्र के उन युवाओं के सपनों को साकार करेगा जो खेल के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी पूजा गुप्ता , पूजा सिंह ,सिद्धौर ब्लाक प्रमुख आरती रावत , नगर पंचायत हैदरगढ़ के चेयरमैन आलोक तिवारी, ग्राम पंचायत अधिकारी दीपक कुमार, सुशील जायसवाल, भगवंत लाल रावत, प्रधान प्रतिनिधि सफ़ीर हैदर, छम्मी बानो, हबीब हुसैन, गदीर हैदर, अनिल जयसवाल, महफ़ूज़ हैदर, और पंकज शुक्ल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत राज्यमंत्री सतीश शर्मा और विधायक दिनेश रावत ने बैडमिंटन खेला। ग्राम प्रधानों की दौड़ हुई जिसमें असन्द्रा के पप्पू प्रधान पहले, मिर्चिया के राजेंद्र यादव दूसरे और मंसारा के प्रधान गुरुप्रसाद रावत तीसरे स्थान पर रहे ।

# मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**ठूठीबारी (महराजगंज)।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा पिपरा बडा टोला निवासिनी माधुरी पत्नी रामसमुझ चौहान पुलिस को दिए गये तहरीर में बताया की 25 नवंबर की शाम समय करीब 7 बजे मैं घर में अकेली थी कि घर के बगलगीर संजय मध्देशिया,सन्नी चौहान, गोरखी देवी व शीला आरोप है की लाठी- डण्डे से बुरी तरह मारने पिटने के साथ ही गाली गुप्ता देते हुए जानमाल की धमकी देने लगे।

इस संबंध में ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी योगेन्द्र कुमार ने बताया की पीड़िता माधुरी के तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच लक्ष्मी प्रतिमा का विसर्जन सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सिसवा कस्बे में सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच स्थापित लक्ष्मी प्रतिमा का विसर्जन किया गया,इस दौरान माता के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजयमान रहा, इसके बाद बीजापार स्थित खेखडा घाट पर बिधि-विधान से बिसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान कस्बे में स्थापित प्रतिमाओं सहित देहात क्षेत्र की समितियों की मूर्तिया इस्टेट चौक पर एकत्र हुई और वहां से काली मंदिर, रामजानकी मंदिर रोड, अमर पुरवां मोहल्ला, गोपालनगर, मिरसिकारी मोहल्ला, रोडवेज बस स्टैंड, पुरानी पुलिस चौकी, स्टेशन रोड, फलमंडी, शायर स्थान चौराहा, बीजापार होते हुए खेखडा घाट पर विधि विधान से मूर्तियों का बिसर्जन किया गया। मूर्ति विसर्जन के दौरान भजन कीर्तन, जयकारे लगाते हुए भगवान के भक्त बिसर्जन स्थल तक ले गए। मूर्ति बिसर्जन के दौरान नौका टोला, अमर पुरवा मोहल्ला सहित अन्य समितियों द्वारा निकाली गई पालकी यात्रा, और झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान स्थानीय प्रशासन के सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। उपजिलाधिकारी शैलेंद्र गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह,सीओ अनुज कुमार , थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह , चौकी प्रभारी बृजभान यादव , दस थानों की पुलिस, महिला थाना,पी ए सी बल, एल आई यू,महिला पुलिस, ट्रैफिक पुलिस मौजूद रहे।

# मरीजों को दवा देकर पैसा लेते हुए एएनम का वीडियो वायरल

**चिउटहां(महराजगंज)।** पिछले कई दिनों से चर्चा में रहने वाला एएनएम सेंटर जहा नाबालिग के प्रसव के साथ शिशु बेचने व किचन में प्राइवेट दवाओं के जखीरा का मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि बीते दो दिनों से एक वीडियो सोसल साइट्स पर तेजी से वायरल हो रहा है जो 3.43 मिनट का है। इस वीडियो में साफ तौर से देखा जा सकता है कि एएनएम सेंटर कक्ष में दो मरीज बैठे हुए हैं और उन्हें दवा देकर एएनएम द्वारा पैसा लिया जा रहा है। जहां एक तरफ प्रदेश सरकार गरीबो को मुफ्त इलाज के लिए अनेको सुविधायें मुहैया करा रही है। वहीं संविदा पर तैनात किए गए विभागीय कर्मचारी गरीबों के साथ खिलवाड़ कर उनसे इलाज के नाम रकम वसूला जा रहा हैं। हालांकि अवधनामा अखबार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस संदर्भ में सीएमओ डॉ श्रीकांत शुक्ला ने बताया कि एएनएम द्वारा दवा के नाम पर पैसा लेने का मामला संज्ञान में आया है। इसके लिए एक उच्चस्तरीय जांच मुख्यालय स्तर के अधिकारियों द्वारा टीम गठित कर कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर सभी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करके वहां से हटाया जाएगा।

## आज बिजली आपूर्ति 11 से 4 बजे तक रहेगी बाधित

**सिसवा बाजार(महराजगंज).**विद्युत वितरण खंड निचलौल अंतर्गत सिसवा उपखण्ड के विद्युत उपकेंद्र से संचालित होने वाले सभी फीडर की विद्युत आपूर्ति मंगलवार को स्वीच्यार्ड के उच्चीकरण कार्य की वजह से सुबह ग्यारह से शाम चार बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता अनुज कुमार ने दी है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम एसपी ने सुनी फरियाद

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के साथ जनसुनवाई करते हुए लोगों की समस्याओं को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 41 मामले जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत हुए, जिनमे 02 मामलों का निस्तारण जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही कर दिया गया। शेष मामलों को जिलाधिकारी ने निर्धारित समय-सीमा में नियमानुसार निस्तारित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा समाधान दिवस में आने वाले मामलों का संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही सत्यापन कराया गया और तत्काल निस्तारित हो सकने वाले प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। समाधान दिवस में मंगलापुर ग्राम में शिक्षा मित्र द्वारा विद्यालय में अनियमित रहने और अपने शैक्षणिक दायित्वों को पूरा न करने



की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी द्वारा बीएसए को प्रकरण की जांच कर आरोपी शिक्षा मित्र के एक माह का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में पेश होने वाले प्रत्येक मामले को अधिकारी गंभीरता से लें और उनका निस्तारण नियमानुसार व समयान्तर्गत करें। उन्होंने सामान्य प्रकरणों को 48 घंटे के भीतर निस्तारित करने का निर्देश दिया। कहा कि भूमि विवाद सहित जटिल प्रकरणों में राजस्व, पुलिस एवं संबंधित विभाग की टीम गठित करते हुए कार्यवाही करें। समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों में 19 राजस्व, 03 विकास, 17 पुलिस और 02 समाज कल्याण से संबंधित रहे। समाधान दिवस में एसडीएम सदर रमेश कुमार, सीओ सदर आभा सिंह, तहसीलदार पंकज शाही, सीएमओ डॉ श्रीकांत शुक्ला, डीडीओ करुणाकर अदीब सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एडीएम व एएसपी की अध्यक्षता समाधान दिवस हुआ आयोजित, सुनी गई फरियादियों की समस्या



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। विगत शनिवार को त्यौहार के छुट्टी के चलते सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। एडीएम उमाशंकर व एएसपी सिद्दार्थ ने फरियादियों की समस्या सुनी। कुल 10 मामलों में से मौके पर राजस्व से जुड़े महज एक मामले का निस्तारण किया गया। एडीएम व एएसपी ने कहा कि समाधान दिवस में जो भी शिकायतें आए, उसको सभी जिम्मेदार गंभीरता पूर्वक समाधान करें। कुल पेश 10 मामलों में राजस्व के 3, पुलिस के 3, विकास के 2 व अन्य के 2 रहे है। जिसमें राजस्व के एक मामलों का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष मामलों का निस्तारण करने के लिए जिम्मेदारों को सौंप दिया गया। इस दौरान एसडीएम डॉ संजीव दीक्षित, नायब तहसीलदार महबूब आलम, बीडीओ अमित सिंह, आलोक उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार यादव, लेखपाल संघ अध्यक्ष रमेशचंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## छठ पूजा को लेकर ईओ ने कर्मचारियों संग छट घाट का किया निरीक्षण, दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारतभारी नगर पंचायत में छठ पूजा को लेकर सोमवार को अधिशाषी अधिकारी राजन गुप्ता ने भारतभारी सागर के घाट का निरीक्षण किया। नगर पंचायत के जिम्मेदारो को सभी जरूरी तैयारियां समय से पूरा करने के निर्देश दिया। भारतभारी स्थित तीर्थ सागर पर छठ पूजा की तैयारी है। जहां निरीक्षण के दौरान ईओ ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा सागर पर की जानी है। जहां नगर के अलावा क्षेत्र की महिलाएं पूजा अर्चना के लिए पहुंचती है। इसलिए यहां पर साफ सफाई, पेयजल आदि की बेहतर व्यवस्था रहे। नाव व गोताखोरों को भी पूजा के दिन तैनात रहे। वही अधिक गहरे पानी के पहले ही बैरिकेडिंग लगाकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने आदि पर भी चर्चा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि रविन्द्र शर्मा, उदयभान अग्रहरि, सुधांशु अग्रहरि, पंकज यादव, राजकुमार, रमेश आदि लोग मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने रैंक/स्टार लगाकर की उज्वल भविष्य की कामना



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा उप निरीक्षक के पद से निरीक्षक के पद पर प्रोन्नत हुए थाना प्रभारी चिल्हियां उपनिरीक्षक दुर्गा प्रसाद को रैंक/स्टार लगाया गया एवं इनके उज्वल भविष्य की कामना की गयीं। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह ने उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय से उप-निरीक्षक पद से निरीक्षक पद पर प्रोन्नत हुए थाना प्रभारी चिल्हियां उपनिरीक्षक दुर्गा प्रसाद को रैंक/स्टार लगाया गया एवं क्षेत्र में पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा, तेज-तर्रार, ईमानदार थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद हेतु सच्चे लगन से कार्य करने को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह ने प्रेरित भी किया। इस दौरान थाना प्रभारी चिल्हियां उप निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के निरीक्षक पद पर प्रोन्नत होने से थाना चिल्हियां के समस्त उप निरीक्षक, पुलिसकर्मी सहित उग्रसेन सिंह, सरताज आलम, डब्ल्यू सिंह, सोनू सिंह, अंकित तिवारी, शैलू सिंह, कमलेश मिश्रा, अखिलेश सिंह, शनि खान, फिरोज अहमद, प्रधान पिन्टू पटेल, प्रधान अजीज अहमद, प्रधान जफर आलम चिल्हियां क्षेत्रवासियों ने बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## पूरी रात चला कृत्रिम पोखरे में माता लक्ष्मी के प्रतिमा विसर्जन



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राप्ती नदी तट पर बने कृत्रिम पोखरे में माता लक्ष्मी के प्रतिमा विसर्जन का क्रम रविवार की पूरी रात चलता रहा। श्रद्धालु माता लक्ष्मी का जयकारा करते नाचते गाते हुए राप्ती नदी तट पर पहुंचकर विसर्जन किया।शाम छह बजे से प्रतिमा विसर्जन का क्रम शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। सुरक्षा शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए एस डी एम प्रदीप कुमार यादव, सी ओ मयंक द्विवेदी, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मो इदरीश पटवारी,जय प्रकाश श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, धिरेंद्र श्रीवास्तव, हिमालिया, नितिका, आदित्य, मुकुल, सूजल, सौरभ, छोटू, विजय श्रीवास्तव, पुलिस बल के साथ मौका पर मौजूद रहे।

## कटेहरी उपचुनाव मे बड़ी सरगर्मी शिवपाल यादव का दौरा आज, सीएम का 11 को होगा सम्बोधन

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** कटेहरी विधानसभा उपचुनाव की सरगर्मी तेजी से बढ़ रही है। 11 नवंबर को सीएम योगी आदित्यनाथ कटेहरी बाजार पहुंच रहे हैं तो वहीं सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव चार नवंबर को यहां पहुंचेंगे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी अगले एक सप्ताह में यहां पहुंचने वाले हैं। विधानसभा उपचुनाव में मतदान की तिथि नजदीक आने के साथ ही चुनाव प्रचार ने गति पकड़ ली है। सपा व भाजपा की तरफ से कई विधायक, सांसद, पूर्व मंत्री व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कमान संभाल रखी है। अब इसे गति देने सपा महासचिव पूर्व मंत्री शिवपाल यादव चार नवंबर को कटेहरी पहुंच रहे हैं। वे जिले में तीन दिन कैंप करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का दौरा भी नौ से 11 नवंबर के बीच कभी भी हो सकता है। अगले एक दो दिन में उनका कार्यक्रम तय हो जाने की उम्मीद है। भाजपा की तरफ से प्रभारी मंत्रियों की मौजूदगी के अलावा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह पांच नवंबर को हेलीकॉप्टर से कटेहरी पहुंच रहे हैं। वे यहां रामदेव जनता इंटर कॉलेज में दोपहर बाद तीन बजे कार्यकर्ताओं की बड़ी बैठक को संबोधित करेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ 11 नवंबर को कटेहरी ब्लॉक के बगल स्थित मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। सुबह 10 बजे होने वाली सभा को देखते हुए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# ग्रामीण क्षेत्रों में मां लक्ष्मी और गणेश की प्रतिमाओं का उल्लासपूर्ण किया विसर्जन



**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ व ग्रामीण क्षेत्रों में मां लक्ष्मी और गणेश की प्रतिमाओं का श्रद्धा और उल्लासपूर्ण रविवार देर रात तक विसर्जन का सिलसिला चला। बानगंगा नदी तट पर बानगंगा बैराज घाट, महथा घाट,लेदवा,सेगवारे व अतरी घाट,डोई नदी घाट समेत शोहरतगढ़ क्षेत्र के बानगंगा नदी में अलग अलग घाटों पर रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मां लक्ष्मी व गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ।

कस्बा शोहरतगढ़ व आस-पास के मां लक्ष्मी व गणेश जी की प्रतिमाओं को गाजे बाजे व हर्षोल्लास के साथ शोहरतगढ़ कस्बा भ्रमण करते हुए मंत्रोच्चार कर डोई नदी में विसर्जित की गयी।रविवार की रात आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ में स्थापित लक्ष्मी व गणेश की सभी प्रतिमाएं श्रीराम जानकी मंदिर पर एकत्रित होने के बाद क्रमबद्ध तरीके से गड़ाकुल तिरंगा चौराहा, पुलिस बूथ, नीबी दोहनी होते हुए डोई मंदिर पर पहुंचा। पुजारी बाबा बालक दास ने आरती कर मंत्रोच्चार कर सभी प्रतिमाओं को डोई नदी में विसर्जित कराया। शोहरतगढ़ कस्बे में रविवार रात को मां लक्ष्मी व गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस निकला गया।

जुलूस में डीजे पर बजते धार्मिक गीतों की धुन पर थिरकते हुए महिला-पुरुष मां लक्ष्मी व गणेश जी के प्रतिमाओं के साथ साथ चलते हुए डोई नदी घाट पर पहुंचे इस दौरान एसडीएम शोहरतगढ़ चंद्रभान सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ सुजीत राय शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी मय टीम साथ सुरक्षा में लगे रहे।वहीं झरुआ, जुगडिहवा, गोल्हौरा, हलौरा, गनेशपुर, मोहनकोला, नीबी, बानगंगा, परसोहिया, मड़वा, मलगवा, कोइरीडीहा, नहरी आदि गांवों से मां लक्ष्मी व गणेश जी की प्रतिमाओं को ट्रैक्टर ट्राली पर डीजे के साथ भक्ति गीतों को बजाते हुए महिला पुरुष व बच्चे नाचते गाते बानगंगा नदी पर बानगंगा बैराज घाट पर पुलिस के देखरेख में प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। इस दौरान नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, एसडीएम चंद्रभान सिंह, सीओ सुजीत राय, शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी, निरीक्षक सुभाष यादव, उपनिरीक्षक अशोक कुमार, राजेंद्र प्रसाद, जय प्रकाश उपाध्याय, सौरभ कसौधन, अनुप कसौधन, कुश कुमार मोदनवाल, दिनेश कुमार, शिवरतन कनौजिया, मनोज कुमार, शंकर निषाद, संजय, पंकज, उमेश वर्मा, दुर्गेश, राजेश त्रिपाठी, कमलेश गुप्ता, बीडी कसौधन, विरेन्द्र जायसवाल, राममिलन चौधरी आदि मौजूद रहें।

# डीएम ने किया तहसील नौगढ़ का निरीक्षण लम्बित प्रकरणों पर व्यक्त की कड़ी नाराजगी



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा सोमवार को सदर तहसील नौगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने सर्वप्रथम तहसीलदार न्यायिक कोर्ट, नायब तहसीलदार के कोर्ट केस पत्रावली में 5 वर्ष व 3 वर्ष से अधिक समय से लम्बित प्रकरणो पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देश दिया। धारा 34 के 5 वर्ष से पुराने प्रकरणो को शीघ्र निस्तारित कराने, धारा-67 का मौके पर जाकर निस्तारण कराने तथा कब्जा भी दिलाये जाने का निर्देश दिया। पारिवारिक सदस्यता प्रमाण-पत्र, पट्टा, आर.सी.वसूली, ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण-पत्र आदि

**डीएम ने दिया पटल सहायक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश**

पत्रावली का गहनता से जांच किया गया। 2020 के बाद से कोई पट्टा नही हुआ है। पट्टेदार को पट्टा कब्जा प्रमाण पत्र नही दिया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बधिंत पटल सहायक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। ग्राम सभा आवास स्थल भूमि आवंटन रजिस्टर पूर्ण नही पाया गया। मत्स्य पट्टा का रजिस्टर मांगने पर आर0के0 अरूण कुमार श्रीवास्तव द्वारा रजिस्टर नही दिखाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जब तक रजिस्टर पूर्ण नही होता तब वेतन नही देने का निर्देश दिया। कृषि पट्टा आवंटन रजिस्टर में पट्टेदार का फोटो नही लगा था तथा रजिस्टर पूर्ण नही पाया गया। जिलाधिकारी ने सभी रजिस्टर 15 दिवस में पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात अभिलेखागार, भूलेख, संग्रह अभिलेखागार, नजारत, खतौनी कक्ष, डाक डिसपैच रजिस्टर, आर0के0 पटल आदि विभिन्न पटलो का निरीक्षण किया। लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक की सेवा पुस्तिका, जी.पी.एफ. पुस्तिका का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका, जी.पी.एफ. पुस्तिका जो कमियां है उन्हें पूर्ण करा लें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, तहसीलदार नौगढ़, नायब तहसीलदार नौगढ़, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, नाजिर व अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आलापुर विधायक त्रिभुवनदत्त कटेहरी विधानसभा क्षेत्र मे सपा के लिये किया जनसम्पर्क

**अम्बेडकरनगर।** जिले के विधान सभा क्षेत्र कटेहरी के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी/पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती शोभावती वर्मा के समर्थन में आज विकास खंड कटेहरी के ग्राम पंचायत मरथुआ, सरैया, पिलखावा, हाथपाकड, दरवन, अहिरौली आदि स्थानों पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव/पूर्व सांसद/आलापुर के जनप्रिय विधायक माननीय त्रिभुवन दत्त जी ने संघन जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान विधायक माननीय त्रिभुवन दत्त जी ने कहा कि इस सरकार में बेरोजगारो को रोजगार नही मिल रहा हैं, पेपर लीक हो रहा हैं। महंगाई चरम पर है, विकास कागज पर हो रहा हैं, भाजपा की सरकार में गाजीपुर से लेकर गाजियाबाद तक हा हा कार मचा हुआ है, कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। हत्या, बलात्कार, चोरी, डकैती, छिनैती की घटना आए दिन हो रही हैं। पुलिस कस्टडी में आम जनता को मौत हो रही हैं।इस सरकार से निजात पाना बहुत ही जरुरी हो गया है। मौजूदा समय में लोकतन्त्र व आरक्षण खतरे में है। संविधान,आरक्षण व लोकतंत्र को बचाने के लिए आप सभी लोग आगामी 13 नवम्बर को साइकिल के सामने वाली बटन दबाकर श्रीमती शोभावती वर्मा को भारी मतों से विजई बनाने का कार्य करें।

## मरहूमा शमीम बानो की मजलिसे बरसी का हुआ आयोजन



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के लोरपुर मेहदी इमाम बारगाह में मरहूमा शमीम बनो की बरसी की मजलिस को खिताब करते हुए लखनऊ से आए मौलाना सैय्यद हैदर अब्बास ने कहा कि मोमिन की पहचान ऐसी होनी चाहिए की उसके आसपास के बंदे को कोई परेशानी न हो। मौलाना ने कहा कि मोमिन को हर कदम पर शुक्रे खुदा करना चाहिए। अल्लाह ने जो नेमत अता की है उसका शुक्रिया अदा करने का सबसे सही रास्ता है बारगाहे इलाही में सजदा करें। मौलाना ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि क़ौम की जिम्मेदारी है कि वो देखे कि मौलवी और मौलाना ने क्या गलत पढ़ा है अगर क़ौम को लगता है कि मौलाना ने गलत बयानी की है तो ऐसे में मौलानाओं को मेंबरों से दूर करना होगा, मौलाना ने कहा कि शहीद हसन नसरूल्लाह ने अपनी जिंदगी में ऐसा क्या किया जिसकी वजह से आज उनको याद किया जा रहा है शहीद सैयद हसन नसरूल्लाह ने हमेशा हक और मजलूमों का साथ दिया है, मौलाना ने कहा कि अगर आपको अपनी आदतें अच्छी रखनी है और बुराइयों से दूर रहना है तो आपको इसके लिए मेहनत करनी होगी क्यों सच और अच्छे रास्ते में रुकावट ज्यादा होती है मौलाना ने खिताब करते हुए कहा कि जिंदगी अच्छी और गलतियों से दूर रहकर गुजारनी है तो जिंदगी के कुछ उसूल बनाना होगा जैसे कि अगर जानकार गलती होगी तो किसी गरीब को 500रुपए देना होगा, और फिर देखते देखते झूठ और गलतियों से इंसान दूर हो जाता है। मौलाना ने करबला के शहीदों का भी ज़िक्र किया मौलाना ने कहा कि आज हिंदू भाइयों का भैया दूज का त्योहार है जो भाई बहन के रिश्ते को मजबूत करता है भाई बहन के रिश्ते की बात करते हुए भाई बहन इमाम हुसैन और जनाबे जैनब के कर्बला में इमाम की शहादत को याद दिलाया कि बहन के सामने कैसे भाई को ज़िबाह किया, मजलिस से पहले नय्यर लोरपुरी और शजर और शिबू ने गमगीन मर्सिया पढ़ा। शजर ने पेशख्वानी की। अन्जुमन हुसैनिया हुसैनाबाद, अंजुमन मासूमिया, अंजुमन जफरिया के नौहाख्वानों ने पुरदर्द नौहा पढ़ा।

## टीकाकारण सत्र का अधीक्षक ने किया निरीक्षण, दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

### वैक्सीन नवजात शिशु के लिए अमृत के समान है : डा. ओझा



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने सुदूर नदी के तट पर स्थित ग्राम वेव मुस्तहकम में पहुंचकर छाया एकीकृत वीएचएसएनडी टीकाकारण सत्र का निरीक्षण किया, और एएनएम के द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के विषय में गर्भवती महिला सुमन 22 वर्ष, एकलवती 25 वर्ष, परवीन 23 वर्ष तथा सबीना 27 वर्ष आदि से भौतिक सत्यापन किया तथा सायरा, अकरम, वासु, जानवी, उस्मान, नासिर आदि बच्चों के अभिभावक से टीकाकरण के विषय में जानकारी ली गई। निरीक्षण के समय एएनएम अमीषा, आशा प्रभादेवी तथा आंगनबाड़ी मेनका देवी मौजूद मिली तथा एएनएम के द्वारा यूरिन, पेट, वजन, हीमोग्लोबिन, बीपी, एचआईवी, सिफलिस आदि की जांच किया जा रहा था। इस दौरान डॉ .ओझा के द्वारा ग्राम वासियों को संस्थागत प्रसव के विषय में जागरूक किया तथा बताया कि जन्म के समय दी जाने वाली वैक्सीन नवजात शिशु के लिए अमृत के बराबर है। इस मौके पर आंगनबाड़ी के द्वारा राशन का वितरण किया गया। इस दौरान सहदेव प्रसाद, सुमन, मंजू आदि मौजूद रहे।

## स्वीप गतिविधियों मे लायें तेज़ी : सीडीओ



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** विधानसभा अप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 277- केटहरी विधानसभा उप निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी (स्वीप) आनन्द कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में स्वीप गतिविधियों से संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक किया गया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वीप का प्रमुख लक्ष्य निर्वाचन के दौरान सभी पात्र नागरिकों को मत देने और जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने अब तक कराए गया स्वीप गतिविधियों की जानकारी ली तथा उसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में मतदाता जागरूकता हेतु रंगोली, मेहंदी, प्रभात फेरी, निबंध, स्लोगन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए। जिन मतदेय स्थलों/बूथों पर मतदान प्रतिशत विगत चुनाव में कम रहा है वहां मतदाता जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि दिव्यांग मतदाताओं का शतङ्कप्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र कटेहरी में ड्यूटी पर लगाए गए सभी कार्मिक मतदाता अनिवार्य रूप से स्वयं भी मतदान करें तथा अपने परिवार, पास-पड़ोस एवं गांव के मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित करें।

## बसखारी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** बसखारी पुलिस को बड़ी सफलता, दो मोबाइल चोर वांछित गिरफ्तार जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के नेतृत्व में एक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज दिनांक 03.11.2024 को थाना बसखारी पुलिस टीम ने दो वांछित अभियुक्तों अमन लोना और पंकज लोना को गिरफ्तार किया है। ये दोनों मोबाइल चोरी के मामले में वांछित थे और उनके पास से 4 मोबाइल फोन, 3 एंड्रॉयड फोन और 1 कीपैड फोन बरामद हुए हैं।गिरफ्तारी की कार्रवाई बसखारी थाना प्रभारी संत कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राम किशोर रावत, कॉन्स्टेबल ललित सरोज और कॉन्स्टेबल आशीष यादव की टीम ने की है। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधीकारी नगर देवेंद्र कुमार के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई है।यह कार्रवाई अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कड़ी कार्रवाई का प्रमाण है और इससे अपराधियों में भय पैदा होगा। साथ ही, यह आम जनता को अपराधियों से सुरक्षा की गारंटी देता है।


# कार्यालय नगर पंचायत उसका बाजार, जनपद- सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 254(1)/न0पं0उ0बा0सि0नगर/2024-25 दिनांक : 30-10-2024

## अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत उसका बाजार, सिद्धार्थनगर में आकांक्षी नगर योजना अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत सीमान्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित किया जाता है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यों हेतु निविदा डाल सकता है। उक्त निर्माण कार्य करने हेतु नगर पंचायत उसका बाजार में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्य से संबंधित निविदा दिनांक 30.10.2024 से दिनांक 12.11.2024 तक आनलाईन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दोपहर 05.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा के संबंध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्यदिवस में जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं। उक्त निविदा दिनांक 13.11.2024 को अपरान्ह 11.00 बजे खोली जायेगी। जिसे संबंधित वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है

| | | |
|---|---|---|
| (A) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशित की तिथि | 30/10/2024 |
| (B) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 30/10/2024 सायं : 04:00 बजे से |
| (C) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 12/11/2024 सायं : 05:00 बजे तक |
| (D) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 13/11/2024 प्रातः 11:00 बजे |
| (E) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | 13/11/2024 अपराह्नः 03:00 बजे |
| (F) | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत उसका बाजार |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत उसका बाजार**
**सिद्धार्थनगर**

**मंजू जायसवाल**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत उसका बाजार**
**सिद्धार्थनगर**

## वायु प्रदूषणों टेकनलाजी

दिल्ली एनसीआर में वायुप्रदूषण भीषण है। इस पर पर्याप्त टेक्नलाजी से ही नियन्त्रण पाया जा सकता है। कुछ नियम और कुछ कमेटियां भी बनी है पर कमेटियों में आपसी तालमेल नहीं है नियम बहुत ढीले ढाले है उन्हें लागू करने में भी अथरिटी आलसी है। जुर्माना करने पर भी ध्यान की कमी है। हालाकि कोर्ट का कहना है स्वच्छ हवा जिन्दगी के लिये जरूरी है। पराली जलाने का मौसम आने पर नियमों और रोक की बात होती है जुर्माना करने की बात होती है चर्चा होते होते जो होना था हो जाता है। मौसम खतम होते हाते समस्या भी खत्म मान लिया जाता है। पंजाब में आप सरकार आई तो लगा चूकि दिल्ली आप सरकार है जो एयर पल्यूशन से अच्छी तरह वाकिफहै पंजाब में एपफ्यूशन फैलाने वाले जो जहां पर नियन्त्रण लगेगा पर सब कुछ वैसे ही है जैसे पहले था और राज्यों की तरह ही पराली जलाये जा रहे है।

सुप्रीम कोर्ट इसे लेकर केन्द्र और राज्य सरकार पर रोष जताती रहती है पर सब कुछ ऐसे ही चलता रहता है। एनसीआर के लोग जहरीली हवा लेने के लिये मजबूर है। कमीशन आन एयर क्वालिटी मैनेज मेन्ट कमीशन का काम था विभिन्न एजेन्सियों के साथ मिलकर काम करने का पर एजेन्सी अलग अलग काम करके और एक ही तरीके पर अलग अलग विचार रखकर आपात में टकराती रहती है। कोई कारगर कदम नही उठा पाती है। दिल्ली, हरियाना, पंजाब समस्या को लेकर जिम्मेदारी एक दूसरे पर थोपने का प्रयास कर खीचातान बनाये रखते है एक दूसरे को आरोपित करते रहते है। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाना पंजाब को नियन्त्रण कायम न कर पाने के लिये खिचाई की है वे अपने राज्यों में पोस्ट हारवेस्ट प्रौक्टिस में विराम लगाने में हमेशा असफल हो रही है। पराली जलाने से रोकने के लिये एजेन्सियां कभी मिलजुल कर के बैठकर समस्या को हल करने की बात नहीं करती है। अब उत्तर प्रदेश भी इस जद में आ गया है। आकस्मिक बैठकों से कुछ भी हल होने वाला नहीं है। पूरे साल इस पर निगरानी रक्ख कर इसे रोकने में लगायेगे तभी कुछ सफलता की आशा बन सकती है। मौसमी उपचार भी नहीं कुछ करने वाला है। शुरू में ही किसानों को रोकने का टेकनीक बता उन्हें रोकना पड़ेगा। गड़ियों के और औद्योगिक योल्यूशन पर भी विशेष ध्यान दे रोकने का प्रयास करना होगा। आप सरकार ने आड इवेन नम्बर गाड़ियों को चलाने का नियम बनाकर रोकने की कोशिश कर चुकी है। पर गाड़ियों इतनी है कि नियन्त्रण कायम नही हो सकता। नये टेक्नोलाजी का आविष्कार और भारी निवेश और दृढइच्छा शक्ति से ही इसे समस्या पर कुछ हल पाया जा सकता है जा नहीं से बेहतर होगा।

## वैश्विक दशा-दिशा तय करेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव


संजीव ठाकुर

अमेरिका में 60वां राष्ट्रपति चुनाव का मतदान 5 नवंबर 24 को यानी आज होगा। इस चुनाव से अमेरिका में 47 वां राष्ट्रपति एवं 50वां उपराष्ट्रपति चुना जाएगा। वर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बराबरी की टक्कर मानी जा रही है। कमला हैरिस मिशीगन स्टेट कोई अपना ठिकाना बनाए हुए हैं दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप पूर्वी स्टेट में अपनी जोर आजमाइश कर रहे हैं। मिशिगन में ईस्ट लेसिंग शहर एक औद्योगिक राज्य का कॉलेज शहर है और डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए यह शहर लोहे के चने चबाने जैसा प्रतीत हो रहा है यहां लगभग 2 लाख अरबी मूल के अमेरिकी नागरिक निवासरत हैं और डेमोक्रेटिक पार्टी को भारी विरोध का सामना करना पड़ सकता है ये नागरिक उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से इसलिए नाराज है कि उन्होंने गाजा में युद्ध विराम के लिए कोई प्रयास नहीं किये। डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि इस युद्ध को हुए तत्काल राष्ट्रपति बनने के बाद रुकवाएंगे। अमेरिका एक शक्ति संपन्न राष्ट्र है और उसकी नीतियां, राजनीति एवं कूटनीति पूरी दुनिया के देशों को प्रभावित करती है फिर वह राजनीतिक सामरिक अथवा व्यापारिक लेनदेन, समझौते या युद्ध में मदद की बात हो अमेरिका का दखल लगभग सभी मसलों में एक जैसा रहता है। यह अलग मुद्दा है कि पश्चिम एशिया,चीन, रूस एवं नॉर्थ कोरिया जैसे देश अमेरिका के धुर विरोधी रहे हैं। चीन और रूस के सामरिक,व्यापारिक और एटॉमिक मसलों पर आपस में टकराते रहे हैं। यह गौर किए जाने वाली बात है कि अमेरिका में अगला राष्ट्रपति ही अमेरिका सहित अन्य कई देशों के दिशा-निर्देश तय करेंगा। चुनाव से पहले अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय के एक बड़े समूह ने चुनाव में भारतीय अमेरिकी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष प्रयोजन शुरू किया है। एक नान प्रॉफिटेबल संस्था फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायसपोरा स्टडीज ने एक अभियान चलाया है जिसे इंडो अमेरिकन वोटर्स मेटर इस नाम दिया गया है जिसमें तमाम भारतवंशियों को एक छत के नीचे लाने का प्रयास किया जा रहा है। अमेरिका में स्विंग राज्यों (बैटल-ग्राउंड) जिनमे एरीजोना, पेन सेल्वानिया जॉर्जिया मिशीगन नेवाडा नॉर्थ कैरोलिना एवं विस्कासिन्स राज्य इनमें निवासरत भारतीय मूल के मतदाता राष्ट्रपति चुनाव को खासा प्रभावित करने वाले होतें हैं को प्रभावित करने का प्रयास किया जाएगा। अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के 42 लाख लोगों में लगभग 27 से 28 लाख मतदाता नागरिक हैं गौरतलब है कि वहां 18 साल से ऊपर वाले ही मतदान कर सकते हैं ऐसे में भारतीय मतदाताओं की भूमिका राष्ट्रपति चुनाव में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। राष्ट्रपति के चुनाव में अमेरिका की 538 सीटों में चुनाव होने हैं ऐसे में डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस एवं रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप यदि 270 से ज्यादा सीट जीतते हैं वो राष्ट्रपति पद के हकदार हो जाएंगे। चूंकि डोनाल्ड ट्रंप की बहुत ज्यादा उम्र है उन पर लगभग 34 अपराधिक प्रकरण भी न्यायालय में लंबित है ऐसे में उनका पक्ष कमजोर दिखाई देने लगा है एक सर्वे के अनुसार कई राज्यों में डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस डोनाल्ड ट्रंप से लोकप्रियता में काफी आगे चल रही है। कमला हैरिस के साथ डेमोक्रेटिक पार्टी के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार टीम वाल्स एवं डोनाल्ड ट्रंप के साथ उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीनेटर जेडी वेंस होंगे, जेडी वेंस की पत्नी उषा चिलकुरी जो भारतीय मूल की है और वे पूरे दमखम के साथ रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों का प्रचार प्रसार कर रही है अब वह डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से भारतीय मूल के मतदाताओं को अपनी तरफ करने के लिए स्टार प्रचारक बन चुकी है। भारतीय मतदाताओं को रिझाने के लिए अलग-अलग भारतीय मूल के लोग सक्रिय हैं। यह तो तय है कि स्विंग स्टेट यानी बैटल-ग्राउंड् में भारतीय मूल के मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या है एवं वहां के मतदाता जिनका की रुझान कभी भी राष्ट्रपति चुनाव में समझ में नहीं आया है वे जिस पार्टी को वोट देंगे वही पार्टी चुनाव जीतने में सक्षम होगी।

डेमोक्रेटिक पार्टी को अमेरिका में उदारवादी दल माना जाता है और उसके मेनिफेस्टो में नागरिक अधिकारों में बढ़ावा, सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना एवं जलवायु परिवर्तन मैं होने वाले नुकसान से निपटने हेतु उपाय करना शामिल है दूसरी तरफ रिपब्लिकन पार्टी यानी ग्रैंड ओल्ड पार्टी मानी जाती है और इसके एजेंडे में सरकार की सीमाओं को छोटा करना, हथियार रखने के प्रतिबंध एवं गर्भपात पर लगे प्रतिबंध को तुरंत हटाने की बात शामिल है। डेमोक्रेट पार्टी की कमला हैरिस रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप के अलावा राष्ट्रपति चुनाव के मैदाने जंग में स्वतंत्र उम्मीदवार जॉन एफ कैनेडी के भतीजे रॉबर्ट एफ कैनेडी भी चुनाव लड़ रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

इस साल सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब की पाकिस्तान से लगती सीमा से 183 ड्रोन जब्त किए। जो वर्ष 2023 में बरामद 107 ड्रोन से कहीं अधिक हैं। पाक प्रायोजित यह तस्करी परिष्कृत एवं सुनियोजित तरीके से की जा रही है, जिसके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। खासकर, ऐसे संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में इस समस्या की भयावहता को देखते हुए यह आवश्यक हो जाता है कि इसके खिलाफ एक ऐसी संपूर्ण लड़ाई छेड़ी जाए जिसमें कामयाब होने में अगर कई वर्ष भी लग जाएं तो उसे जारी रखा जाए।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है पंजाब में नशे का जाल


ललित गर्ग

पंजाब में आतंकवाद ही नहीं, तरह-तरह के नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब चुका रहा है, जिसने लंबे समय से पंजाब को जकड़ रखा है। पिछले दस महीनों में पंजाब पुलिस ने 153 बड़े ऑपरेटरों सहित 10,524 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पंजाब ने स्थानीय तस्करों के साथ-साथ बड़े ड्रग नेटवर्क को लक्षित करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। हाल ही में 790 किलोग्राम हेरोइन, 860 किलोग्राम अफीम और अन्य नशीले पदार्थों के साथ-साथ 13 करोड़ रुपये से अधिक ड्रग मनी जब्त की गई है। इन आपराधिक अभियानों की वित्तीय बुनियाद पर प्रहार करते हुए नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की 208 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। हालांकि, अभी पर्दे के पीछे से काम करने वाले प्रमुख तस्करों को बेनकाब करने और कानूनन दंडित करने की सख्त जरूरत है। ड्रग की तस्करी और व्यापक रूप से नशे की लत पंजाब की सबसे उल्लेखनीय घातक सामाजिक-राजनीतिक चुनौती बन चुकी है जो कई प्रकार से पूरे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनती जा रही है। पाकिस्तान पोषित इस नशीले कारोबार की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस साल सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब की पाकिस्तान से लगती सीमा से 183 ड्रोन जब्त किए। जो वर्ष 2023 में बरामद 107 ड्रोन से कहीं अधिक हैं। पाक प्रायोजित यह तस्करी परिष्कृत एवं सुनियोजित तरीके से की जा रही है, जिसके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। खासकर, ऐसे संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में इस समस्या की भयावहता को देखते हुए यह आवश्यक हो जाता है कि इसके खिलाफ एक ऐसी संपूर्ण लड़ाई छेड़ी जाए जिसमें कामयाब होने में अगर कई वर्ष भी लग जाएं तो उसे जारी रखा जाए। नशे की समस्या पिछले कई वर्षों के दौरान और बद से बदतर होती गई है और पिछले पंजाब में हुए विधानसभा चुनावों में यह एक बड़ा मुद्दा था। क्योंकि शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से हर रोज युवाओं की मौत की खबरें हो या विधवाओं का क्रंदन समूचा देश हिला है। कितनी मांओं की गोद उजड़ गई और कितने वृद्ध पिताओं की सहारे की लाठी टूट गई। नशीले पदार्थों का धंधा सीमाओं से होते हुए देश की रग-रग में पसरता गया है।

पंजाब में बिछा ड्रग्स का जाल जनजीवन के लिये बड़ी चुनौती है। पंजाब पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान के तथाकथित गोल्डेन क्रेसेंट से तस्करी कर लाई गई नशीली दवाओं का एक पारगमन बिंदु (ट्रांजिट प्वाईट) तथा बाजार दोनों ही है। जहां अफगानिस्तान में उत्पादित हेरोईन की भारत-पाकिस्तान की 553 किमी लंबी और अवैध घुसपैठ की संभावनाओं से युक्त सीमा से



तस्करी की जाती है, अफीम, अफीम की भूसी, चरस एवं हशीश जैसी अन्य नशीली दवाएं आसपास के देशों से आती हैं। भारत एवं पाकिस्तान सीमा पर अच्छी सड़कों का अभाव भी सीमा पर लगी बाड़ के नीचे सुरंगों की खुदाई के जरिये भारी मात्रा में मादक दवाओं की खेप के हस्तांतरण के काम को आसान बना देती हैं। पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब 'नशीले पदार्थों की राजनीति' के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'पंजाब में नशे की समस्या बढ़ती जा रही है। नकली शराब और नशीले पदार्थों को रोका जाना चाहिए। ऐसे तो युवा खत्म हो जाएंगे। गरीब लोग मर रहे हैं। पंजाब में हर गली में एक भट्टी होती है। अगर कोई चाहे तो देश को खत्म कर देगा। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे चलेगा? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों पंजाब सरकार?' सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। जिसके खिलाफ व्यापक पैमाने पर योजनाबद्ध अभियान वक्त की जरूरत है। सरकारें लंबे समय से इसके विरुद्ध कार्रवाई की बात तो करती रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में कम ही बदलाव नजर आया है। फिलहाल पंजाब में नशीले पदार्थों के खिलाफ जारी कार्रवाई आप सरकार की नई प्रतिबद्धता को दर्शाती है और सतही तौर पर नशे की खिलाफ सफलता के आंकड़े एक सराहनीय कार्रवाई को दर्शाते हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या की विकटता को देखते हुए ये आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं। वक्त की जरूरत है कि लगातार भयावह होती स्थिति में पुलिस को इस खेल की बड़ी मछलियों को बेनकाब करके नशे के प्रवाह पर रोक लगानी चाहिए। इसके बाद बड़े नशा तस्करों के खिलाफ व्यापक स्तर का अभियान चलाना चाहिए। जिससे समाज में यह संदेश जाए कि कोई कितना भी ताकतवर व्यक्ति क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। साथ ही यह भी कि समाज विरोधी कार्यों में लिप्त होने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ऐसे तत्वों को राजनीतिक संरक्षण देने वाली ताकतों को भी बेनकाब करने की जरूरत है। पंजाब सरकार की सख्त कार्रवाई का यह संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। उन्होंने चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे देश के युवा गुटका, चरस, गांजा, अफीम, स्मैक, शराब और भांग आदि के नशे में पड़ कर बर्बाद हो रहे हैं। इस कारण से वे आर्थिक, सामाजिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से विकलांगता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है। पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूबों को पूरा कर रहा है।

# प्रियंका की क्षमताओं का फैसला चुनावी रण में होगा

वायनाड सीट से अगर प्रियंका सफल होती हैं, जिसकी सम्भावना दिख रही है। तो कांग्रेस को केरल की राजनीति में भी बड़ी मदद मिलने की उम्मीद है। दरअसल केरल में कांग्रेस की अगुवाई वाला गठबंधन केरल की सत्ता से काफी दिनों से दूर है। साल 2021 के केरल चुनाव में भी लेफ्ट गठबंधन ने लगातार दूसरी बार सरकार चलाने का जनादेश हासिल किया था।


शाहिद नकवी

पिछले तीन दशकों से राजनीतिक मंचों पर नजर आने वाली प्रियंका गांधी आखिर काफी अगर मगर के बाद चुनावी राजनीति में भी उतर गई।क्या इंदिरा गांधी जैसी दिखने और गांधी परिवार की राजनीतिक कमान सम्हालने भर से वह चुनावी राजनीति में सफल हो जायेंगी? वह भी उस दौर में जो संघ की पाठशाला से निकले सबसे सफल प्रधानमंत्री मोदी का दौर कहा जाता है। जिस तरह उनके चुनाव लड़ने पर लम्बा अगर मगर लगा था,वैसा ही इस स्तर पर सफलता पर भी लगा है। बहरहाल ये दिलचस्प है कि अनुभवी प्रचारक प्रियंका एक नौसिखिया उम्मीदवार प्रियंका के लिए केरल की वायानाड सीट पर वोट मांग रही हैं।हालांकि पहली बार (जैसा खुद खुलासा किया)उन्होंने 17 साल की उम्र में ही अपने पिता राजीव गांधी के लिए प्रचार करना शुरू किया था। भले ही वह कांग्रेस के लिए एक अनुभवी प्रचारक और संकटमोचक रही हैं। लेकिन इस लम्बे सफ़र में वह अब तक केवल चुनाव प्रचार करने वाली बहन और बेटी की भूमिका में ही थी। पहली बार अपने लिए वोट मांग रही प्रियंका वायनाड की सभाओं में पिता, मां और भाई के लिए दिए भाषणों की याद ताजा भी करती हैं।गांधी परिवार की सबसे ज्यादा जनसमर्थन रखने वाली सदस्य वो प्रियंका ने 52 साल की उम्र में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं, नेताओं और मीडिया के उस अगर मगर का जवाब दिया,जिसमें कहा जाता था कि वह ऐसा करेंगी। बतौर उम्मीदवार उनके पास चुनाव लड़ने का शून्य अनुभव हो,लेकिन इस बीच, प्रियंका गांधी पृष्ठभूमि में रहकर अपनी मां और भाई के चुनाव अभियान का प्रबंधन करती रहीं हैं।करीब छह साल पहले उनको संगठनात्मक जिम्मेदारी दी गई थी,जब 2019 में प्रियंका गांधी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) का महासचिव नियुक्त किया गया और उन्हें पूर्वी उत्तर प्रदेश में पार्टी के अभियान का प्रभार दिया गया।उस समय कांग्रेस को ऐसा लगता था कि प्रियंका गांधी, इंदिरा गांधी की अक्स हैं और वो एक करिश्माई लीडर साबित हो सकती हैं। कांग्रेस परिवार हमेशा उसे एक तुरुप का पत्ता मानती थी। साथ ही, चाहती थी कि जब भी प्रियंका गांधी राजनीति में आएंगी,तो कांग्रेस को इसका बहुत फायदा मिल सकता है और एक बड़ा बदलाव हो सकता है।उस समय प्रियंका ने साफ्ट हिंदुत्व की राह भी अपनाई थी।उन दिनों रूद्राक्ष की माला और माथे पर चंदन वाली प्रियंका हर जगह दिख जाती थी। हर विधानसभा क्षेत्र में दौरे में वह हर प्रसिद्ध मंदिर में जाने से नहीं चूकती थीं। अपने को बेहतर धार्मिक दिखाने के लिए उन्होंने गंगा यात्रा भी की थी। लेकिन ये सब कवायद बेकार गई और कयास केवल ख्याली साबित हुए और कांग्रेस यूपी के अंदर पूरी तरह से फेल साबित हुई। यूपी में कांग्रेस सिर्फ वापसी करने में नाकाम नहीं रही, बल्कि जिस स्थिति में थी उससे कहीं ज्यादा बदत्तर स्थिति में चली गई।कांग्रेसियों ने जैसा हौवा बनाया था कि कांग्रेस की स्थिति बदल जाएगी, ऐसा कुछ



नहीं हुआ और कांग्रेस का जो एक तुरुप का पता माना जाता था, वो तुरुप का पत्ता भी नहीं चला। लेकिन कांग्रेस को या यूं कहें कि गांधी परिवार अभी भी प्रियंका को बड़ा पैकेज मानती है।वैसे तो भाई-बहन में अच्छी टियूनिंग है लेकिन किसी टकराव से बचने के लिए उनको दक्षिण भारत से लांच किया जा रहा है।इसकी एक बड़ी वजह ये भी है कि उत्तर भारत में बीजेपी मजबूत है तो वहीं पार्टी अभी भी दक्षिण में कर्नाटक को छोड़ दें तो हर राज्यों में सियासी जमीन ही तलाश रही है,ऐसे में कांग्रेस के लिए साउथ सेफ पैसेज है। प्रियंका की वहां मौजूदगी से कांग्रेस को केरल,आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु जैसे राज्यों में पार्टी को मजबूत करने में मदद मिलेगी।कांग्रेस की अगुवाई वाला गठबंधन केरल की सत्ता से दूर है।साल 2021 के केरल चुनाव में भी लेफ्ट गठबंधन ने लगातार दूसरी बार सरकार चलाने का जनादेश हासिल किया था।अब कांग्रेस को उम्मीद है कि प्रियंका गांधी के वायनाड में होने का सकारात्मक असर केरल चुनाव में देखने को मिलेगा और पार्टी को उनके यहां होने से चुनाव अभियान में कामयाबी मिल सकती है। इसके अलावा कांग्रेस ये कतई नहीं चाहती कि दक्षिण में ये संदेश न जाए कि उसे पार्टी बस स्टेपनी की तरह यूज करती है।प्रियंका को उतारने से दक्षिण के लोगों में यह संदेश जाएगा कि कांग्रेस पार्टी उनको पूरी अहमियत देती है। चुनावी राजनीति में प्रियंका भले ही नवअभ्यागत हों लेकिन वह एक मंजी हुई मंचीय नेता और कुशल वक्ता हैं।वह हर विषय पर सोच समझ कर बोलती हैं।वह अक्सर पीएम मोदी पर हमलावर रहती हैं लेकिन उनके बयानों से कभी कंट्रोवर्सी पैदा नहीं हुई।प्रियंका गांधी ने जिस तरह से बीजेपी के हमलों को बगैर किसी विवाद के काउंटर किया,उसे भी कांग्रेस के नजरिए से उम्मीद जगाने वाला माना जा रहा है। वायनाड सीट से अगर प्रियंका सफल होती हैं, जिसकी सम्भावना दिख रही है। तो कांग्रेस को केरल की राजनीति में भी बड़ी मदद मिलने की उम्मीद है। दरअसल केरल में कांग्रेस की अगुवाई वाला गठबंधन केरल की सत्ता से काफी दिनों से दूर है।साल 2021 के केरल चुनाव में भी लेफ्ट गठबंधन ने लगातार दूसरी बार सरकार चलाने का जनादेश हासिल किया था।राहुल के वायनाड सांसद बनने और 2019 में संसदीय चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के बाद भी कांग्रेस को केरल की राजनीति में कुछ खास हासिल नहीं हुआ था। लेकिन प्रियंका के व्यक्तित्व में देखते हुए उनसे कांग्रेस को वहां सकारात्मक असर पड़ने की आस है।एक बड़ा सवाल ये भी उठ रहा है कि आखिर कांग्रेस ने प्रियंका को इतनी देर में क्यों चुनावी मैदान में उतारा? जबकि उनका पहले वाला क्रेज भी नहीं रहा।लेकिन।कांग्रेस की राजनीति को समझने वाले विश्लेषकों का मानना है कि ये बिल्कुल सही समय है ।कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया और उसके सांसद,संसद में काफी मुखर नज़र आ रही है।अगर प्रियंका भी लोकसभा पहुंचती हैं तो वह अपने भाई के साथ मिल कर मोदी सरकार को और अच्छी तरह से घेर सकती हैं।बेशक प्रियंका में उनकी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की झलक दिखती है। उनके समर्थक उनको इंदिरा गांधी जैसी मज़बूत इच्छाशक्ति वाली महिला और भारतीय राजनीति की चुनौतियों का बखूबी सामना करने वाला मानते हैं। लेकिन सौ फीसदी ऐसा नहीं है कि प्रियंका के चुनावी राजनीति में आने से कांग्रेस को केवल फायदा ही होगा।कांग्रेस को इस फैसले के नुकसान भी उठाने पड़ सकते हैं।विरोधी दल खासकर भाजपा को प्रियंका के चुनाव लड़ने,संसद पहुंचने की स्थिति में परिवारवाद की पिच पर कांग्रेस को घेरने का आसान मौका मिल जाएगा। परिवारवाद जिस तरह से कांग्रेस में मजबूत हो रहा है,उस पर अब जोरदार अटैक करने का विरोधी पार्टियों को एक अवसर भी मिलेगा। आरोप है कि कांग्रेस परिवारवाद में सीमट रही।दरअसल कांग्रेस को संचालित कौन कर रहा है?कौन फैसले ले रहा है और गांधी परिवार की क्या भूमिका है।ये जग जाहिर है।ये भी तथ्य है कि जनता में प्रियंका का राहुल से बेहतर क्रेज़ है,अगर वह राहुल से आगे निकल जाती हैं तो गांधी परिवार के वफादार समूहों में मतभेद बढ़ सकते हैं।

# इज़राईल-इस क़द्र बेलगाम?

इज़राईल-हमास युद्ध गत वर्ष यानी 7 अक्टूबर 2023 को उस समय शुरू हुआ था जब हमास के लड़ाकों ने इज़राइली नागरिक समुदायों और कई इज़राईली सैन्य ठिकानों पर अचानक एक बड़ा हमला कर दिया। इस हमले के दौरान 1,195 इज़रायली सहित अनेक विदेशी नागरिक भी मारे गए थे। इसके अलावा, 251 इज़रायली और विदेशियों को ग़ज़ा में बंदी बना लिया गया। हमास इस हमले से इज़राईल पर यह दबाव बनाना चाहता था कि इज़रायल की जेलों में बंद फ़िलिस्तीनी क़ैदियों व बंदियों को रिहा कराया जा सके।


तनवीर जाफ़री

फ़िलिस्तीन से लेकर लेबनान तक इज़राईली सैन्य आतंक निरंतर अपना क़हर बरपा कर रहा है। अपने हथियारों और ताक़त के नशे में चूर अमेरिका संरक्षित इज़राईली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्धोन्माद में इतने अंधे हो चुके हैं कि उन्होंने न केवल युद्ध के सभी नियमों, नीतियों व सिद्धांतों को किनारे रख दिया है बल्कि वे दुनिया के उन देशों की भी परवाह नहीं कर रहे जो वर्तमान युद्ध में समय समय पर इस्राईल को आइना दिखाने की कोशिश करते हैं। इतना ही नहीं बल्कि नेतन्याहू किसी सलाह देने वाले देश या उसके नेता को भी बड़ी आसानी से अपने दुश्मनों की लाइन में खड़ा कर देते हैं। यहाँ तक कि किसी अंतर्राष्ट्रीय संस्था या संगठन की आलोचना या सलाह की भी परवाह नहीं करते। और नेतन्याहू के इसी ज़िद्दी स्वभाव ने हालात अब यहाँ तक पहुंचा दिए हैं कि अब इज़राईली सेना यानी आईडीएफ भी अब नेतन्याहू की मानवता विरोधी युद्ध नीति से ऊब चुकी है और ग़ज़ा व लेबनान में और अधिक ख़ून की होली खेलने के बजाये इन दोनों ही जगहों पर अब युद्ध विराम करने के लिये प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर दबाव बनाना शुरू कर चुकी है। ग़ौर तलब है कि ग़ज़ा व लेबनान में भारी नरसंहार का कलंक झेल रही आईडीएफ़ पहले भी युद्ध से बाहर निकलने व युद्ध विराम करने की पक्षधर रही है परन्तु हर बार प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के युद्धोन्माद व उनकी ज़िद व प्रतिशोधात्मक रवैय्ये के चलते अब तक युद्ध विराम संभव नहीं हो सका है।

ग़ौरतलब है कि वर्तमान इज़राईल-हमास युद्ध गत वर्ष यानी 7 अक्टूबर 2023 को उस समय शुरू हुआ था जब हमास के लड़ाकों ने इज़राइली नागरिक समुदायों और कई इज़राईली सैन्य ठिकानों पर अचानक एक बड़ा हमला कर दिया। इस हमले के दौरान 1,195 इज़रायली सहित अनेक विदेशी नागरिक भी मारे गए थे । इसके अलावा, 251 इज़रायली और विदेशियों को ग़ज़ा में बंदी बना लिया गया। हमास इस हमले से इज़राईल पर यह दबाव बनाना चाहता था कि इज़रायल की जेलों में बंद फ़िलिस्तीनी क़ैदियों व बंदियों को रिहा कराया जा सके। इज़राईल पर हमास द्वारा किया गया यह हमला फ़िलिस्तीन पर इज़रायल के निरंतर क़ब्ज़े , ग़ज़ा की नाकेबंदी, इज़राईली बस्तियों के अनाधिकृत विस्तार, इज़रायल द्वारा लगातार की जा रही अंतरराष्ट्रीय क़ानून के अवहेलना, साथ ही अल-अक़्सा मस्जिद और फ़िलिस्तीनियों की सामान्य दुर्दशा के जवाब में भी था। परन्तु इज़राईल ने 7 अक्टूबर 2023 के हमास के हमलों के जवाब में 27 अक्टूबर से हमास पर पहले हवाई फिर ज़मीनी हमले करना शुरू कर दिया। इस इज़राईली सैन्य कार्रवाई का मक़सद हमास का सफ़ाया करने के साथ साथ इज़राईली बंधकों को मुक्त कराना भी था। परन्तु 13 महीने से इज़राईल द्वारा किये जा रहे अब तक के सबसे



बड़े नरसंहार के बावजूद इज़राईल अभी तक अपने दोनों में से किसी भी लक्ष्य को हासिल नहीं कर सका है। न ही हमास का ख़ात्मा हो सका न ही 251 में से शेष बचे 101 बंधकों को हमास के चंगुल से रिहा करवा सका। जबकि युद्धोन्माद में डूबे प्रधानमंत्री नेतन्याहू के इशारों पर की जा रही विनाशकारी बमबारी में अब तक ग़ज़ा में 40,000 से अधिक फ़िलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिन में अधिकांश महिलाएं व बच्चे हैं। लाखों लोग बेघर हो चुके हैं। इसके अलावा इज़रायल की कड़ी नाकाबंदी ने ग़ज़ा में जारी बुनियादी ज़रूरी सामग्री की आपूर्ति चेन को भी काट दिया है। हद तो यह है कि इस्राएइली सेना ने ग़ज़ा के बुनियादी ढांचों पर हमले कर वहां की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली सहित सभी आवश्यक सेवाओं को भी नष्ट कर दिया है। स्कूल, शरणार्थी शिविर, मीडिया, अस्पताल, बाज़ार यहाँ तक कि युद्ध प्रभावित लोगों को सहायता पहुँचाने वाले अंतराष्ट्रीय संगठनों के लोगों को भी आई डी एफ़ द्वारा निशाना बनाया जा रहा है।

अर्थात इज़राईल द्वारा हमास के ख़ात्मे और उसके क़ब्ज़े में मौजूद बंधकों की रिहाई के नाम पर हर वह अत्याचार किया जा रहा है जोकि अंतर्राष्ट्रीय युद्ध मानकों का सरासर उल्लंघन है। और जब कोई इज़राईल या अमेरिका का सहयोगी देश नेतन्याहू को आईना दिखने की कोशिश करता है तो नेतन्याहू उसे अपमानित करने या खरी खोटी सुनाने में भी देर नहीं लगाते। उदाहरण के तौर पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन ने ग़ज़ा में इज़राईल द्वारा किये जा रहे जनसंहार से ऊब कर जब गत 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इज़राईल पर किए गए हमले की पहली वर्षगांठ से पूर्व यह कहा है कि-युद्धरत पक्षों के बीच राजनीतिक समाधान तक पहुंचने के लिए इज़रायल को हथियार देना बंद करना ज़रूरी है।

उन्होंने जब यह कहा कि- मुझे लगता है कि आज प्राथमिकता यह है कि हम एक राजनीतिक समाधान पर लौटें। हम ग़ज़ा में लड़ने के लिए हथियार देना बंद करें। तो नेतन्याहू को राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन की यह सलाह इतनी नागवार गुज़री कि वे मैक्रोन से ख़फ़ा हो गए। और उन्होंने मैक्रोन को उल्टी सीधी सुना डाली। नेतन्याहू ने मैक्रोन के बयान को अपमानजनक बताते हुये कहा कि- राष्ट्रपति मैक्रोन और अन्य पश्चिमी नेता अब इज़राईल के ख़िलाफ़ हथियार प्रतिबंध लगाने का आह्वान कर रहे हैं। उन पर शर्म आनी चाहिए। यहूदी राष्ट्र उनके समर्थन के साथ या बिना जंग जीतेगा। युद्ध जीतने के बाद उनकी शर्मिंदगी लंबे समय तक जारी रहेगी। यही नहीं बल्कि इज़राईली मीडिया ने अपने एक कार्टून में राष्ट्रपति मैक्रोन को हसन नसरुल्लाह का अगला उत्तराधिकारी तक बता दिया।

इसी तरह कभी संयुक्त राष्ट्र संघ की शीर्ष अदालत, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय इज़राइल को लेकर यह कहती है कि फ़िलिस्तीनी क़ब्ज़े वाले क्षेत्रों में इज़राइल की मौजूदगी ग़ैर क़ानूनी है, इसे समाप्त किया जाना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय कहता है कि ÷इज़राइल द्वारा पश्चिमी तट और यरुशलम में बसने वालों का स्थानांतरण तथा इज़राइल द्वारा उनकी उपस्थिति बनाए रखना, चौथी जिनेवा संधि के अनुच्छेद 49 के विपरीत है। इतना ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय अदालत इस बात के लिये भी गंभीर रूप से चिंतित है कि इज़राइल द्वारा इस क्षेत्र में अपनी नई बस्ती बसाने की नीति का विस्तार किया जा रहा है। इसी अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में दक्षिण अफ़्रीक़ा ने यह दावा भी किया है कि ग़ज़ा में इज़राइल का अभियान नरसंहार के बराबर है। इसी तरह संयुक्त राष्ट्र संघ भी इज़राइल के युद्ध अभियान की आलोचना कर चुका है। परन्तु हमास सहित अपने सभी प्रतिद्वंदियों को आतंकवाद की धुरी बताकर प्रतिशोध की आग में जलता इज़राइल अपने हथियारों व अमेरिकी सरपरस्ती के बल पर आख़िर ख़ुद कितना आतंक फैला रहा है? पूरा विश्व इस बात को लेकर आश्चर्यचकित है कि बड़े अंतराष्ट्रीय विरोध का सामना करने के बावजूद आख़िर इस्राईल, इस क़द्र बेलगाम क्यों है ?

CMYK



# बुजुर्ग ने यूपी के 'सीएम' से की फरियाद तो संडे को बैंक खोलकर की गई 'मदद'

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार की सीएम हेल्पलाइन (1076) प्रदेशवासियों की समस्याओं के निस्तारण में अहम भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सतत मॉनीटरिंग का नतीजा है कि कई मामलों में सीएम हेल्पलाइन के जरिये प्रदेशवासियों की समस्याओं का निस्तारण कुछ ही घंटों में किया जा रहा है। इसका ताजा उदाहरण राजधानी के इंदिरानगर के एक बुजुर्ग की समस्या का निस्तारण में देखा भी गया, जिनकी समस्या का निस्तारण कुछ ही घंटों में कर दिया गया। इतना ही नहीं बुजुर्ग की समस्या के निस्तारण के लिए मुख्य सचिव ने संज्ञान लिया तो संडे को बैंक खोलकर बैंक अधिकारियों मामले का निपटारा किया और

**■ छोटे से काम के लिए कई दिनों से बैंक के चक्कर लगा रहे थे बुजुर्ग सोहनलाल**

अकाउंट से पैसे निकालकर दिये जबकि इसके लिए बुजुर्ग काफी दिनों से बैंक के चक्कर लगा रहे थे।

राजधानी के इंदिरानगर स्थित कैलाशपुरी निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि उनके पिता सोहनलाल और माता राजेश्वरी का एक बैंक में ज्वाइंट अकाउंट था। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले इलाज के दौरान उनकी माता का देहांत हो गया। मुकेश ने बताया कि पिता सोहनलाल को पैसे की जरूरत थी। इस पर वह बैंक गये और पत्नी के देहांत की सूचना के साथ पैसे निकालने के लिए चेक दी। वहीं बैंक अधिकारियों ने ज्वाइंट अकाउंट से पैसे न निकलने की बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी का देहांत हो गया है, ऐसे में उन्हे कुछ कागजी कार्रवाई करनी होगी, इसके बाद ही ज्वाइंट अकाउंट से पैसे निकल पाएंगे। बुजुर्ग सोहनलाल ने बताया कि बैंक अधिकारियों द्वारा जो भी कागजी कार्रवाई बतायी गयी, उसे पूरा किया गया। इसके बाद भी पैसे नहीं निकल सके। उन्होंने वजह पूछी तो अधिकारियों ने बताया कि प्रोसेस में समय लग रहा है। इसके बाद सोहनलाल लगातार कई दिनों तक बैंक के चक्कर लगाते रहे, लेकिन पैसे नहीं मिले। इससे परेशान होकर बुजुर्ग ने 26 अक्टूबर शाम को सीएम हेल्पलाइन (1076) पर अपनी समस्या बतायी। साथ ही पैसे की जरूरत की बात कही। इस पर सीएम हेल्पलाइन के अधिकारियों ने उनकी समस्या के जल्द निस्तारण की बात कही।

### मुख्य सचिव के निर्देश पर रविवार को बैंक खोलकर बुजुर्ग को दिये पैसे

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन पर सोहनलाल की समस्या के बारे में बताया। इस पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को बैंक के जीएम और मैनेजर से संपर्क कर तत्काल समस्या के निस्तारण के निर्देश दिये। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के हस्तक्षेप के बाद बैंक अधिकारियों ने सोहनलाल की समस्या का कुछ ही घंटों में निस्तारण कर दिया, जबकि इसके लिए वह काफी दिनों से बैंक के चक्कर लगा रहे थे। इतना ही नहीं मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर बैंक अधिकारियों ने रविवार को बैंक खोलकर सोहनलाल को पैसे दिये। इस पर सोहनलाल और उनके परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

## आर्थिक तंगी को लेकर हुए विवाद में मां-बेटे ने जहर खा दी जान

**फतेहपुर।** थाना चांदपुर क्षेत्र के कुलखेड़ा गांव में मां-बेटे ने जहर खाकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि आर्थिक तंगी के चलते मां-बेटे में अक्सर विवाद होता था। घरेलू कलह में दोनों ने आत्मघाती कदम उठा लिया। पुलिस ने मामले की जानकारी से इन्कार किया है। कुलखेड़ा गांव निवासी राजू शुक्ला, पत्नी मंजू (50) और बेटे विकास (25) के साथ कानपुर में रहते थे। राजू की तीन साल पहले मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद पत्नी बेटे के साथ गांव में रिश्तेदार भिखारी लाल मिश्रा के आवास में रहने लगी। सोमवार सुबह मां और बेटे में किसी बात को लेकर विवाद होने लगा। विकास ने कुछ देर बाद जहर खा लिया। मां मंजू को इसकी जानकारी हुई तो सदमे में आ गई। उन्होंने कानपुर स्थित मायके में फोन करके बेटे के जहर खाने की सूचना दी और खुद भी जहर खा लिया। पड़ोसी मां-बेटे को अमौली स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# शिवपाल बोले, भाजपा में हार का डर, बेईमान अधिकारियों का नाम करें नोट

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर में सोमवार को सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव पहुंचे। यहां उन्होंने उपचुनावों को लेकर सरकार को घेरा। कहा कि उपचुनाव में हार तय देख भाजपा ने चुनाव आयोग की मदद से मतदान को आगे बढ़वा दिया है। इसके बाद भी हम घोषी सीट की तरह ही कटेहरी का उपचुनाव भी जीतेंगे।

कटेहरी पहुंचे पूर्व मंत्री शिवपाल यादव ने सबसे पहले राम बाबा में आयोजित सभा को संबोधित किया। उन्होंने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से एक जुट रहने का आवाह्न किया। कहा कि मैं सब पर पैनी नजर रख रहा हूं। मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं व आम लोगों को पुलिस प्रशासन से डरना नहीं है। वह बुलाएं तो जाना भी नहीं है। कहा कि बेईमानी पर उतारू अधिकारियों का नाम नोट कर लें। सरकार आने पर उन्हें देखा जाएगा। कहा कि बेईमान अधिकारियों को गिड़गिड़ाते और पैरों पर गिरते देखा है। प्रशासन पर प्रधानों, कर्मचारियों व प्रमुखों आदि को धमकाने का आरोप लगाया। कहा कि इस सबकी शिकायत चुनाव आयोग से हो रही है। इतनी शिकायत कर देना है कि बेईमान लोग जवाब देते देते थक जाएं।

सपा महासचिव ने कहा कि मतदान के दिन कोई गड़बड़ी प्रशासन न करने पाए। इसलिए, हम जिले के सीमाओं के पास डटे रहेंगे। कोई भी गड़बड़ी होते ही जिले में घुस जाएंगे। उन्होंने कहा कि कटेहरी में भले ही मंत्रियों की फौज लगाई गई है। लेकिन, घोषी की तरह हमें यहां भी जीत मिलेगी।

उन्होंने बाद में पहितीपुर में आयोजित सभा में कहा कि भाजपा को हार का डर है। मिल्कीपुर में चुनाव न कराना। अन्य सीटों पर मतदान की तिथि बढ़वाना इसका प्रमाण है। उन्हें पता है कि छुट्टियों में घर आए लोग भी भाजपा के खिलाफ मतदान करेंगे। इस मौके पर सांसद लालजी वर्मा, सनातन पांडेय, पूर्व मंत्री तेज नराण पांडेय व राममूर्ति वर्मा, जिलाध्यक्ष जंगबहादुर यादव, पूर्व विधायक सुभाष राय समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# सीएमएस संस्थापिका डा. भारती ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने दीपावली के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर डा. भारती गाँधी ने प्रशासनिक कौशल व दूरदर्शिता से प्रदेश के समावेशी विकास की परिकल्पना को धरातल पर उतारने के मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों पर उन्हें हार्दिक बधाई भी दी। इस मुलाकात में सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन भी उपस्थित रही। मुलाकात के उपरान्त प्रो. किंगडन ने बताया कि मुख्यमंत्री जी से बहुत अच्छी मुलाकात हुई। उन्होंने डा. भारती गाँधी का हालचाल पूछा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने डा. भारती गाँधी के मार्गदर्शन में भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास, सामाजिक उत्थान एवं एकता व शान्ति के प्रयासों हेतु सी.एम.एस. की सराहना की।

## जनपद में धान खरीद कार्य का डीएम मोनिका रानी ने किया शुभारम्भ

**बहराइच।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 अन्तर्गत मूल्य समर्थन योजना के तहत 01 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ होने वाली धान खरीद का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने शुभारम्भ किया। डीएम ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव के साथ कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर सलारपुर पहुंचकर विधिवत् पूजा-अर्चना के उपरान्त फीता काटकर क्रय एजेन्सी खाद्य एवं रसद विभाग के धान क्रय केन्द्र का उदघाटन किया। धान क्रय केन्द्र पर ग्राम जोहरा, नसरापुर, पकड़ीकला व कमोलिया के मौजूद कृषक हेमन्त वर्मा, ध्रुव नारायण सिंह, राम दयाल शुक्ला व कुंवर बहादुर पांडे को अपर जिलाधिकारी ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी केन्द्र पर किसानों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। शासन की मंशानुरूप किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें।

# नरैनी सिटी हॉस्पिटल का हुआ भव्य शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** नरैनी से गोरेपुरवा के बीच मुख्य मार्ग में नरैनी सिटी हॉस्पिटल का नरैनी विधायक ओम मणि वर्मा जी के द्वारा किया गया। इस हॉस्पिटल का मुख्य उद्देश्य गरीबों की कम से कम खर्चे में मदद करना है। यह प्रयास नरैनी के युवा चिकित्सकों गरीबों के मसीहा डॉश नदीम सिद्दीकी एवं डॉश अजहर सिद्दीकी द्वारा नरैनी तहसील के क्षेत्रवासियों की जटिल समस्याओं का निवारण करने हेतु किया गया जिसमें नरैनी क्षेत्र की समस्त जनता का इलाज कम खर्चे में एवं आपसी सहयोग के साथ किया जाएगा। अब जटिल बीमारियों का इलाज नरैनी में ही संभव है इसके लिए जल्दी उन्हें जनपद आने की आवश्यकता कम पड़ेगी अधिकतर इलाज इस क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा किया जाएगा। विधायिका ओम मणि वर्मा ने इस हॉस्पिटल की सराहना की और कहा क्षेत्र की प्रगति में एक कदम और आगे बढ़ाने का अवसर मिला है। धीरे-धीरे क्षेत्र की हर समस्याओं का निवारण किया जाएगा इसके लिए हम संकल्पित और प्रतिबद्ध हैं। उक्त कार्यक्रम में समाजसेवी शेख शादी जमा, एडवोकेट नियाजी जी, डॉशअरविंद झा, डॉशप्रदीप कुमार सिंह, डॉश नीलम सिंह, सेर्वस ऑफ लाइफ से सलमान खान ,सुनील सक्सेना, एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित है।

## पुण्य स्मृति में प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजन

**जौनपुर (सुजानगंज)** क्षेत्र के सोनहिता ग्राम निवासी उद्योगपति गुजरात प्रमोद पाठक द्वारा अपने पिता स्वर्गीय पं. मुरलीधर पाठक की चतुर्थ पुण्यतिथि पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया है। जिसमें चार हजार लाभार्थियों को कंबल एवं प्राथमिक विद्यालय में अध्यनरत ग्यारह हजार छात्रों को नोटबुक वितरण का आयोजन किया जा रहा है। वार्ता के दौरान पाठक जी ने बताया कि अपने पिता की पुण्यतिथि पर यह आयोजन हर वर्ष करते हैं जानकारी देते हुए यह भी बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय पीजी कॉलेज सुजानगंज के प्रांगण में दिनांक 8 नवंबर 2024 दिन शुक्रवार को समय सुबह 9:00 बजे से होगा जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है जिसमें अलका सिंह पहाड़िया लोकगीत गायिका जिला टॉप विजेता महुआ टीवी एवं मनोहर सिंह गायक अभिनेता सुर संग्राम 2 आ रहे हैं। वहीं राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न होगा।

# उपचुनाव : बसपा को खोखला कर रहा दलित वोटों का बिखराव

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उपचुनाव में अकेले दम पर उतरी बहुजन समाज पार्टी के लिए दलित वोट बैंक के बिखराव को रोक पाना मुश्किल हो रहा है। पार्टी के तमाम प्रयासों के बावजूद दलितों का रुझान अन्य दलों की तरफ दिखाई पड़ रहा है। भाजपा, कांग्रेस और सपा के बाद अब आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) भी बसपा को उपचुनाव में नुकसान पहुंचाने की जुगत में है।

बता दें कि बसपा का वोट बैंक बीते एक दशक के दौरान आधा हो चुका है। इसकी मुख्य वजह भाजपा रही, जिसने 2017 के विधानसभा चुनाव में बसपा के वोट बैंक में गहरी सेंध लगाई थी। हालांकि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने से बसपा को फायदा हुआ था और उसके 10 प्रत्याशी जीतकर सांसद बने थे।

**■ भाजपा-सपा के साथ ये दल भी कर रहा है नुकसान**

इसके बाद बसपा ने दोबारा अकेले चुनाव लड़ने का फैसला लिया। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में उसका यह फैसला गलत साबित हुआ और वोटरों ने दोबारा अन्य दलों में विकल्प तलाशना शुरू कर दिया। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने बसपा से नगीना सीट छीन ली।

वहीं पार्टी को वर्ष 2014 के चुनाव की तरह किसी भी सीट पर जीत हासिल नहीं हुई। इसकी मुख्य वजह दलित वोटरों का बसपा से मोहभंग होना माना जा रहा है। अब देखना यह है कि लगातार एससी-एसटी आरक्षण के उपवर्गीकरण का विरोध कर रही बसपा का साथ दलित वोटर देंगे कि नहीं।

# महानगर में 4826 सक्रिय सदस्यों के सत्यापन के साथ सत्यापन जारी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भाजपा सदस्यता अभियान अवध क्षेत्र सह संयोजक, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह और लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की देख रेख में हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता सत्यापन सह अधिकारी रमेश तूफानी, मान सिंह ने जमा हुए सक्रिय सदस्यता फार्मों का सत्यापन का काम किया गया।

भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं में सक्रिय और प्राथमिक सदस्यता को लेकर उत्साह है। सदस्यता अभियान पार्टी के विस्तार और मजबूती के लिए महत्वपूर्ण है। सक्रिय सदस्य बनने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता ने एक विधानसभा सीट पर 50 प्राथमिक सदस्य बनाकर 100 सदस्यता शुल्क के साथ सक्रिय सदस्यता फॉर्म भरकर मंडल अध्यक्ष के पास जमा किए गए थे। जिनके सत्यापन के बाद उनको सूचीबद्ध किया जा रहा है। सक्रिय कार्यकर्ता ही मंडल समिति और उससे ऊपर के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। साथ ही उन्हें आने वाले समय में पार्टी के लिए काम करने के अवसर भी मिलेंगे।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि पिछली बार लखनऊ महानगर में 2433 सक्रिय सदस्य बने थे लेकिन इस बार पुरानी सक्रिय कार्यकर्ताओं के नवीनीकरण के साथ ही बड़ी संख्या में और नये सक्रिय बन रहे हैं। अभी तक लखनऊ महानगर में 4826 से अधिक सक्रिय सदस्यों के फार्म का सत्यापन का काम किया जा चुका है जिसमें 1 फार्म निरस्त हुआ और 3 फार्म अपूर्ण पाए गए। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि फॉर्म सत्यापन कार्य में सुधीर हलवासिया, महानगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, विवेक तोमर, सौरभ वाल्मीकि, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनायक पाण्डेय, अनुराग साहू, चंद्र प्रकाश अवस्थी, रणविजय उपस्थित रहे।

# भाकपा माले उपचुनावों में सपा का समर्थन करेगी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) राज्य विधानसभा की नौ सीटों पर हो रहे उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी का समर्थन करेगी। ऐसा वह सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने, उसकी नफरत की राजनीति, कारपोरेट परस्ती और मुख्यमंत्री योगी के बुलडोजर राज के खिलाफ लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के लिए करेगी।

भाकपा (माले) के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने सोमवार को यह घोषणा करते हुए बताया कि समर्थन पत्र सपा को भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि विकराल होती बेरोजगारी व महंगाई के लिए भाजपा की नीतियां जिम्मेदार हैं। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश दलित उत्पीड़न, महिला हिंसा, हिरासती मौतों, एनकाउंटरों और मानवाधिकारों के हनन के लिए कुख्यात हुआ है। बहराइच में सांप्रदायिक हिंसा उपचुनावों में ध्रुवीकरण कराने के लिए कराई गई। माले नेता ने कहा कि 69,000 शिक्षक भर्ती में सरकार ने आरक्षण की हकमारी की और मामले को चार साल से लटकाए रखा है। बेटी बचाओ का नारा लगाने वाली पार्टी ने बीएचयू-आईआईटी गैंगरेप में बलात्कारियों को संरक्षण दिया। पीड़ित छात्रा को न्याय दिलाने में जानबूझकर देरी की जा रही है। अमेठी में दलित शिक्षक परिवार का सफाया हुआ। अकबरनगर पर बुल्डोजर चला। प्रदेश में गरीबों, किसानों और अल्पसंख्यकों की बेदखली हो रही है। पेपर लीक, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, अपहरण, हत्या, लूट व दबंगई की घटनाएं आये दिन की बात हैं। रानी सचिव ने कहा कि फर्जी बिजली बिल और प्रीपेड मीटर को लेकर लोग परेशान हैं। उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। स्कीम वर्करों (आशा, आंगनबाड़ी, रसोईया, आजीविका, स्वास्थ्य कार्यकर्ता आदि) के संघर्षों की उपेक्षा की जा रही है।

# टीएमयू नर्सिंग की तनुश्री एंड ग्रुप का पोस्टर अव्वल



अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से राष्ट्रीय एकता पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता में बीएससी नर्सिंग थर्ड ईयर की तनुश्री सागर और मुस्कार विजेता रही। बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की प्रेरणा मोहन और आस्था प्रजापति द्वितीय, जबकि जीएनएम फर्स्ट ईयर की निधि और दिपांशी तृतीय स्थान पर रहीं। इससे पूर्व कॉलेज ऑफ फाइन आर्टस के प्रिंसिपल श्री रविन्द्र देव ने बतौर मुख्य अतिथि, नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्रिंसिपल प्रो. जसलीन एम., प्रो. रामनिवास आदि ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। फाइन आर्टस के प्रिंसिपल श्री रविन्द्र देव ने कहा, राष्ट्रीय एकता दिवस हमें एकजुट रहने, देश की विविधताओं को स्वीकार करने और उन्हें संजोने के लिए प्रेरणा प्रदान करता है। नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. जसलीन एम. ने स्टुडेंट्स को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। एनएसएस इकाई की ओर से आयोजित कार्यक्रम में फैकल्टीज़-श्रीमती हरिथा नायर, श्रीमती भावना सत्याल, मिस अंशिका, मिस पावनी अग्रवाल, श्री गौरव कुमार, श्री नफीस अहमद के संग-संग बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# इण्टरनेशनल टीचिंग ओलम्पियाड में सीएमएस शिक्षिका अव्वल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस की शिक्षिका फहमीना एरम सिद्दीकी ने इण्टरनेशनल सेन्टा टीचिंग प्रोफेशनल ओलम्पियाड-2024 में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर विश्व पटल पर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतिष्ठित शिक्षण ओलम्पियाड में पूरे विश्व से 80,000 से अधिक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया, जिनमें सुश्री फ्हमीना ने 20वीं इण्टरनेशनल रैंक अर्जित कर सी.एम.एस. की अनूठी शिक्षण पद्धति का परचम लहराया है। सुश्री फ्हमीना यह उपलब्धि अर्जित करने वाली लखनऊ की एकमात्र शिक्षिका हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड में सुश्री फ्हमीना ने स्कूल लीडर ट्रैक के अन्तर्गत वर्क प्लानिंग एण्ड लीडरशिप, प्राब्लम-साल्विंग एबिलिटी, लिसनिंग कम्प्रीहेन्सन, एक्जीक्यूशन ऑफ वर्क प्लान आदि विभिन्न मानकों पर अपनी शिक्षण प्रतिभा एवं प्रोफेशनल कौशल का सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह उपलब्धि अपने नाम की है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सुश्री फ्हमीना को बधाई देते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी हैं। श्री खन्ना ने बताया कि सेन्टर फॉर टीचर एक्रिडिटेशन (सेन्टा) के तत्वावधान में टीचिंग प्रोफेशनल्स ओलम्पियाड (टी.पी.ओ.) का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों की शिक्षणेतर प्रतिभा एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित एवं उत्प्रेरित करना है।

# 'पूँजीवाद से राजनैतिक दल बाहर नहीं निकल पा रहे'

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर के संघर्षों के 11 वर्ष पूर्ण होने एवं मंच के 7 वाँ स्थापना दिवस कार्यक्रम केक काटकर धूमधाम से मनाया गया द्य विधायक निवास दारूलशफा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं द्वारा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत हुआ द्य इस अवसर पर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर की अध्यक्षता में प्रदेश के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गयी,जिसमें आगामी रणनीति एवं विस्तृत कार्ययोजना को लेकर गहन मंथन हुआ द्य संगठन को ग्रामसभा स्तर पर पहुंचाने एवं महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में ऑनलाइन, ऑफलाइन दोनों माध्यम से सघन सदस्यता अभियान चलाकर प्रदेश को नकारात्मक राजनीति से बाहर लाने एवं जनता के बुनियादी सवालों के लिए संघर्ष कर मंच की मजबूती पर जोर दिया गया द्य इस दौरान मंच के विभिन्न फ्रंटल,प्रकोष्ठ का गठन कर प्रदेश संयोजक की ज़िम्मेदारी भी तय की गई द्य जाति-धर्म के नाम पर कोई भी फ्रन्टल, प्रकोष्ठ का गठन नहीं किया जायेगा।

मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर ने प्रेस-प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत कम उम्र से ही मेरी सामाजिक कार्यों में अभिरुचि रही है द्य व्यक्तिगत हितों की परवाह किये बिना राष्ट्रीय एवं सामाजिक मुद्दों पर सदैव मुखर रहा हूँ द्य जातिगत नेता एवं जातिगत पार्टियाँ युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहे है द्य अनर्गल बयानों से सदैव दूरी बनाते हुए जनहित में युवाओं के प्रगति, उन्नति, उत्थान एवं बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए पिछले एक दशक से ज्यादा का समय छात्रों, युवाओं, बेरोज़गारों के लिए सदैव संघर्ष के बाद अब जाकर राजनैतिक पार्टियों को युवाओं के भूमिका को महसूस कराने में सफल जरूर हो पाये है लेकिन पूंजीवाद एवं विरासत की राजनीति से राजनैतिक दल बाहर नहीं निकल पा रही है,जो आम प्रतिभावान युवाओं के लिए एक बड़ी चुनौती है द्य आम युवाओं के दर्द का एहसास सोने का चम्मच लेकर पैदा होने वाले युवाओं के ठेकेदारों से सम्भव नहीं है द्य आम नौजवान ही देश के बेहतर भविष्य का मजबूत नींव है जो गाँव, गरीब, किसान, मजदूर के यहाँ पैदा हुआ है वहीं संघर्ष को बेहतर समझ सकता है। मंच देश के आबादी के ऐसे 65 फीसदी युवाओं के लिए युवा हित में एक बेहतर प्लेटफॉर्म तैयार कर रहा है जो युवा देश व समाज के लिए कुछ करना चाहते है ऐसे युवाओं को मंच के कार्यकर्ता गाँव-गाँव जाकर मंच की नीतियों,कार्यक्रमों से जोड़कर संगठन को मजबूत बनाने का युद्ध स्तर पर कार्य करेंगे द्य युवा न कटेगा, न पीटेगा, न बटेगा , अब राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच से जुड़ेगा और बचेगा। इस मौके पर घनश्याम सिंह, देवी प्रसाद पांडेय, देवेन्द्र मिश्रा, विनीत तिवारी, डॉ 0 सर्वेश श्रीवास्तव, डॉ 0 वैभव सिंह, प्रदीप शुक्ला, अंकित गुप्ता, एस के तूफानी, देवेन्द्र सिंह, राजेश कुमार, सुशील कुमार, जोगेंद्र मौर्य, मनोज शर्मा, विजय प्रताप यादव, अमित सिंह, दुर्गेश कुमार, दीपक त्रिपाठी, विनय राज, विकास सिंह आदि अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे

**■ जातिगत नेता एवं जातिगत पार्टियाँ युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहे-शशांक**

# राग द्वेष छोड़ना ही धर्म की प्रथम सीड़ी है : मुनि श्री



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** चतुर्मास मे लखनऊ में धर्म प्रभावना और मानव कल्याण्याक हेतु प्रवचन द्वारा जागृति करने वाले मुनि सुप्रभ सागर एवं मुनि प्रणत सागर महाराज का पिच्छिका परिवर्तन आशियाना जैन मन्दिर मे रविवार को श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। जैन महिला मण्डल की शिखा जैन और अंशिता जैन ने नृत्य के द्वारा मंगलाचरण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सआदतगंज की महिला मण्डल की ओर से मयूर नृत्य की प्रस्तुति हयी। प्रवचन मे सुप्रभ सागर महाराज ने कहा कि चतुर्मास के उपरान्त मुनि विहार करते हैं और देश के अन्य भागों धर्माचरण का उपदेश करते हैं। सतत् विहार से मुनिराजों को समाज से राग-द्वेष नहीं होता। राग द्वेष से हिंसा बढ़ती और हम सब महावीर के अनुयायी है और अहिंसा के उपासक है। अतः राग द्वेष छोड़ना ही धर्म की प्रथम सीढ़ी है। महाराज सुप्रभ सागर ने अपने गुरु आचार्य विशुद्ध सागर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जिन्होने लखनऊ चतुर्मास की आज्ञा प्रदान की।

CMYK

# प्रचार-प्रसार के अभाव में नंदीग्राम में पशुओं की आवक हुई कम

अवधनामा संवाददाता

- ददरी मेला के नंदीग्राम में पहुंचे घोड़े, खच्चर व गदहे
- पशुपालकों को पता नहीं, ददरी मेले में शुरू हो गया पशु मेला
- लंपी बीमारी के कारण दो सालों से नहीं लगा पशु मेला
- नगर पालिका व जिला प्रशासन द्वारा कहीं नहीं लगाया गया पशु मेले का होर्डिंग व बैनर
- चार दिन में नपा को मात्र 28800 रुपये की हुई आमदनी
- नंदीग्राम में दूर-दूर तक गाय व भैंस का पता नहीं, पशुओं के इंतजार में बैठे व्यापारी
- डाला छठ बाद पशुओं के पहुंचने की उम्मीद

**बलिया।** हर साल की भांति इस वर्ष भी भृगु मुनि के शिष्य दर्दर मुनि के नाम पर लगने वाले ददरी मेला के नंदीग्राम की शुरूआत दीपावली व भैया दूज के बाद हो गई है। इसी क्रम में नगर पालिका द्वारा नंदीग्राम में आने वाले पशु व्यापारियों व अतिथियों की सुरक्षा की व्यवस्था की नगर पालिका प्रशासन द्वारा की जा रही है। नगर पालिका व जिला प्रशासन द्वारा प्रचार-प्रसार जनपद स्तर पर नहीं किए जाने के कारण ददरी मेले के नंदीग्राम पशु मेले में पशुओं की आवक कम हो गई है। इसका मुख्य कारण लम्पी बीमारी के कारण दो-तीन सालों से नंदीग्राम पशु मेले का आयोजन न होना भी बताया जा रहा है। जिले के विभिन्न तहसील, चौराहा एवं बॉर्डर पर नंदीग्राम पशु मेला का प्रचार- प्रसार करने के लिए होर्डिंग या बैनर लगाया गया होता तो नंदीग्राम मेले में पशुओं की भरमार लग गई होती। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसके कारण नंदीग्राम मेले में जहां दीपावली और भैया दूज बाद चहलकदमी बढ़ जाती और नगर पालिका को भी आमदनी होती।

बता दें कि प्रत्येक वर्ष की भांति कार्तिक शुक्ल पक्ष के प्रथमा तिथि से ददरी मेले के नंदीग्राम मेले की शुरूआत हो जाती है। दीपावली व भैया दूज पर्व बीतने के बाद बैल व बछड़ों के विभिन्न नस्ल नंदीग्राम मेले में पहुंचना शुरू कर देते थे। लेकिन इस वर्ष प्रचार- प्रसार के अभाव में पशुओं की आवक नंदीग्राम मेले में नहीं हो सकी है। नंदीग्राम मेले में गदहे व खच्चर के साथ ही कुछ घोड़े मेले में पहुंचे। जिले व आस पास के जिले के पशु व्यापारियों को पता नहीं है कि इस वर्ष नंदी ग्राम पशु मेला लगा है। कारण कि लम्पी बीमारी के कारण दो-तीन वर्षों से नंदीग्राम मेला आयोजित नहीं हो पा रहा था। पशुपालकों का कहना था कि नगर पालिका एवं जिला प्रशासन को जनपद के विभिन्न तहसीलों एवं जिले के बॉर्डर पर होर्डिंग एवं बैनर लगाकर प्रचार प्रसार करना चाहिए था। हालांकि मेला पहुंचे कुछ पशु व्यापारियों ने बताया कि डाला छठ के बाद पशुओं की आवक बढ़ सकती है। जबकि नंदीग्राम मेले में कुछ व्यापारी पशुओं का इंतजार करते नजर आए।

आपको बता दें कि चार दिन में नंदीग्राम मेले से नगर पालिका प्रशासन को एंट्री के नाम पर 28000 रुपये प्राप्त हुए। जबकि दो दिन में दो घोड़े बेचे गए हैं। जिसमें रजिस्ट्रेशन के नाम पर 800 प्राप्त हुआ। जबकि पहले यह लाखों में पहुंच जाता था।

## परिवारो मे नए सदस्यों को जोड़ने वाला पर्व है भैया दूज

अवधनामा संवाददाता

**चन्दौसी (संभल)** माध्यमिक शिक्षा मंत्री मा. गुलाब देवी ने भैयादूज के पावन पर्व पर जाति, धर्म और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अपने मुस्लिम भाई मोहम्मद फिरोज खान हिंदुस्तानी की दौज करके एक मिसाल पेश की है । मंत्रीजी मा. गुलाब देवी ने कहा, ÷भैयादूज एक ऐसा अनूठा त्यौहार है जो नए रिश्तों को जोड़कर उनका जश्न मनाने वाला और हमारे परिवारों में नए सदस्यों को जोड़ने वाला पर्व है।÷ उन्होंने मदरसा मौलाना मौहम्मद अली जौहर के प्रबंधक मोहम्मद फिरोज खान हिंदुस्तानी की लंबी उम्र की कामना की। मोहम्मद फिरोज खान हिंदुस्तानी, जो एक सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं, ने इस अवसर पर कहा, माँ गुलाब देवी जी ने भैयादूज के पावन पर्व पर जो मिसाल पेश की है, वह हिंदू-मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारे की मिसाल है। यह घटनाक्रम समाज में सद्भाव और एकता का संदेश दे रहा है और लोगों को धर्म और जाति के आधार पर विभाजित होने के बजाय एकजुट होने के लिए प्रेरित कर रहा है।

# सिरसी सादात पी जी कॉलेज मे उर्दू भाषा विषय पर परिचर्चा आयोजित

अवधनामा संवाददाता




**सिरसी (संभल)** अल्लामा इकबाल फाउंडेशन के बैनर तले 9 नवंबर को मनाए जाने वाले उर्दू दिवस समारोह से पूर्व आयोजित किए जाने वाले उर्दू भाषा और शिक्षा से संबंधित साप्ताहिक कार्यक्रमों का आज प्रथम दिन था जिसमें पहले कार्यक्रम के तौर पर सिरसी सादात पी.जी. कॉलेज में ÷21वीं सदी में कौशल की महत्ता और उर्दू भाषा÷ विषय पर एक महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में कई शिक्षाविदों, विषय विशेषज्ञों और छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्तमान युग में कौशल की बढ़ती ज़रूरतों पर प्रकाश डालना और उर्दू भाषा के विकास में नवीन कौशल उपकरणों के योगदान को समझाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्लामा इकबाल फाउंडेशन, संभल के अध्यक्ष प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी ने की और सर परस्त के तौर पर कॉलेज के संस्थापक प्रोफेसर मोहम्मद हुसैन जाफरी मौजूद रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ सिफ़त फ़ातिमा ने तिलावत ए कुरान पाक से किया और तनवीर अशरफ़ी ने नाते पाक पेश की। सानिया ज़ेहरा, अनअमता और इनायत फ़ातिमा ने खूबसूरत अंदाज में नज़्में पढ़ कर महफिल का समां बांधा। इसके बाद एमजीएम कॉलेज संभाल के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रियाज़ अनवर ने परिचर्चा के विषय का परिचय कराते हुए उर्दू भाषा और कौशल विकास की आवश्यकता से जुड़े मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में एमजीएम कॉलेज संभाल के असिस्टेंट प्रोफेसर मोहम्मद अहमद ने कहा कि आज के समय में नौकरी के साथ-साथ व्यक्तिगत विकास के लिए भी कौशल आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिसके पास नवीन तकनीकी और व्यावसायिक कौशल के साथ बहुभाषिकता का कौशल है वे आसानी से अपने करियर में सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ सकता है। इसके साथ ही उन्होंने कौशल विकास में उर्दू भाषा की महत्ता पर भी जोर दिया। डॉ शाकिर हुसैन इस्लाही ने छात्रों को अंग्रेजी में चार डी, डेडीकेशन, डिटरमिनेशन, डिसिप्लिन और डायरेक्शन का फार्मूला बताकर उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया।

प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि 21वीं सदी का युग तकनीकी और व्यावसायिक कौशल का युग है। ऐसे में उर्दू भाषा का योगदान भी महत्वपूर्ण है, जो हमें साहित्य और संस्कृति के साथ जोड़ती है। प्रोफेसर मोहम्मद हुसैन जाफरी ने नए युग में कौशल विकास के अंतर्गत भाषा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए भाषा कौशल पर गंभीरता से काम करने की नसीहत दी।

## के आर में अनुसंधान पर कार्यशाला संपन्न

**मथुरा।** रसायन शास्त्र विभाग, किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा एवं आरएसपी साइंस हब, कोयंबटूर ,तमिलनाडु के संयुक्त तत्वाधान में अनुसंधान परियोजनाओं एवं वैज्ञानिक शोध पत्र लेखन विषय पर ऑनलाइन मोड पर वन वीक शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम के उद्घाटन सत्र मे मुख्य संरक्षक प्रोफेसर बी एल शर्मा , सहायक निदेशक ,उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज ने कहा कि इस तरह के एकेडमिक आयोजनों से अनुसंधान के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होंगे जिससे देश और समाज लाभांवित होगा। तथा संरक्षण कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार अग्रवाल ने सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी। धन्यवाद एवं आभार वर्कशॉप की संयोजिका डॉ ममता रानी कौशिक ,रसायन शास्त्र विभाग, के आर (पीजी) कॉलेज ,मथुरा ने किया। वर्कशॉप की आयोजन समिति के प्रो राजेश अग्रवाल, प्रो राजेश गौतम, प्रो उमेश शर्मा, डॉ अशोक कुमार कौशिक, डॉ नवीन अग्रवाल, डॉ अजय उपाध्याय, डॉ रामदत्त मिश्रा, लेफ्टिनेंट डॉ कपिल कौशिक ,डॉ विजय नारायण आरएसपी हब, कोयंबटूर के डॉ सी सोनू सह संस्थापक, डॉ सोना डि सोलंकी ड्यूटी हेड एवं डॉ टी प्रवीण उपस्थित रहे। इस वर्कशॉप में भारत के विभिन्न क्षेत्रों से वर्तमान में लगभग 385 शोध प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं।

## वृंदावन के व्यापारियों के विरोध के चलते नगर निगम ने अभियान रोका

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के साथ भीड़ नियंत्रण को लेकर जिला प्रशासन के प्रयासों पर दिए गए निर्देश के अनुपालन में नगर निगम प्रशासन द्वारा पुलिस के सहयोग से सोमवार को मंदिर के आसपास के इलाके में शुरू किए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान को व्यापारियों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। विरोध के बाद अभियान को रोक दिया गया है। प्रसिद्ध ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी के बाद एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जिला प्रशासन से उनके द्वारा किए जा रहे इंतजामात पर रिपोर्ट मांगी थी। जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधार्थ आसपास के इलाके में भीड़ नियंत्रण के उद्देश्य से अतिक्रमण हटाने के लिए 81 स्थान चिन्हित करते हुए सूची न्यायालय के समक्ष पेश की थी। जिसमें आगामी 18 नवंबर को जिला प्रशासन को अग्रिम रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है। इससे पहले ही जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम को अन्य अतिक्रमण चिन्हित करने के आदेश दिए गए थे। इस पर नगर निगम के निर्माण विभाग ने 206 अतिक्रमण चिन्हित किए गए हैं। उन्हें हटाने के लिए सोमवार को नगर निगम के अपर आयुक्त सीपी पाठक, उपजिलाधिकारी ओर क्षेत्राधिकारी सदर संदीप सिंह टीम के साथ बांके बिहारी मंदिर क्षेत्र में पहुंचे। जहां विद्यापीठ चौराहे से अभियान शुरू किया गया। कार्यवाही शुरू होते ही बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी और क्षेत्रीय वाशिंदे विरोध में खड़े हो गए। उनका आरोप है कि प्रशासन द्वारा मनमाने तरीके से अतिक्रमण चिन्हित किए गए हैं। इसके अलावा अभी कार्तिक मास में अनेक पर्व होने के कारण श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। काफी देर की जद्दोजहद के बाद अभियान को अगली तिथि तक टाल दिया गया है।

# डीएम एवं एसपी ने सिकंदरपुर तहसील में सुनी जनशिकायतें

अवधनामा संवाददाता

- तहसील दिवस में अनुपस्थित 16 अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश
- राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर राजस्व के मामले का निस्तारण करे

**बलिया।** जनपद के सभी तहसीलों में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। दीपावली में छुट्टी के कारण पिछला समाधान दिवस निरस्त कर दिया गया था। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने तहसील सिकंदरपुर में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। डीएम ने तहसील दिवस में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), अधिशासी अभियंता लोनिवि (प्रांतीय खंड), अधिशासी अभियंता नलकूप, अधिशासी अभियंता बाढ़, जिला होम्योपैथिक अधिकारी तथा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी प्रकट करते हुए वेतन रोकने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण/समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिया। कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाए। बता दें कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 124 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में पेंशन, भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास, राशन, सड़क, नालियों, अवैध कब्जा, अंश, चकबंदी तथा सड़क बनाए जाने आदि से सम्बन्धित मामले आए, जिसमें संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी रवि कुमार तथा क्षेत्राधिकारी आशीष मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बलदेव में दीपों की रोशनी से जगमगाया क्षीरसागर

अवधनामा संवाददाता

- क्षीरसागर की शिलाएं श्रद्धा के दीपों से तेजोमय हो उठीं

**मथुरा।** ब्रज के राजा दाऊजी की नगरी में क्षीर सागर पर दीप जलाकर दीप महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। द्विदिवसीय दीपदान महोत्सव युवा ब्राह्मण सेवा समिति के तत्वाधान में किया गया। दीपावली व गोवर्धन पूजा अर्चना विशेष वैदिक मंत्रोच्चार के दीपदान के साथ की गई। श्रद्धा के दीपों व आकर्षण प्रकाश युक्त लाइटों से दाऊजी महाराज प्राकट्य स्थल क्षीरसागर झिलमिला गया तो क्षीरसागर की शिलाएं श्रद्धा के दीपों से तेजोमय हो उठीं।

श्रद्धालु 11 हजार दीपमालाओं से हुआ अद्भ्रभुद दीपोत्सव को देखकर आश्चंभित हो गए। क्षीरसागर मनोहारी दृश्य प्रकाश युक्त सजावट श्रद्धालुओं के मान को मोह रहा था। अतिथियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष राहुल तेहरिया, उपाध्यक्ष अखिलेश पाठक ,अवधेश दुबे, विजय रावत ,अवधेश तेहरिया ने दाऊजी महाराज व रेवती मैया की छवि व पटका पहनाकर कर किया। वही गोवर्धन जी की पूजा अर्चना व दीपदान सनातन धर्म महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपेश्वर आचार्य जी ने किया। महामंडलेश्वर गोपेश्वर आचार्य का स्वागत छगन दीक्षित, अनुज उपमन्यु, सौरव रावत ने माल्यार्पण व पटका पहनाकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष मधु शर्मा ने ब्रजराज की नगरी में भव्य एवं सुंदर क्षीरसागर का यह दृश्य मनोहारी लग रहा है मेरा सौभाग्य है हर वर्ष की भांति में यह गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना करने का मौका मिलता है। क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा ने क्षीरसागर कुंड की सुंदरता को देखकर सराहना की। दीपदान का दृश्य को कहा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर ओमप्रकाश गुधेनिया संचालन प्रतीक तेहरिया व विष्णु शर्मा आदि ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### छठ घाट को अंतिम रूप देने में जुटे समिति के सदस्य

**बलिया।** नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के तालाब, पोखरा, सरोवर, गंगा व घाघरा घाट पर विभिन्न समितियों द्वारा साफ-सफाई तथा बेदी बनाई गई और समितियों द्वारा विद्युत उपकरण व प्रकाश आदि समुचित व्यवस्था की जा रही है। उधर रविवार को शहर में नगर पालिका द्वारा नगर के टाउन हाल, रामलीला मैदान, शनिचरी मंदिर, महावीर घाट की साफ-सफाई व बिजली सजावट की व्यवस्था की जा रही थी। इसके अलावा नगर के लाल घाट, हाईड्रिल कालोनी, बहादुरपुर व नगर से सटे निधरिया, अगरसंडा, मिड्ढा के घाटों की साफ-सफाई व बिजली की व्यवस्था समिति व प्रधानों द्वारा की जा रही है। उधर भरौली, उजियार घाट, मझौवां, पचरूखिया घाट की साफ-सफाई व प्रकाश की व्यवस्था समितियों द्वारा अंतिम रूप दी जा रही थी।

### अनुशासनहीनता व लापरवाही के आरोप में प्रशिक्षु उप निरीक्षक व आरक्षी निलंबित

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता एवं अनुशासनहीनता बरतने के आरोप में भीमपुरा थाने पर तैनात आरक्षी रामसागर निषाद एवं प्रशिक्षु उप निरीक्षक सुमित त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से रविवार की रात निलंबित कर दिया है। जिससे पुलिस महकमे में हड़कम्प मचा हुआ है। आरक्षी रामसागर निषाद द्वारा थाना जनता के साथ दुर्व्यवहार करने एवं आमजनमानस में पुलिस की छवि धुमिल एवं प्रशिक्षु उप निरीक्षक सुमित त्रिपाठी को कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही उदासीनता, अकर्मण्यमता एवं अनुशासनहीनता बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया।

### संभल मे चौबीस कोसीय परिक्रमा आज शुरू होगी

**संभल।** जिले के 68 तीर्थ और 19 कुपो की चौबीस कोसीय परिक्रमा कल (आज) से वंश गोपाल कल्किधाम बेनीपुर चक से शुरू होगी जिसकी तैयारिया कर ली गयी है भक्तो की सेवा के लिए जगह जगह शिविर लगाए गये हैं परिक्रमा जिन मार्गो से गुजरेगी उनको ठीक कराया गया है जिससे भक्तो को परेशानी न हो

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भैयादूज का पर्व

**संभल।** रविवार को भैयादूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पर्व के मौके पर शहर में दिन भर जाम की स्थिति रही रोडवेज़ बस स्टैण्ड पर बसो की कमी के चलते लोगों को दिक्कतो का सामना करना पड़ा हाल्कि रोडवेज़ की बसो के अतरिकत चक्कर लगने की व्यवस्था की गई थी जो नकाफी साबित हुई जिससे लोगों को निजी वाहानो का सहारा लेना पडा। भैयादूज पर्व के अवसर पर बहनने भाई का तिलक कर दीर्घ आयु की कामना की बहनो ने भाई के घर जा कर भाई ने बहन के घर जा कर तिलक कराया पर्व के मौके पर भारी उत्साह दिखाई दिया।

### कलयुग के प्रत्यक्ष देव हैं गिरिराज गोवर्धन

**वृन्दावन (मथुरा)।** वंशीवट क्षेत्र स्थित संकीर्तन भवन में संकीर्तन भवन धार्मिक न्यास ट्रस्ट के तत्वावधान में अन्नकूट महोत्सव अत्यंत धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। जिसके अंतर्गत ठाकुर वंशीवट बिहारी गिरधारी लाल जू महाराज का अत्यंत नयनाभिराम व चित्ताकर्षक श्रृंगार करके उन्हें 56 भोग निवेदित किए गए।साथ ही उनके सम्मुख संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य रससिद्ध वाणीकारों द्वारा रचित भोग के पदों का सुमधुर गायन किया गया। श्रीनाभाद्वाराचार्य श्रीमज्जगद्गुरु स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज ने कहा कि गिरिराज गोवर्धन पूजा की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव भगवान श्रीकृष्ण की एक अलौकिक लीला है।जिसमें एक ओर तो वे गिरिराज गोवर्धन के रूप में स्वयं पूज्य बने और दूसरी ओर उन्होंने नंदनंदन के रूप में ब्रजवासियों के साथ गाते-बजाते हुए गिरिराज गोवर्धन की पूजा-अर्चना की। वस्तुतः यह लीला हमारी पुरातन संस्कृति में निहित अपने आराध्य के प्रति आस्था के अतिरिक्त माधुर्य व वैभव का भी प्रतीक है।

# खेत में जल रही पराली की फोटो खींचने पर कर्मचारी को पीटा

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** खेत में जल रही पराली की फोटो खींचने पर कर्मचारी के साथ जमकर मारपीट कर दी। मारपीट में कर्मचारी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कर्मचारी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया हैं जहां उसका उपचार चल रहा है। कर्मचारी ने अपने साथ हुई घटना की अपने से उपर के अधिकारियों को जानकारी दी है। जिला कृषि अधिकारी अश्वनी कुमार ने बताया कि कर्मचारी के साथ हुई घटना के संबंध में जानकारी मिली है। इस संबंध में जिलाधिकारी व अन्य को भी अवगत करा दिया गया है। एटीएम मुकेश चन्द्र न्याय पंचायत राल, विकासखंड मथुरा ने बताया कि उनकी ड्यूटी पराली के नियंत्रण के लिए न्याय पंचायत राल, विकासखण्ड मथुरा में लगाई गई है। इसलिए वह पराली नियंत्रण के लिए रविवार को भ्रमण करते हुए ग्राम राल में पहुंचे जहां जगदीश पुत्र भगवान सिंह के खेत में पराली जलती दिखी जिसे रोकने के उद्देश्य से खेत पर पहुंचकर किसान से आग बुझाने के लिए कहां गया तथा फोटो आदि लेने लगा। इतने में खेत पर उपस्थित शैले पुत्र गंगाराम, किशुना पुत्र भगवान सिंह, जगदीश पुत्र भगवान सिंह, केदार पुत्र दूदी, जगराम पुत्र गुरदयाल एवं अज्ञात लोगों द्वारा जानलेवा हमला करके मोबाइल फोन छीन लिया। सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की, बंधक बनाकर रखा मेरे अनुनय विनय करने पर कुछ देर बाद मुझे छोड दिया गया। जैसे ही मैं राधाकुंड राल रोड पर पहुंचा ही था कि वे लोग घात लगाकर मेरा पीछा करने लगे। वह भागते भागते जुल्हैदी पेट्रोल पंप के सामने एक चाय के खोखे पर बैठ गये और इनके जाने का इंतज़ार करने लगे।

# वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की मासिक बैठक हुई संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की एक आवश्यक बैठक बाबू गंधर्व सिंह लोधी की अध्यक्षता एवं प्रताप नारायण दीक्षित की मुख्य अतिथ्य में कचहरी स्थित हनुमान जी मंदिर पर संपन्न हुई। दीपावली मिलन समारोह के पश्चात बैठक में विभिन्न आवश्यक बिंदुओं पर गहनता से चर्चा हुई जिसमें उपस्थित पदाधिकारीयो ने अपने-अपने विचार रखे। बैठक में मुख्यमंत्री से मांग की गई कि वरिष्ठ नागरिकों में से नगर पालिका में 1 सुयोग्य व्यक्ति को मेंबर के रूप में नियुक्त किया जाए, नगर पालिका अध्यक्ष आह्वान किया कि पांच नाम में एक मेंबर के रूप में नॉमिनेट कर स्वीकृत भेजा जाए वरिष्ठ नागरिकों का प्रतिनिधित्व, 70 वर्ष से ऊपर के लिए भारत सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने का आभार इसके लिए सभी वरिष्ठ नागरिकों ने सरकार का आभार जताया। वरिष्ठ नागरिकों को नगर पालिका अध्यक्ष के माध्यम से पुरानी नगर पालिका का हाल बैठक आदि हेतु प्रदान किया जाए, इसके लिए वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति जिलाधिकारी को भी एक पत्र/ज्ञापन देगी। कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखें। बैठक का संचालन महामंत्री जयशंकर प्रसाद द्विवेदी द्वारा किया गया। इस मौके पर एड.प्रकाश नारायण देवलिया, क्रांति देवी, प्रताप नारायण दीक्षित, गंधर्व सिंह लोधी, बाबा काशीराम साहू, मुन्नालाल दुबे, अशोक स्वर्णकार, सुनील कुमार, विजय सिंह परमार, डा.राजेंद्र श्रीवास्तव, राजाराम गोस्वामी, आत्माराम रिछारिया, एम.पी. अग्निहोत्री, मंजीत सिंह सलूजा, जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, जे.पी.पाराशर, मीडिया प्रभारी कृष्णकांत सोनी आदि उपस्थित रहे।

# जनपद में गौ आधारित मल्टीलेयर फार्मिंग को दें बढ़ावा : अध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** सोमवार को गोसेवा आयोग लखनऊ अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत दयोदय गौशाला का निरीक्षण किया व अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर गौशालाओं की व्यवस्थाओं व गोवंश प्रबंधन की समीक्षा की। अध्यक्ष ने दयोदय गौशाला पहुंचकर सर्वप्रथम विधि विधान के साथ गौ पूजन किया व गौ माता को गुड़ खिलाया। मौके पर उपस्थित गौशाला प्रभारी से जानकारी ली, जिसमें बताया गया कि गौशाला में 890 गौवंश संरक्षित हैं, गौशाला में पर्याप्त मात्रा में भूसा, चोकर, पानी आदि उपलब्ध है, समय-समय पर पशुओं का चिकित्सकीय परीक्षण किया जाता है। अध्यक्ष ने गौशाला का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। तदोपरांत अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया। बैठक में सीडीओ के.के.पाण्डेय ने बताया कि जनपद में 29 गौशालाएं संचालित हैं, जिनमें कुल 32991 गौवंश संरक्षित हैं। मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत जनपद में कुल 10007 गौवंश सुपुर्द किये गए हैं। अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में प्रत्येक गौशाला में पर्याप्त मात्रा में हरे चारे का प्रबंध किया जाए, इसके लिए नेपियर घास उगाई जाये, जनपद में मूंग की खेती पर्याप्त मात्रा में होती है, इसका भूसा भी प्रयोग में लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गौशाला में गौमूल एकत्र करने हेतु पक्का कैटिल शेड, बायोगैस प्लांट, प्राकृतिक खेती केन्द्र की स्थापना करायी जाये, साथ ही कम से कम 100 किसानों को जीवामृत बनाने व मल्टी लेयर फार्मिंग हेतु अन्य किसानों का प्रशिक्षण दिलाने के लिए ब्रांड एम्बेसडर बनाया जाए।

# राम कथा कलयुग में हमारे पापों को नष्ट करने वाली है: शास्त्री

- जिला टॉप टेन हाईस्कूल इंटर मेधावियों को किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता




**महरौनी/ललितपुर।** महर्षि दयानंद सरस्वती योग संस्थान आर्य समाज महरौनी के तत्वाधान में पांच दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का प्रारम्भ धूमधाम के साथ हुआ। अजमेर के कथावाचक आचार्य भवदेव शास्त्री ने कथा का शुभारंभ करते हुए बताया कि राम कथा कलयुग में हमारे पापों को नष्ट करने वाली है ,राम कथा सुनने से व्यक्ति के जीवन में सुधार होता है ,जो व्यक्ति सत्संग सुनता है वह अपनी बुराइयों को दूर करके एक अच्छा इंसान बन जाता है , आज के समय में मानव को मानव बनाना बहुत आवश्यक है क्योंकि इंसान में इंसानियत कम होती जा रही है, उन्होंने अयोध्या जी का वर्णन करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने लिखा है कि अयोध्या में कोई व्यक्ति व्यभिचार, चोर, अनपढ़, नास्तिक नहीं था ।हमारे देश की महिमा बड़ी निराली है भजन की प्रस्तुति देते हुए बताया कि भारतवर्ष प्राचीन काल में समृद्ध था ,सभी लोग वेद की शिक्षाओं के अनुसार आचरण करते थे ,इसलिए यहां पर हमेशा गोपालन ,यज्ञ आदि श्रेष्ठ कार्य होते थे । हमारे देश ने ही पूरी दुनिया को भाषा विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, संगीत का ज्ञान ,गणित शास्त्र का ज्ञान, खगोल विद्या का ज्ञान दिया है । हमें जो इतिहास में पढ़ाया जा रहा है वह ठीक नहीं है, उन्होंने राम जन्म के अवसर पर चलो चलो रे कौशल्या के द्वार जन्मे राम लला भजन गाकर के श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया । कथा के संयोजक लखन लाल आर्य ने बताया कि पांच दिवसीय राम कथा का समापन 7 नवंबर को होगा । प्रतिदिन सद्भावना मंच पर सुबह 7:00 से 9:00 तक गायत्री महायज्ञ एवं शाम 7 बजे रामकथा का आयोजन किया जा रहा है । कार्यक्रम में स्वामी सुरेन्द्रानंद सरस्वती दिल्ली,मुनि पुरुषोत्तम वानप्रस्थ, प्रेम नारायण सोनी एड,भानू प्रताप सिंह राजा भैया, आर पी गोस्वामी, रामकुमार निरंजन मिर्चवारा,सुरेश प्रजापति,रामसेवक निरंजन शिक्षक, अवधेश प्रताप सिंह बेस, जयदेवी शुक्ला,विवेक प्रजापति शिक्षक,रामकुमार सेन अजान, देवेंद्र सेन वेदांश मेडिकल, ललित सेन नैनशी मेडिकल उपस्थिति रहें।

कथा शुभारंभ पर जिले में हाईस्कूल वर्ष 2024 टॉप टेन में हर्ष शुक्ला पुत्र संजय शुक्ला 96 प्रतिशत जिले में प्रथम ,अंशिका निरंजन पुत्री श्री अरविंद निरंजन 96 प्रतिशत जिले में प्रथम,,राधिका तिवारी पुत्री श्री हरिश्चंद्र तिवारी 95.5 प्रतिशत जिले में तृतीय,आरूषि यादव पुत्र श्री ध्यान सिंह यादव 95.33 प्रतिशत जिले में चतुर्थ,जानवी पुत्री श्री राजकुमार 95.33 प्रतिशत,अभय राजा पुत्र श्री अनिल प्रताप सिंह 95.17 प्रतिशत जिले पंचम,मयंक निरंजन पुत्र श्री देशराज निरंजन 94.83 प्रतिशत जिले में षष्ठ,माधव सिंह पुत्र श्री रंजीत सिंह 94.67 प्रतिशत जिले में सप्तम, साहिल खान पुत्र श्री मुन्ना खान 94.67 प्रतिशत जिले में सप्तम,हार्दिक चौबे पुत्र श्री संतोष कुमार चौबे 94.50 प्रतिशत अष्टम,अभय प्रताप सिंह पुत्र श्री सुजान सिंह 94.33 प्रतिशत जिले में नवम,दिव्यांशी पुत्री श्री रामप्रसाद अहिरवार शिक्षक 94.33 प्रतिशत जिले में नवम,कनक पुत्री श्री महेश कुमार 94.33 प्रतिशत जिले में नवम तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2024 इंटर टॉप टेन जिलें में ओमशी पुत्री श्री देवेंद्र सिंह चौहान शिक्षक 95.4 प्रतिशत जिले में प्रथम,प्रणव गोस्वामी पुत्र श्री पार्थ सारथी गोस्वामी 94.8 प्रतिशत जिले में तृतीय,तेजल सेन पुत्री श्री लखन लाल सेन 94 प्रतिशत जिले में अष्टम,राधिका मिश्रा पुत्री श्री कुलदीप मिश्रा 93.8 प्रतिशत जिले में अष्टम,समा आफरीन पुत्री श्री कलीम खान हाजी शिक्षक 93.8 प्रतिशत जिले में अष्टम को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऋद्धिमान साह ने लिया संन्यास



भारतीय क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। अब बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले भारतीय क्रिकेट से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल, अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साह रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सीजन के बाद क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास ले लेंगे। बंगाल के इस 40 वर्षीय क्रिकेटर ने 2010 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था तब से अब तक उन्होंने 40 टेस्ट और 9 वनडे मैच खेले हैं।

ऋद्धिमान आईपीएल के 18वें सीजन में नहीं खेलेंगे। साहा आईपीएल के पिछले सीजन में गुजरात टाइटंस का हिस्सा थे। साहा ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में कहा कि, क्रिकेट में एक शानदार सफर के बाद ये मेरा आखिरी सत्र होगा। मैं आखिरी बार बंगाल का प्रतिनिधित्व करने और संन्यास लेने से पहले केवल रणजी ट्रॉफी में खेलने पर सम्मानित महसूस कर रहा है। उन्होंने रविवार देर रात जारी पोस्ट में कहा कि, आइए इस सत्र को यादगार बनाएं। पिछले साल केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर होने से पहले साहा लंबे समय तक भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा रहे। ऋद्धिमान साहा पहली बार साल 2010 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल हुए थे। जब तक एमएस धोनी रहे, टेस्ट टीम में उनकी जगह पक्की नहीं हो पाई थी। साल 2014 में धोनी के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद साहा को टेस्ट में नियमित मौके मिले। उन्हें आखिरी बार साल 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में मौका मिला था। उसके बाद से वो टीम से बाहर चल रहे हैं। साहा अब 40 साल के हो चुके हैं और उन्हें इसी महीने खेली जाने वाले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मौका नहीं मिला।

# मोहम्मद शमी को लेकर आई बुरी खबर, रणजी के अगले 2 राउंड से बाहर हुए अनुभवी गेंदबाज



टीम इंडिया से बाहर चल रहे मोहम्मद शमी को एक्शन में देखने के लिए फैंस को अभी और इंतजार करना होगा। शमी जो रणजी ट्रॉफी में नजर आने वाले थे वह अगले दो राउंड के मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। बंगाल के लिए खेलने वाले ये तेज गेंदबाज के लिए बड़ा झटका है। 34 साल के शमी ने अपना पिछला मैच वनडे वर्ल्ड कप में खेला गया था। अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मैच के बाद से मैदान पर नजर नहीं आए हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए चुना नहीं गया था। वह बंगाल के पहले दो राउंड के मुकाबलों के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। बंगाल को पहला मैच बेंगलुरु और दूसरा मैच इंदौर में खेलना है। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक बंगाल के कोच लक्ष्मी रत्न शुक्ला ने कहा था कि शमी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए खुद को तैयार कर रहे थे। ऐसा करने से पहले वह रणजी ट्रॉफी खेलने चाहते हैं ताकि उन्हें मैच टाइम मिले। कोच को इस बात की भी खुशी भी कि टीम के चार खिलाड़ी इंडिया और इंडिया ए के लिए खेलते हैं। हालांकि, फिलहाल ये संभव होता नहीं दिख रहा है।

# श्रीलंका और भारत में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद गौतम गंभीर पर उठ रहे सवाल

श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में अभूतपूर्व हार ने गौतम गंभीर को भारतीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त होने के बमुश्किल तीन महीने बाद ही भारी दबाव में डाल दिया है। गंभीर को काफी धूमधाम से राष्ट्रीय टीम के कोच पद पर नियुक्त किया गया था। उन्हें इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयन समिति की बैठक में भी शामिल किया गया था। राष्ट्रीय टीम के साथ उनके शुरुआती रिपोर्ट कार्ड से साफ पता चलता है कि भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज के लिए चीजें अच्छी नहीं दिख रही हैं। गंभीर को टीम चयन मामलों में भी काफी छूट दी गयी है और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अगर टीम के प्रदर्शन में बड़ा सुधार नहीं होता है तो आने वाले समय में टीम से संबंधित मुद्दों पर उतनी अहम भूमिका नहीं निभा पाएंगे।गंभीर के कमान संभालने के तुरंत बाद, भारत 27 वर्षों में पहली बार श्रीलंका से एकदिवसीय श्रृंखला हार गया और फिर न्यूजीलैंड ने रविवार को घरेलू टेस्ट में अपनी टीम का 3-0 से सफाया कर दिया। भारत का



इससे पहले कभी भी तीन या उससे अधिक मैचों की श्रृंखला में सूपड़ा साफ नहीं हुआ था। टीम के साथ कोच केवल योजना ही बना सकता है लेकिन स्पिनरों के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी जानने के बावजूद मुंबई में पूरी तरह से स्पिनरों की मददगार पिच के चयन करने पर उन पर सवाल उठ रहे हैं। गंभीर हर परिस्थिति में खिलाड़ियों से एक ही जैसा रवैया चाहते है, जिसे भारतीय क्रिकेट से करीब से जुड़े लोगों के लिए भी समझना मुश्किल है। मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट की दूसरी शाम तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को रात्रिप्रहरी के रूप में भेजने और पहली पारी में सरफराज खान को आठवें नंबर पर भेजने पर सहमति कुछ ऐसे रणनीतिक कदम हैं जिन पर हर कोई सवाल उठा रहा है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, गौतम गंभीर को ऐसा अधिकार दिया गया जो उनके पूर्ववर्ती रवि शास्त्री और राहुल द्रविड़ के पास नहीं थी। बीसीसीआई के नियम कोच को चयन समिति की बैठकों का हिस्सा बनने की अनुमति नहीं देते हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया दौरे की चयन बैठक के लिए एक अपवाद था।'' उन्होंने कहा, ''दौरे की अहमियत को देखते हुए मुख्य कोच को इसमें भाग लेने की अनुमति दी गई थी।'' दिल्ली और केकेआर के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्र और एसआरएच के ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी उन दो खिलाड़ियों में शामिल है जिन्हें मुख्य कोच की मांग पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम में चुना गया है। ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला गंभीर के लिए एक कठिन परीक्षा होगी क्योंकि उन्हें कुछ दिग्गज खिलाड़ियों का बचाव करने के साथ उन्हें आईना दिखाना पड़ सकता है क्योंकि बोर्ड की उन पर पैनी नजर है।

# पाकिस्तान स्पिन ट्रैक पर भारत को... वसीम अकरम के बयान पर लग जाएगी भारतीय फैंस को मिर्ची

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारत को पहली बार घरेलू जमीं पर हार का सामना करना पड़ा है। न्यूजीलैंड ने भारत को घर पर टेस्ट सीरीज में 3-0 से रौंदा। इस हार के बाद भारतीय टीम की निंदा पूरी दुनिया में हो रही है। ऐसे में पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान कहां पीछे रहने वाला है। पाकिस्तान के कई क्रिकेट एक्सपर्ट भारत की इस हार पर अपनी-अपनी राय दे रहे हैं। ऐसे में पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने जो बयान दिया है उसे भारतीय फैंस के लिए पचा पाना मुश्किल होगा।

दरअसल, वसीम अकरम ने कहा है कि अगर पाकिस्तान टीम स्पिन ट्रैक पर भारत के खिलाफ खेलती है तो वह जीत सकती है। ये बात उन्होंने ऑस्ट्रेलिया वर्सेस पाकिस्तान पहले वनडे के दौरान



कमेंट्री करते हुए कही। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच तीन मैच की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला मेलबर्न में खेला जा रहा है। इस दौरान माइकल वॉन और वसीम अकरम एक साथ कमेंट्री कर रहे थे। उस दौरान वॉन ने भारत की हार पर चर्चा करते हुए कहा कि, मैं भारत और पाकिस्तान के बीच टेस्ट सीरीज देखना चाहता हूं। जिसके जवाब में वसीम अकरम बोले कि, ये बहुत बड़ी सीरीज होगी। ये खेल के लिए, क्रिकेट के दीवाने दो देशशों के लिए अच्छा होगा। वॉन ने आगे कहा कि पाकिस्तान भारत को टर्निंग ट्रैक पर हरा सकता है।

इसके जवाब में वसीम अकरम ने बोले कि, पाकिस्तान के पास अब स्पिनिंग ट्रैक पर भारत को टेस्ट में हराने का मौका है। न्यूजीलैंड ने उन्हें घरेलू मैदान पर 3-0 से हराया है। बता दें कि, पाकिस्तान ने हाल ही में घर पर इंग्लैंड के खिलाफ 2021 के बाद पहली घरेलू सीरीज जीती है। इस सीरीज के पहले मुकाबले में मेजबान टीम को बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। जिसके बाद टीम मैनेजमेंट ने बड़े बदलाव करते हुए सीनियर खिलाड़ियों को रेस्ट दिया और कुछ स्पिनर्स को मौका दिया। अगले दो मैच पाकिस्तान अपने स्पिनर्स नोमान अली और साजिद खान के दम पर जीतने में कायमाब रहा। इन दोनों ने दो मैचों में 40 में से 39 विकेट झटके थे।

## टीम इंडिया की हार के बाद एक्शन के मूड में बीसीसीआई, मुश्किल में फंस सकते हैं गौतम गंभीर

भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 0-3 से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। भारतीय टीम को पहली बार अपने घर पर तीन या उससे ज्यादा मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा। 24 साल बाद टीम इंडिया का अपने घर पर टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ हुआ। इससे पहले उसे साउथ अफ्रीका ने साल 2000 में दो मैचों की टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ कर दिया था। आने वाले समय में टीम सेलेक्शन से जुड़े मुद्दों पर उनकी बातों को तवज्जो मिलना मुश्किल दिख रहा है। गंभीर के कमान संभालने के ठीक बाद भारत ने 27 साल में पहली बार श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज गंवाई। फिर न्यूजीलैंड ने रविवार को भारत का 3-0 से सूपड़ा साफ कर दिया। वहीं अब टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर अच्छी स्पिन गेंदबाजी के सामने बार-बार विफल रहा है। गौतम गंभीर को वह सुविधा दी गई, जो रवि शास्त्री और राहुल द्रविड़ को नहीं थी।

# टीम इंडिया की शर्मनाक हार पर ये क्या कह गए डेविड वॉर्नर, फैंस के जले पर छिड़का नमक

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ होने के बाद भारतीय टीम सवालों के घेरे में है। हर तरफ भारतीय बल्लेबाजी की कड़ी आलोचना हो रही है। ऋषभ पंत को छोड़कर कोई भी भारतीय बल्लेबाज कीवी गेंदबाजों के सामने नहीं टिक पाया। सरफराज खान ने 171 रन जरूर बनाए लेकिन वह पांच पारियों में फ्लॉप रहे। भारत को घर पर न्यूजीलैंड के हाथों क्लीन स्वीप झेलने के बाद 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने भारतीय बल्लेबाजी को चिंता का विषय बता दिया है।

वहीं डेविड वॉर्नर ने भारतीय टीम के जख्म पर नमक छिड़कते हुए ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर वॉर्निंग दी है। वॉर्नर ने फॉक्स स्पोर्ट्स से कहा कि, इससे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों



को मदद मिलेगी। भारतीय खिलाड़ी 3-0 से हारने के बाद यहां आ रहे हैं। वे ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों में उतरेंगे, जिसके पास तीन वर्ल्ड क्लास तेज गेंदबाज और एक वर्ल्ड क्लास स्पिन गेंदबाज है। अगर मैं भारत के बल्लेबाजी क्रम में हू तो मैं भी नर्वस होता। हालांकि, वॉर्नर ने न्यूजीलैंड की फील्डिंग की सराहना की और उपमहाद्वीप में उनके प्रदर्शन को शानदार बताया। वॉर्नर ने कहा कि, मैं उनके पहले टेस्ट को देखूं तो उन्होंने कुछ बेहतरीन कैच पकड़े थे। इससे माहौल तैयार हो गया। अगर आप इस तरह के कैच लेते हैं और आप बढ़त हासिल करते हैं। सीरीज में 1-0 से आगे रहते हैं तो य बड़ी बात है। मुझे पता है कि भारत में जीतना कितना मुश्किल है। न्यूजीलैंड ने जो कारनामा किया है वो बेहतरीन है।

# क्या ऐश्वर्या राय बच्चन अपनी बेटी आराध्या के साथ निमरत की वजह से अपना घर जलसा छोड़ देंगी?



ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा जोड़ों में से एक हैं। दोनों तलाक की अफवाहों के कारण चर्चा में हैं। ऐसी अफवाहें हैं कि अमिताभ बच्चन के जन्मदिन के वीडियो में ऐश्वर्या राय की अनुपस्थिति और अपने पति के बिना समारोहों में उनकी उपस्थिति ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। इसके अलावा, निमरत कौर के साथ अभिषेक बच्चन के अफेयर की अफवाहों ने लोगों को यह विश्वास दिलाया कि अभिनेत्री ही उनके अलगाव की खबरों के पीछे की वजह हैं।

इन सभी अटकलों के बीच, ऐसी अफवाहें हैं कि ऐश्वर्या राय अपनी बेटी आराध्या के साथ जलसा छोड़कर नए घर में जाएंगी। ऐश्वर्या और अभिषेक बच्चन के बीच तलाक की अफवाहों ने निमरत की दसवीं स्टार के साथ नज़दीकियों के कारण लोगों को चौंका दिया है। ऐसे दावे हैं कि ऐश्वर्या राय बच्चन और उनकी बेटी आराध्या अभिषेक के घर से निकलकर निकट भविष्य में नए बंगले में शिफ्ट हो जाएंगी। वैसे, इस बारे में कोई पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यह महज एक धारणा है। ऐश्वर्या और अभिषेक बच्चन के तलाक की अफवाहों ने कई लोगों को चौंका दिया, लेकिन दोनों ने अब तक इन अफवाहों के बारे में कुछ नहीं कहा है।

दोनों ने कई लोगों को प्यार के पल दिए और अब कथित तौर पर उनकी शादी भी कमज़ोर हो गई है। अभिषेक फिल्म आई वांट टू टॉक में नज़र आएंगे और उन्होंने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। लोगों ने यह भी देखा कि ऐश्वर्या ने अपने पति की नई फिल्म को कोई समर्थन नहीं दिया। अभिषेक और ऐश्वर्या की शादी को अब 17 साल हो चुके हैं और वे एक बेटी आराध्या के माता-पिता हैं। ऐश्वर्या अंबानी की शादी में बच्चन परिवार के बिना अपनी बेटी के साथ पहुंचीं। ऐश्वर्या और आराध्या अवॉर्ड्स में भी पहुंचीं।

# क्या अजय देवगन स्टारर सिंघम अगेन भूल भुलैया 3 को टक्कर देगी?




बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्म आखिरकार, लंबे इंतजार के बाद निर्माताओं ने 28 अक्टूबर को अजय देवगन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म सिंघम अगेन की एडवांस बुकिंग शुरु हो चुकी है। हालांकि, स्क्रीन शेयरिंग की स्थिति पर गतिरोध के कारण पूरी तरह से एडवांस बुकिंग नहीं खोली गई है। बॉलीवुड के एक्शन डायरेक्टर रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित एक्शन कॉप ड्रामा घोषणा के केवल 24 घंटों में 11,72 लाख रुपये की कमाई करने में सफल रहे हैं। दरअसल, पूरे भारत में इसके 433 शो हैं और 3177 टिकटें पहले ही बिक चुकी हैं। राज्य-वार संग्रह में मुंबई ?5.98 लाख के साथ सबसे आगे है, इसके बाद दिल्ली ?2.59 लाख के साथ है। चूंकि फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज होने में सिर्फ दो दिन बचे हैं, इसलिए भारत में बॉक्स ऑफिस पर स्थायी प्रभाव छोड़ने के लिए फिल्म को दोगुनी या तिगुनी कमाई करनी होगी। कार्तिक आर्यन की फिल्म की पहले दिन 17000 तक टिकटें बिक चुकी हैं। इस दौरान बुक माय शो पर दोनों फिल्मों का बज देखें, अभी भुल भुलैया 3 इस मामले में आगे है। आपको बता दें कि, भुल भुलैया 3 और सिंघम अगेन दोनों फिल्में 2डी में रिलीज होगी। खबर सामने आई है कि सिंघम अगेन फिल्म को यूए सर्टिफिकेट से पास कर दिया गया है।

# अविनाश मिश्रा और रजत दलाल के बीच हाथापाई, अब कौन होगा घर से बेघर?

बिग बॉस 18 इस समय सबसे चर्चित शो है। सलमान खान इसके होस्ट हैं और टीवी इंडस्ट्री के कई बड़े नाम इसका हिस्सा हैं। दो हफ्तों में ही कंटेस्टेंट्स लड़ाई-झगड़ों की वजह से खूब चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर बिग बॉस 18 के घर में होने वाली हर घटना पर फैन्स चर्चा कर रहे हैं। वीकेंड का वार के दो दिन सलमान खान ने कंटेस्टेंट्स को जमकर खरी-खोटी सुनाई। हर सीजन में एक न एक बार ऐसा होता है जब कंटेस्टेंट्स के बीच हाथापाई हो जाती है। इस सीजन में अविनाश मिश्रा और रजत दलाल के बीच बहस और बढ़ गई है। बिग बॉस 18 के नए प्रोमो में हम अविनाश मिश्रा और रजत दलाल को चाहत पांडे की वजह से लड़ते हुए देखते हैं। अविनाश और चाहत एक दूसरे के कट्टर दुश्मन हैं। प्रोमो वीडियो में हम देखते हैं कि चाहत जिसे एक दिन के लिए घर का कप्तान बनाया गया है,



अविनाश से पूछती है कि उसने टेबल साफ की या नहीं। वह जवाब देने से इनकार कर देता है और रजत दलाल वहीं खड़ा होता है। वह गुस्सा हो जाता है और सवाल करता है कि वह रात में चाहत को क्यों परेशान कर रहा है। बहस नियंत्रण से बाहर हो जाती है और रजत यह कहते हुए बयान देता है कि कोई भी उसके सामने किसी लड़की को बेवजह परेशान नहीं करेगा। बाद में, हम देखते हैं कि रजत अविनाश मिश्रा को लगभग एक खंभे से दबा देता है और वे अपनी पूरी आवाज में चिल्लाते हैं। अविनाश से बात करते हुए रजत गुस्से और गुस्से से उबल रहा है। यह प्रशंसकों के लिए भी आश्चर्य की बात है क्योंकि रजत और चाहत पिछले कुछ समय से एक-दूसरे से झगड़ रहे हैं। पूर्व वास्तव में अविनाश का दोस्त था और उसके गिरोह में शामिल होना चाहता था। लेकिन ऐसा लग रहा है कि उनकी दोस्ती खत्म हो गई है।

अतीत में, हमने देखा है कि प्रतियोगियों के हिंसक कृत्यों के कारण एलिमिनेशन हुआ है। तो क्या रजत दलाल और अविनाश मिश्रा की लड़ाई का भी यही नतीजा होगा। क्या उनमें से कोई एलिमिनेट होगा? प्रशंसकों को इंतज़ार करना होगा और देखना होगा। आज के एपिसोड में, हम प्रतियोगियों को नामांकन प्रक्रिया को पूरा करते हुए भी देखेंगे। एक आश्चर्यजनक कदम में, श्रुतिका अर्जुन शिल्पा शिरोडकर को नामांकित करेंगी। अविनाश मिश्रा, ईशा सिंह, करणवीर मेहरा और अन्य जैसे अन्य लोगों को भी दूसरों द्वारा नामांकित किया जाता है।

# पंचायत सीजन 4 की शूटिंग शुरू, जीतेंद्र कुमार उर्फ सचिव और उनकी टीम फिर से लोगों का मनोरंजन करेगी



पंचायत वेब सीरीज सबसे लोकप्रिय में से एक है। जीतेंद्र कुमार, नीना गुप्ता, फैजल मलिक, रघुबीर यादव, चंदन रॉय और कई अन्य लोग पंचायत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कहानी जीतेंद्र कुमार उर्फ सचिव जी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो फुलेरा नामक गांव में पंचायत चलाते हैं। यह उन चुनौतियों के बारे में है, जिनका सामना उन्हें अपने कर्तव्य को सही तरीके से निभाने और यहां तक कि ग्रामीणों की समस्याओं को हल करने के लिए करना पड़ता है। इसमें कॉमेडी का तड़का है और हर किरदार को पसंद किया जाता है। शानदार सीजन तीन के बाद, अब निर्माताओं ने सीजन चार की शुरुआत की घोषणा की है।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसमें कुछ बिहाइंड द सीन तस्वीरें शेयर की गई और घोषणा की गई कि पंचायत 4 की शूटिंग शुरू हो गई है। तस्वीरों में, प्रशंसक जीतेंद्र कुमार और चंदन रॉय को बाइक ट्रिप पर देख सकते हैं। अन्य तस्वीरों में फैजल मलिक और अन्य लोग देखे जा सकते हैं। चौथी तस्वीर में फुलेरा का प्रतिष्ठित पंचायत कार्यालय है। प्रशंसक इसे दिन की सबसे अच्छी खबर बता रहे हैं। पंचायत और इसके किरदारों के बहुत से प्रशंसक हैं जो यह जानकर बहुत उत्साहित हैं कि चौथा सीजन आने वाला है। एक टिप्पणी में लिखा था, देख रहा है बिनोद कैसे जल्दी जल्दी स्क्रिप्ट लिखकर आगे की सीज़न फटाफट रिलीज़ करने की तैयारी कर रही है।

एक और टिप्पणी में लिखा था, फुलेरा में वापस आने की खुशी की बात कुछ और ही है। पंचायत का तीसरा सीजन प्रधान जी के अस्पताल में भर्ती होने के साथ समाप्त हुआ। जब सचिव जी अपनी परीक्षा देने गए, तो दो बंदूकधारी प्रधान जी का पीछा कर रहे थे, प्रहलाद पांडे और विकास। इसमें प्रधान जी को गोली लग गई और वे अस्पताल में भर्ती हो गए। वे सभी विधायक को अपराधी मानते थे और सचिव जी ने बनराका को थप्पड़ मार दिया। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि बंदूकधारी कौन थे और उन्हें सचिव जी को निशाना बनाने के लिए किसने भेजा था। क्या वह विधायक थे? क्या वह बनराका थे? या कोई और था? प्रशंसक उम्मीद कर सकते हैं कि कलाकारों में कुछ नए चेहरे और किरदार शामिल होंगे।

# महंगी बिक रही हैं सिंघम अगेन की टिकटें? एडवांस बुकिंग में ऐसा रहा हाल

अजय देवगन, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, अर्जुन कपूर, टाइगर श्रॉफ, अक्षय कुमार, जैकी श्रॉफ और रवि किशन की सिंघम अगेन 1 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। यह फिल्म साल की




सबसे बड़ी रिलीज में से एक मानी जा रही इस फिल्म के टिकटों की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। आलम यह है कि फिल्म की टिकट के दाम भी अब काफी ज्यादा हो गए हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि सिंघम अगेन का बेसब्री से इंतजार कर रहे प्रशंसक रोहित शेट्टी की एक्शन से भरपूर निर्देशन वाली इस फिल्म के लिए टिकट बुक करने के लिए दौड़ पड़े हैं। ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफार्म पर थोड़ी खोजबीन से पता चलता है कि मुंबई में सबसे महंगी टिकट की कीमत 2,570 रुपये है, जिसमें मैसन पीवीआर जियो वर्ल्ड ड्राइव, मुंबई में 70 रुपये का सुविधा शुल्क भी शामिल है। इस बीच, सिंघम अगेन की भिड़ंत भूल भुलैया 3 से होगी, जिसमें कार्तिक आर्यन, माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी और विद्या बालन मुख्य भूमिका में हैं। सिंघम अगेन का निर्माण रोहित शेट्टी पिक्चर्स, रिलायंस एंटरटेनमेंट, जियो स्टूडियोज और देवगन फिल्म्स द्वारा किया गया है। सिंघम, सिंघम 2, सिंबा और सूर्यवंशी के बाद यह कॉप यूनिवर्स की पांचवीं किस्त है। सलमान खान भी सिंघम अगेन में चुलबुल पांडे के रूप में कैमियो करते नजर आएंगे। हाल ही में, अक्षय ने सोशल मीडिया पर एक संकेत दिया कि सलमान खान भी कैमियो करेंगे। अक्षय ने अजय, रोहित, टाइगर और अर्जुन के साथ एक तस्वीर साझा की। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, हम सब ने मिल के कि बहुत सी चुलबुल बातें...ससिंघम अगेन। बता दें कि फिल्म में अजय देवगन एक बार फिर सिंघम बनकर परदे पर आ रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को काफी पसंद आया और इस फिल्म के लिए क्रेज भी बरकरार है।

# 2 करोड़ रुपये दो या मर जाओ, व्हाट्सएप पर आया मैसेज, सलमान खान को फिर मिली जान से मारने की धमकी

बॉलीवुड स्टार सलमान खान को फिर से जान से मारने की धमकी मिली है, जिसमें फिरौती मांगी गई है। इस बार अज्ञात कॉलर ने अभिनेता से 2 करोड़ रुपये मांगे हैं। खबर सामने आने के तुरंत बाद मुंबई पुलिस हरकत में आई और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुंबई पुलिस ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर पर फिरौती मांगने वाले कई व्हाट्सएप मैसेज भेजने का मामला दर्ज किया। मैसेज के मुताबिक, अज्ञात कॉलर ने कहा कि अगर 2 करोड़ रुपये नहीं दिए गए तो सलमान खान को मार दिया जाएगा। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, वर्ली ट्रैफिक पुलिस को एक अज्ञात व्यक्ति ने 2 धमकी भरे मैसेज भेजे हैं। वर्ली पुलिस ने धमकी देने वाले व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 354 (2), 308 (4) के तहत मामला दर्ज किया है। इस सप्ताह की शुरुआत में, उत्तर प्रदेश के नोएडा से एक 20 वर्षीय व्यक्ति को अभिनेता और विधायक तथा एनसीपी (अजित



पवार) नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जिनकी 12 अक्टूबर को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुंबई पुलिस ने कहा कि उसने गुफरान खान को हिरासत में ले लिया है और उसे ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद तैयब के रूप में हुई है, जिसे गुरफान खान के नाम से भी जाना जाता है और उसे नोएडा के सेक्टर 39 से गिरफ्तार किया गया। जीशान के पिता बाबा सिद्दीकी, जो तीन बार विधायक, महाराष्ट्र में पूर्व राज्य मंत्री और सलमान खान के करीबी दोस्त थे, की उनके बेटे के कार्यालय के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाद में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने उनकी हत्या की जिम्मेदारी ली। जीशान को यह धमकियाँ उनके पिता की हत्या के कुछ सप्ताह बाद मिलीं। इस साल अप्रैल में, दो लोग मोटरसाइकिल पर आए और मुंबई में सलमान खान के आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर चार गोलियाँ चलाईं। घटना के बाद हमलावर तुरंत मौके से भाग गए।

# मेघालय पुलिस ने पकड़े सात बांग्लादेशी नागरिक



**शिलांग।** भारत-बांग्लादेश सीमावर्ती मेघालय के दक्षिण पश्चिम गारो हिल्स जिला के महेंद्रगंज पुलिस थानांतर्गत कलाइस के बदलामग्री इलाके से सात बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि बांग्लादेशी नागरिक कलाइस इलाके में पैदल जा रहे थे। सूचना मिलते ही सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और कलाइस पुलिस के संयुक्त अभियान में सातों अवैध नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। बाद में उन्हें पुलिस स्टेशन लाया गया, जहां पर अधिक जानकारी के लिए उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किये गये बांग्लादेशी नागरिकों में अंगूर हुसैन अफरीब (20, कुरीग्राम, बांग्लादेश), अमीर अली (35, कुरीग्राम, बांग्लादेश), चांद मियां (60, कुरीग्राम, बांग्लादेश), बुकुल मियां (32, कुरीग्राम, बांग्लादेश), मीरजहां (45, कुरीग्राम, बांग्लादेश), रसेल अली (35, कुरीग्राम, बांग्लादेश), बिप्लप मियां (35, कुरीग्राम, बांग्लादेश) हैं। दरअसल, बीएसएफ ने रविवार को बांग्लादेशी नागरिकों के मेघालय के आने की गुप्त सूचना मिलने के बाद आम्पति के पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर भारत-बांग्लादेश सीमा पर संयुक्त रूप से अभियान चलाने के साथ ही स्थानीय लोगों को भी इस बारे में सूचना दी गयी थी। यह बांग्लादेशी नागरिक मेघालय के दूरदराज के इलाकों से होकर भारत में प्रवेश करने और काम की तलाश में दक्षिण भारत जाने की योजना बना रहे थे।

# गाजियाबाद प्रकरण के विरोध में दिल्ली की निचली अदालतों में वकीलों ने किया न्यायिक कार्य का बहिष्कार

**आदेश**

**बार एसोसिएशन के नेताओं ने न्यायिक अधिकारियों से भी किसी मामले में प्रतिकूल आदेश पारित नहीं करने की अपील की।**



**नई दिल्ली।** गाजियाबाद में वकीलों पर 29 अक्टूबर को हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में आज दिल्ली की निचली अदालतों के वकीलों ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। हालांकि, दिल्ली हाई कोर्ट में पूर्ववत की तरह कामकाज हुआ। दिल्ली की आज सभी अदालतों के बार एसोसिएशंस के संगठन कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ ऑल बार एसोसिएशंस ऑफ दिल्ली के आह्वान पर निचली अदालतों के वकीलों ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। पटियाला हाउस कोर्ट में बार एसोसिएशन के नेता कोर्ट रूम के अलावा कोर्ट परिसर में स्थित फोटो कॉपी, कोरियर, स्टेशनरी इत्यादि की दुकानों को बंद कराते नजर आए। ऐसा ही नजारा कड़कड़डूमा कोर्ट, तीस हजारी कोर्ट, रोहिणी कोर्ट, साकेत कोर्ट समेत सभी जिला अदालतों में देखने को मिला। बार एसोसिएशन के नेताओं ने न्यायिक अधिकारियों से भी किसी मामले में प्रतिकूल आदेश पारित नहीं करने की अपील की। इसका असर ये हुआ कि सभी मामलों में सुनवाई के दौरान केवल तारीख ही मिली। कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ ऑल बार एसोसिएशंस ऑफ दिल्ली की 3 नवंबर को बैठक हुई थी, जिसमें गाजियाबाद की घटना के विरोध में 4 नवंबर को दिल्ली की सभी अदालतों में न्यायिक कार्य के बहिष्कार का फैसला लिया गया था। दिल्ली में वकीलों की हड़ताल आगे होगी कि नहीं अभी इस पर कोई फैसला नहीं किया गया है। गाजियाबाद कोर्ट परिसर में हुई इस घटना के बाद सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और वकीलों के अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन ने निंदा करते हुए मामले की न्यायिक जांच की मांग की थी।

उल्लेखनीय है कि 29 अक्टूबर को गाजियाबाद में जिला जज अनिल कुमार को जमानत के एक मामले की सुनवाई के दौरान वकीलों से उनकी बहस हो गई। बहस इतनी जोरदार हुई कि काफी वकील कोर्ट रूम में जुट गए, जिसके बाद पुलिस को बुला लिया गया। पुलिस ने वकीलों पर लाठी चार्ज किया। इस घटना के बाद गाजियाबाद बार एसोसिशएन ने 4 नवंबर से वकीलों की हड़ताल का आह्वान किया है। गाजियाबाद बार एसोसिएशन ने जिला जज और लाठी चार्ज के लिए जिम्मेदार पुलिस अफसरों के ट्रांसफर तक हड़ताल जारी रखने का आह्वान किया है।

# चंडीगढ़ हवाई अड्डे से फ्लाइट का 24 घंटे संचालन बंद

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार आधी रात से विमानों का संचालन बंद हो जायेगा। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने शहीद भगत सिंह हवाई अड्डे पर निगरानी के घंटों में भी कटौती कर दी है। नए कार्यक्रम के अनुसार अब चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर आखिरी उड़ान रात 11.25 बजे तक पहुंच जाती है। रात 11.25 बजे के बाद और सुबह 5.55 बजे से पहले अब कोई उड़ान संचालन नहीं हो रहा है। इससे पहले मध्य रात्रि के बाद और सुबह 5 बजे से पहले दो उड़ानें संचालित होती थीं। नए कार्यक्रम का असर मुंबई से अबू धाबी के लिए उड़ानों के समय पर भी पड़ा है, जिसे पुनर्निर्धारित किया गया है। गर्मियों के दौरान शुरू किए गए अबू धाबी के अंतरराष्ट्रीय गंतव्य को भी सुबह 6 बजे आगमन और सुबह 10.10 बजे प्रस्थान के लिए शेड्यूल किया गया है।

चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर वर्तमान में रात के समय अब छह उड़ानें आती हैं। इनमें हैदराबाद से रात 10.40 से 11.25 के बीच आने वाली उड़ान, दिल्ली से दो उड़ानें, मुंबई से एक और अहमदाबाद से अंतिम उड़ान शामिल हैं। ये सभी उड़ानें रात में विश्राम के बाद सुबह अपने गंतव्य के लिए रवाना होती हैं। करीब दो माह पहले गैर-व्यवहार्यता के आधार पर जम्मू की उड़ान को भी रद्द कर दिया था। इसके साथ ही दिल्ली से रात 12.10 बजे आने और 12.40 बजे प्रस्थान करने वाली उड़ान को भी बंद किया गया है।

## डीजीपी रश्मि शुक्ला के खिलाफ शिकायतें मिलने के बाद चुनाव आयोग ने दिया ट्रांसफर का आदेश

**मुंबई।** चुनाव आयोग के आदेश पर महाराष्ट्र के मुख्य सचिव ने सोमवार को राज्य की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि शुक्ला का तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया है। उनकी जगह नई नियुक्ति होने तक डीजीपी का अतिरिक्त कार्यभार मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फलसणकर को सौंपा गया है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को होने हैं और मतगणना 23 नवंबर को होगी।

चुनाव आयोग ने कई शिकायतों को ध्यान में रखते हुए राज्य के मुख्य सचिव को तत्काल रश्मि शुक्ला को डीजीपी पद से हटाने का आदेश दिया था। साथ ही चुनाव आयोग ने इस पद पर नियुक्ति के लिए बुधवार दोपहर 1 बजे तक तीन आईपीएस अधिकारियों का नाम भेजने का भी निर्देश दिया है। चुनाव आयोग के आदेश पर राज्य के मुख्य सचिव ने तत्काल रश्मि शुक्ला का डीजीपी पद से तबादला कर दिया है। हालांकि, अभी तक तय नहीं किया गया है कि उनका तबादला कहां किया जाएगा। मुख्य सचिव ने डीजीपी का कार्यभार मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फलसणकर को सौंप दिया है।

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि रश्मि शुक्ला के डीजीपी रहते महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव निष्पक्ष रूप से नहीं हो सकते हैं। उन्होंने कहा था कि राज्य की पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला पर बहुत गंभीर आरोप है। जब 2019 में हमारी सरकार बन रही थी, तो यह पुलिस महानिदेशक सीधे तौर पर पार्टी विशेष के लिए काम करके हमारे सभी फोन टैप कर रही थीं। इसी मामले में रश्मि शुक्ला पर मामला दर्ज किया गया था।

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को रश्मि शुक्ला को उनके पद से हटाने जाने पर धन्यवाद दिया है। नाना पटोले ने कहा कि पश्चिम बंगाल और झारखंड में चुनाव घोषित होते ही डीजीपी को हटा दिया गया था। महाराष्ट्र में इतनी देर क्यों लगी, यह जांच का मुद्दा है। नाना पटोले ने कहा कि उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार पत्र लिख कर रश्मि शुक्ला को पद से हटाने का अनुरोध किया था। मुख्य चुनाव आयुक्त ने काफी देर बाद यह निर्णय लिया है, जिसका वे स्वागत करते हैं।

# आगरा के पास वायु सेना का मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में आगरा के पास सोमवार को वायु सेना का एक मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ने पंजाब के आदमपुर से उड़ान भरी थी और अभ्यास के लिए आगरा जा रहा था। दुर्घटना से पहले विमान के पायलट सहित दो लोग सुरक्षित कूद गए, जिससे उनकी जान बच गई। दुर्घटना की विस्तृत जानकारी के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिए जाने की संभावना है। वायु सेना के मिग-29 लड़ाकू विमान ने आज दोपहर पंजाब के आदमपुर से उड़ान भरी लेकिन उत्तर प्रदेश के आगरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान क्रैश होकर जमीन पर गिरा, जिसके बाद उसमें आग लग गई। विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

# भारत-वियतनाम का संयुक्त सैन्य अभ्यास विनबैक्स हरियाणा के अंबाला में शुरू




**नई दिल्ली।** वियतनाम और भारतीय सेना का द्विपक्षीय अभ्यास विनबैक्स सोमवार से हरियाणा के अंबाला में शुरू हुआ। अभ्यास का यह 5वां संस्करण 23 नवंबर तक अंबाला के चंडीमंदिर में होगा। दोनों देशों के बीच पिछले साल यह सैन्य अभ्यास वियतनाम में हुआ था, जो भारत और वियतनाम के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में एक प्रमुख मील का पत्थर है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार अभ्यास के इस संस्करण में दोनों देशों की सेनाओं और वायु सेनाओं के कर्मी पहली बार हिस्सा लेंगे। भारतीय सेना की टुकड़ी में 47 कर्मी हैं, जिसका प्रतिनिधित्व कोर ऑफ इंजीनियर्स की एक रेजिमेंट के साथ-साथ अन्य शाखाओं और सेवाओं के कर्मी कर रहे हैं। समान क्षमता वाली वियतनामी टुकड़ी का प्रतिनिधित्व वियतनाम पीपुल्स आर्मी के सैनिक करेंगे। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VII के तहत शांति स्थापना अभियानों में संयुक्त राष्ट्र दल के हिस्से के रूप में इंजीनियरिंग कार्यों को करने के लिए इंजीनियर कंपनी और मेडिकल टीमों की तैनाती में दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है। द्विपक्षीय अभ्यास के पिछले संस्करणों से बढ़े हुए दायरे के साथ एक फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास के रूप में यह अभ्यास आपसी विश्वास, अंतर-संचालन को मजबूत करने के साथ ही दोनों सेनाओं के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम करेगा। मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदर्शन और उपकरण प्रदर्शन के साथ 48 घंटे का सत्यापन अभ्यास भी कार्यक्रम का हिस्सा है, ताकि संयुक्त राष्ट्र मिशनों में समान परिदृश्यों के तहत तकनीकी सैन्य संचालन को अंजाम देते समय दोनों टुकड़ियों के हासिल किए गए

# अल्मोड़ा में भीषण बस दुर्घटना, 38 की मौत

**उपचार**

**स्थानीय प्रशासन द्वारा घायलों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।**




**देहरादून।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा जनपद में रामनगर के समीप मार्चुला में आज सुबह हुए बस हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह, अनेक केन्द्रीय मंत्रियों सहित वरिष्ठ राजनेताओं ने गहरा दुःख जताया है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने इस दुर्घटना में मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को एक लाख व अपेक्षाकृत कम घायलों को 50 हजार रुपये सहायता राशि देने की घोषणा की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि उत्तराखंड के अल्मोड़ा में सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित कई लोगों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदनाएं व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुए सड़क हादसे में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों की शीघ्र कुशलता की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव के हर संभव प्रयास में जुटा है। केंद्रीय गृहमंत्री ?अमित शाह ने एक्स पर लिखा है कि उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुई बस दुर्घटना अत्यंत दुःखद है। इस हादसे में अपना जीवन गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। स्थानीय प्रशासन द्वारा घायलों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा बस हादसे में मृतकों के प्रति गहरा दुःख जताया। मुख्यमंत्री धामी ने प्रत्येक मृतक के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये व घायलों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। अल्मोड़ा में हुए बस हादसे में अब तक कुल 38 यात्रियों की मौत हो चुकी है जबकि 24 यात्री घायल हैं।

# कनाडा में हिन्दू मंदिर पर खालिस्तान समर्थकों का हमला, श्रद्धालुओं के साथ मारपीट



**ब्रैम्पटन।** समूची दुनिया में मिनी पंजाब के नाम से मशहूर कनाडा में फिर हिन्दुओं की आस्था पर चोट की गई है। खालिस्तान समर्थकों ने इस बार ब्रैम्पटन में हिन्दू सभा मंदिर को निशाना बनाया है। इन लोगों ने हिन्दू श्रद्धालुओं के साथ जमकर मारपीट की। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हमले की कड़ी निंदा की है। हिन्दू कैनेडियन फाउंडेशन के आधिकारिक एक्स हैंडल पर जारी वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि खालिस्तान समर्थक ब्रैम्पटन के हिन्दू सभा मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ मारपीट कर रहे हैं। हिन्दू कैनेडियन फाउंडेशन गैर लाभकारी संगठन है। यह कनाडा में हिन्दू समुदाय के लिए काम करता है। संगठन ने एक्स पर कहा कि खालिस्तानी आतंकवादियों ने बच्चों और महिलाओं पर हमला किया। ओटावा में भारतीय उच्चायोग का इस घटना पर बयान आया है। उच्चायोग ने कहा कि ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर और काउंसुलर कैंप के बाहर भारतविरोधी तत्वों का हिंसक व्यवधान बेहद निराशाजनक है। हम भारतीय नागरिकों सहित आवेदकों की सुरक्षा के लिए भी बहुत चिंतित हैं। कनाडा के प्रमुख विपक्षी नेता पियरे पोलीवरे ने हिन्दू सभा मंदिर पर हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि कनाडा हिंदुओं की रक्षा नहीं कर पा रहा।

टोरंटो के सांसद केविन वुओंग ने भी हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि कनाडा आज कट्टरपंथियों के लिए सुरक्षित जगह बन गया है। कनाडा के नेता हिन्दुओं की रक्षा करने में विफल रहे हैं, ठीक उसी तरह जैसे वे ईसाई और यहूदी कनाडाई लोगों की रक्षा करने में विफल रहे।

# इमरान खान की जमानत याचिका पर एफआईए को नोटिस

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने आज तोशाखाना द्वितीय केस में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जमानत याचिका पर संघीय जांच प्राधिकरण (एफआईए) को नोटिस दिया। अब हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार सुनवाई की अगली तारीख तय करेंगे। एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार, इससे पहले विशेष न्यायाधीश सेंट्रल ने इमरान खान की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जबकि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को उसी मामले में जमानत प्रदान की थी। कल एफआईए ने तोशाखाना द्वितीय केस में इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। एफआईए ने याचिका में कहा कि इस्लामाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश के कक्ष में जमानत दी गई और यह सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है।

# चीन ने नेपाल के सीमावर्ती नागरिकों के लिए टाइम कार्ड किया अनिवार्य

**सामना**

**चीनी पक्ष की ओर से टाइम कार्ड लागू किए जाने से स्थानीय लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।**



**काठमांडू।** चीन ने नेपाल की उत्तरी सीमा पर रह रहे कोरला नाका के स्थानीय नागरिकों के लिए सीमावर्ती शहर में जाने के लिए टाइम कार्ड की व्यवस्था लागू की है। इससे पहले नेपाली नागरिकों को तीन दिन से एक हफ्ते तक चीन की सीमा के पास के इलाकों में रहने की छूट दी जाती थी लेकिन अब सिर्फ 6 घंटे रहने की अनुमति दी गई है। करीब एक वर्ष पहले तामझाम के साथ नेपाल के मुस्तांग जिले में कोरला नाका का उद्घाटन किया गया था। उस समय चीनी पक्ष ने सिन्धुपलचोक जिला के तातापानी नाका के बाद चीन से व्यापार करने के लिए कोरला नाका को खोले जाने की घोषणा की थी। इस घोषणा के बाद यहां से कभी व्यापारिक कार्य नहीं हो पाया, बल्कि चीन ने स्थानीय लोगों के सीमा पार करने को लेकर पाबंदी को और कड़ा कर दिया है। चीनी पक्ष की ओर से टाइम कार्ड लागू किए जाने से स्थानीय लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सशस्त्र प्रहरी सीमा सुरक्षा बल के एसपी मणिकर्ण राई ने कहा कि 1 नवंबर से चीनी प्रशासन ने टाइम कार्ड को अनिवार्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब चीन के सीमावर्ती शहर में जानेवाले नेपाली नागरिकों को सुबह 9 बजे तक ही प्रवेश की अनुमति है और उन्हें हर हाल में दोपहर 3 बजे तक वापस सीमा पार करना होता है। मुस्तांग के कोरला नाका पर रहे नेपाली कस्टम विभाग के अधिकारी शोभकांत पौडेल ने कहा कि मुस्तांग जिले के सीमावर्ती नेपाली नागरिकों का व्यापार चीन के शहर पर ही आश्रित रहता है। ऐसे में सिर्फ 6 घंटे के लिए अनुमति देने से लोगों का काम पूरा नहीं हो पाता है। एक ही काम के लिए नेपाली नागरिकों को बार-बार सीमा पार जाना पड़ता है, जिस पर भी चीनी अधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ता है। लोमानतांग इलाका प्रशासन कार्यालय के प्रमुख प्रशासकीय अधिकृत जीवन पौडेल ने कहा कि टाइम कार्ड होने के बावजूद नेपाली नागरिकों की सीमा पर कड़ी जांच की जाती है। पौडेल के मुताबिक यदि किसी व्यक्ति के मोबाइल में दलाई लामा की फोटो मिल जाए या कोई व्यक्ति दलाई लामा की तस्वीर वाली लॉकेट पहना मिल जाता है तो उसका टाइम कार्ड छीन लिया जाता है और आगे से चीन के प्रवेश पर प्रतिबंध भी लगा दिया जाता है।

# जयशंकर ने ब्रिस्बेन में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का औपचारिक उद्घाटन किया


**विवरण**

**विदेश मंत्री जयशंकर के आधिकारिक एक्स हैंडल पर इस अवसर के फोटो और संक्षिप्त विवरण साझा किए गए हैं।**




**ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया)।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने यहां भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने इससे पहले आज सुबह यहां के रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड्स में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। विदेश मंत्री जयशंकर के आधिकारिक एक्स हैंडल पर इस अवसर के फोटो और संक्षिप्त विवरण साझा किए गए हैं। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, आज ब्रिस्बेन में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का औपचारिक उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है। इससे क्वींसलैंड राज्य के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने, व्यापार को बढ़ावा देने और प्रवासी समुदाय की सेवा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने लिखा, इस अवसर पर ब्रिस्बेन में क्वींसलैंड की गवर्नर डॉ. जेनेट यंग से भी मिलकर खुशी हुई। हमने क्वींसलैंड राज्य के साथ आर्थिक, व्यापार और निवेश सहयोग को मजबूत करने के अवसरों और तरीकों पर चर्चा की। मैंने आज सुबह ब्रिस्बेन में रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड्स में महात्मा गांधी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शांति और सद्भाव का उनका संदेश दुनिया भर में गूंजता है।

# बिश्वनाथ में छठ पर्व नहाय खाय के साथ होगा आरंभ, घाटों पर बेदी बनाने में जुटे श्रद्धालु



**बिश्वनाथ।** बिश्वनाथ जिले में सूर्योपासना एवं आस्था के महापर्व छठ पूजा की रौनक देखते ही बन रही है। जिले के सभी घाटों पर व्रतधारियों के लिए व्यवस्था अंतिम चरण में है। जिले के मुख्य सदर बिश्वनाथ चारिआली शहर में सोमवार को श्रद्धालु छठ की सामग्री के साथ नहाय खाय के लिए लौकी खरीदते दिखाई दिए। विशेष बात यह है कि दूसरे दिन की तुलना में बाजार में सोमवार को सामग्री तथा लौकी की कीमत काफी अधिक देखी गयी। व्रतधारी उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए नीति नियम और विधिवत रूप से कार्य में लगे हुए नजर आ रहे हैं। बुधवार को खरना के बाद 36 घंटा निर्जला व्रत का शुभारंभ हो जाएगा। प्रायः सभी व्रतियों के पुत्र तथा पति छठ घाट पहुंच कर छठ मईया की पूजा के लिए बेदी बनाते हुए दिख रहें हैं। बिश्वनाथ चारिआली के आमबाड़ी में स्थित श्रीश्री केंद्रीय छठ पूजा घाट पर 250 व्रतधारी और पश्चिम चाराली छठ पूजा समिति के फलफली बाकरी में प्रायः 400 व्रतधारी छठ मइया के आराधना में शामिल होंगे। पूजा समिति ने व्रतियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। उल्लेखनीय है कि असम-अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती डफलागढ़, हेलम, बेदेती, बरगांग, मोनाबाड़ी, बाघमारी, सतिया, ईटाखोला और बिश्वनाथ घाट में भी आस्था का महापर्व छठ की तैयारी जोरों पर है।

# हैरिस और ट्रंप ने प्रचार में झोंकी ताकत




**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूरी ताकत झोंक दी। दोनों ने मतदाताओं को अपने-अपने तरीके से अपने पाले में खींचने की कोशिश की। अमेरिकी लोकतंत्र के इस महापर्व पर द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार हैरिस ने रविवार को मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी में रैली को संबोधित किया। उन्होंने मतदाताओं से एकता बनाए रखने की अपील की। दिलचस्प यह रहा कि उन्होंने यहां अपने प्रतिद्वंद्वी ट्रंप का एक बार भी नाम नहीं लिया।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया की तुलना में मैकॉन की रैली में सर्वेक्षणों पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने जॉर्जिया की रैली में उत्तरी कैरोलिना में आए तूफान हेलेन के लिए संघीय सरकार की आलोचना की। बाइडेन प्रशासन को प्रवासियों पर आपदा निधि खर्च करने पर घेरा। इस चुनाव में न्यूयॉर्क का 42 ब्रॉड-वे चर्चा के केंद्र में है। यहां निर्वाचन बोर्ड का दफ्तर है। पहले दिन करीब एक लाख 40 हजार लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। संयुक्त राज्य अमेरिका के विभिन्न प्रांतों में करोड़ों मतदाता वोट डाल चुके हैं। फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के इलेक्शन लैब ट्रैकर के आंकड़ों के मुताबिक, 6.8 करोड़ से अधिक अमेरिकी अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं।

# हाईकोर्ट में न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता, किया प्रदर्शन



गाजियाबाद लाठीचार्ज के विरोध में आक्रोशित अधिकरण अधिवक्ताओं ने की नारेबाजी

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** गाजियाबाद की जिला अदालत में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज से खफा हाईकोर्ट व केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) के वकील भी सोमवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे। बड़ी संख्या में अधिवक्ता हाईकोर्ट के सामने जुटे। लाठीचार्ज का विरोध करते हुए नारेबाजी की और पुतला दहन किया।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यकारिणी ने घटना की निंदा की गई। साथ ही बार एसोसिएशन की ओर से गाजियाबाद के जिला जज के खिलाफ अवमानना वाद दाखिल करने का निर्णय लिया गया। कैट बार एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र नायक ने बताया कि केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के अधिवक्ता भी न्यायिक कार्य से विरत रहे।

बैठक में हाईकोर्ट से गाजियाबाद के जिला जज व संबंधित पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त करने, घायल अधिवक्ताओं को क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद की ओर से प्रस्तावित एवं नामित अधिवक्ता प्रतिनिधि को शामिल कर उच्चस्तरीय तथ्य अन्वेषण समिति का गठन की मांग की गई है।

संचालन महासचिव विक्रांत पांडेय ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश खरे, उपाध्यक्ष अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी, अखिलेश कुमार मिश्र, सुभाष चंद्र यादव, नीरज त्रिपाठी, नीलम शुक्ला, संयुक्त सचिव सुमित श्रीवास्तव, पुनीत शुक्ला, अभिजीत पांडेय, आंचल ओझा, कोषाध्यक्ष रणविजय सिंह, अभिषेक मिश्र आदि रहे।

### लाठीचार्ज की एसआईटी से जांच के लिए गाजियाबाद बार एसो. ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

**प्रयागराज।** गाजियाबाद बार एसोसिएशन ने लाठीचार्ज की घटना की हाईकोर्ट की निगरानी में एसआईटी से जांच कराने की मांग को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस पर अगले हफ्ते सुनवाई की संभावना है। याची बार एसोसिएशन के अधिवक्ता जवाहर यादव की ओर से दाखिल आपराधिक याचिका भारत के संविधान के अनुच्छेद 215 के तहत दाखिल की गई है। मांग की गई है कि जिला मजिस्ट्रेट को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। याचिका में वकीलों के खिलाफ दर्ज एफआईआर व उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग भी की गई है। साथ ही पुलिस आयुक्त को जिला न्यायाधीश की अदालत और पूरे न्यायालय परिसर के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित करने और प्रभावी जांच के लिए इसे एसआईटी को भेजने का निर्देश देना भी शामिल है।

### मंगल बना व्यापारियों के लिए शनि का रूप

**प्रयागराज।** इन दिनों चौक घंटाघर के आसपास एक मंगल नाम का युवक व्यापारियों के लिए सर दर्द बना हुआ है। अभी तक फुटपाथ और पटरी के दुकानदारों से अवैध वसूली करता था अब वह बड़े दुकानदारों को भी आंख दिखाना, गाली गलौज करना और डराना शुरू कर दिया है। व्यापारियों का आरोप है कि मंगल फुटपाथ और पटरी के दुकानदारों से 50 100 और 200 रुपए अवैध वसूलता है। दुकानदारों ने दर्जनों बार शिकायत की है लेकिन हर बार बच जाता है या बचा लिया जाता है। जब सत्येंद्र तिवारी सीओ थे तब भी इसकी शिकायत मिली थी। कई महीने ढूंढने में वह पकड़ में नहीं आया। बाद में श्री तिवारी एसीपी हो गए। फिर शिकायत मिली फिर उसे पकड़ने की कोशिश की करने लगे लेकिन वह पकड़ में नहीं आया।

# लाउडस्पीकर से यातायात नियमों के बारे में किया गया जागरुक



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात माह नवम्बर 2024 के दौरान शहर के पॉलिटेक्निक चौराहा पर ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा व बस के चालको व परिचालकों को इकट्ठा कर यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रवर्तन की कार्यवाही में 1285 वाहनों का चालान किया गया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात/नगर देवेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक यातायात जी0डी0 शुक्ला, सुशील मिश्रा व समस्त उप निरीक्षक यातायात के द्वारा यातायात माह नवम्बर 2024 के दौरान शहर के पॉलिटेक्निक चौराहे पर ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा व बस के चालको व परिचालकों को एकत्रित कर यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया साथ ही सड़क पर वाहनों को खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने व जाम लगाने वाले वाहनों को उनके मालिकों को आगे ऐसा न करने की चेतावनी देते हुये हटवाया गया न हटाने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गयी तथा लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया गया।

हेलमेट व सिटबेल्ट लगा करके वाहन चलाने, मोटर साइकिल में तीन सवारी ना बैठाना, हाई स्पीड वाहन न चलाना व वाहनों के शिशों में काली फिल्म न लगानें तथा उससे हो रही दुर्घटनाओं को कम करनें के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रवर्तन की कार्रवाई में 1285 वाहनों का चालान किया गया।

# गंगा उत्सव के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** गंगा नदी को सरकार द्वारा राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया था। इसी के उपलक्ष्य में जिला गंगा समिति प्रयागराज द्वारा ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में जन-जागरूकता एवं विभिन्न प्रतियोगिताओ का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों ने गंगा उत्सव के खास मौके पर गंगा संरक्षण पर चित्रकला एवं भारत में गंगा का संस्कृति एवं आर्थिक महत्व पर निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम मे उप प्रधानाचार्य जनार्दन प्रसाद दुबे। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे एशा सिंह, शिक्षक प्रमोद द्विवेदी, नगर निगम से कृष्णा कुमार मौर्य, वन दरोगा कमलेश सिंह, रोहित चंदेल आदि उपस्थित रहे। डीपीओ ने छात्रों को बताया 2017 से हर साल गंगा उत्सव का आयोजन राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा जा रहा है। गंगा उत्सव का आयोजन गंगा नदी को राष्ट्रीय नदी घोषित किए जाने की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जाता है। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य गंगा नदी के संरक्षण को बढ़ावा देना, इसकी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता को उजागर करना और स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना है।

कार्यक्रम में नगर निगम टीम के कम्युनिकेशन हेड कृष्ण कुमार मौर्य ने छात्रों से कचरा प्रबंधन पर चर्चा की और कहा हमें दैनिक दिनचर्या में स्वच्छता को शामिल करना चाहिए तथा गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबीन में डालना चाहिए। इस क्रम में चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता में टॉप तीन छात्रों को पुरस्कृत किया गए।

### नदी के किनारे बनी बेदी, चला स्वच्छता अभियान

**आजमगढ़।** छठ पूजा के त्यौहार को देखते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी के आदेश क्रम में जनपद के सभी विकास खंडों में ग्राम पंचायत में पोखरे के पास तालाब के पास नदी के किनारे जहां बेदी बनी है रोड के दोनों पटरी पर घास की कटाई करते हुए कूड़ा करकट हटाते हुए। कचरा हटाते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। संचारी रोकथाम नियंत्रण के तहत जनपद के सभी ग्राम पंचायत में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है सरकार के आवाहन पर स्वच्छता अभियान जगह-जगह चलते हुए जिससे कि संचारी रोग से निस्तारण पाया जाए आज दिनांक 4 नवंबर 2024 को ग्राम पंचायत हीरा पट्टी में प्रधान जी के देखरेख में तालाब के पास अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए इस समय जो डेंगू और मलेरिया का प्रकोप चल रहा है उसे निस्तारण पाने के लिए साफसफाई ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है आज दिनांक 4 नवंबर 2024 को ग्राम पंचायत हीरा पट्टी में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए। सफाई अभियान में गुलाब चौरसिया अभय चौहान सुनील यादव रामबचन कमलेश कुमार जागृति प्रसाद जितेंद्र चौधरी बबीता मोहम्मद असलम जान मोहम्मद रियाजुद्दीन एहसान सकूं आदि लोग मौजूद रहे ग्राम पंचायत हीरा पट्टी विकासखंड पल्हनी जनपद आजमगढ़ स्वच्छ भारत मिशन एक कदम स्वच्छता ।

# गाजियाबाद प्रकरण पर राजस्व परिषद के अधिवक्ताओं ने जताई नाराजगी

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** गाजियाबाद में जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार द्वारा पुलिस बुलाकर न्यायालय कक्ष में अधिवक्ताओ के ऊपर किये गये बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज के विरोध में आज उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी राजस्व की अदालत राजस्व परिषद उ0प्र0 प्रयागराज के अधिवक्ताओ ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया।

आज सुबह बार एसोसिएश राजस्व परिषद उ0प्र0 प्रयागराज के अध्यक्ष हर्ष नारायण शर्मा एवं महासचिव पंकज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में सैकड़ो अधिवक्ताओ ने हाथ में तख्तियां लेकर जनपद न्यायाधीश गाजियाबाद के विरूद्ध हाय हाय के नारे लगाते हुए उन्हे बरखास्त करने की मांग की है। तदोपरान्त बार एसोसिएशन राजस्व परिषद उ0प्र0 प्रयागराज के लाइब्रेरी हॉल में एक जनसभा का आयोजन एसोसिएशन अध्यक्ष श्री हर्ष नारायण शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री शर्मा ने विगत दिनो अधिवक्ताओ के ऊपर किये गये जानलेवा हमले का जिम्मेदार जनपद न्यायाधीश गाजियाबाद को ठहराया और कहा कि वर्तमान समय में समूचे उ0प्र0 के अधिवक्ताओ के ऊपर जिस तरह से किसी न किसी बहाने पुलिसिया उत्पीड़न की कार्यवाही करायी जा रही है जिससे समूचा अधिवक्ता समाज आक्रोशित है।



जनपद न्यायाधीश गाजियाबाद को बरखास्त करने एवं एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग

बैठक को सम्बोधित करते हुए महासचिव पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद गाजियाबाद में अधिवक्ताओ के ऊपर किये गये बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज की कड़ी शब्दो में निदां की है तथा कहा कि उ0प्र0 की गूंगी बहरी सरकार अधिवक्ताओ की सुरक्षा एवं रक्षा हेतु एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू न करके अधिवक्ताओ के सम्मान को गिराया जा रहा है जो सहन किये जाने योग्य नहीं है।

बैठक का संचालन संयुक्त सचिव प्रेस सुरेन्द्र कुमार ने किया। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार सिंह व उपाध्यक्ष कल्लन उर्फ विजय शंकर तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, हरिश्चन्द्र सिंह एवं संयुक्त सचिव प्रशासन संतोष कुमार तिवारी, संयुक्त सचिव प्रकाशन सुरेन्द्र कुमार व कोषाध्यक्ष नवीन कुमार पाण्डेय एवं कार्यकारणी सदस्य राज किशोर यादव, मोहन धारिया, शरद कुमार पाण्डेय, अम्बुज श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार चौरसिया, ए0पी0 सिंह, सत्यदेव शर्मा आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### 47 शिकायतों में 7 का हुआ निस्तारण



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा उपस्थित शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गम्भीरतापूर्ण सुनते हुए समस्या के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी के समक्ष भूमि विवाद, पेंशन, आदि से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई, जिसपर उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी के समक्ष कुल 47 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में जनपद के अन्य तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का भी आयोजन किया गया और जनसामान्य की शिकायतों को सुना गया और सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये गये।

### प्राथमिक विद्यालय खटोलिया के गेट पर लटकता रहा ताला



**जौनपुर।** धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खटोलिया में सोमवार को विद्यालय के गेट का बंद ताला लटकता रहा। विद्यालय के छात्र- छात्राएं 17 मिनट तक शिक्षकों का इंतजार करते रहे। बता दें कि धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खटोलिया के बच्चे सोमवार को जब विद्यालय पहुचे तो विद्यालय के गेट का बंद ताला लटकता रहा। विद्यालय के बच्चों को गेट के बाहर खड़ा देख आस- पास के अभिभावक भी पहुच गए। सभी बच्चे विद्यालय के शिक्षकों के आने का इंतेजार करते रहें। लगभग 17 मिनट बाद 9 बजकर 17 मिनट पर विद्यालय के एक सहायक अध्यापक द्वारा पहुचकर विद्यालय का ताला खोला गया तब जाकर बच्चे विद्यालय में प्रवेश किये।इस मामले में खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मापुर राजेश कुमार वैश्य ने बताया कि विद्यालय में ताला लटकने की जानकारी प्राप्त हुई है। मामले में वह मंगलवार को खुद विद्यालय पर जाकर जांच करेंगे। यदि लापरवाही पाई जाएगी तो विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

### ईशान के खेल से श्री सहायक क्लब सेमीफाइनल में




**प्रयागराज।** ईशान सिंह के हरफनमौला खेल (58 रन नाबाद, 52 गेंद, आठ चौके, एक छक्का एवं एक विकेट) के दम पर श्री सहायक क्लब ने डीएसए क्लब को पांच विकेट से हराकर 18वीं यश हॉस्पिटल ट्रॉफी अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर सोमवार को खेले गये मैच में डीएसए क्लब ने 28.2 ओवर में 140 रन (मोहम्मद फैज 34, हर्षित प्रसाद यादव व सिद्धार्थ मिश्र 20-20, अर्पित कुशवाहा 18, काव्यांशु 3/22, लक्ष्य यादव, विराट पांडेय, शिवांश पांडेय व ईशान सिंह एक-एक विकेट) बनाये। जवाब में श्री सहायक क्लब ने 23.2 ओवर में 5 विकेट पर 144 रन (ईशान सिंह 58 नाबाद, शिवांश पांडेय 29, विराट पांडेय 20 नाबाद, पार्थवर्धन सहायक 19, आर्यमन ओझा 2/21, कार्तिकेय तिवारी 2/32, हर्षित प्रसाद यादव 1/21) बना लिये। ईशान को एनआईएस क्रिकेट प्रशिक्षक परवेज आलम ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया।

### फाइव-ए-साइड पुरूष हॉकी 14 से

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे खेलकूद संघ के तत्वावधान में फाइव-ए-साइड ओपेन दिवा-रात्रि पुरूष हॉकी प्रतियोगिता 14 से 17 नवंबर तक डीएसए मैदान पर खेली जायेगी। संघ के खेल सचिव एवं आयोजन सचिव धर्मेन्द्र कुमार निषाद के अनुसार इच्छुक टीमें रेलवे के सीनियर हॉकी खिलाड़ी सुरेश शर्मा (7084038631), शरद कुमार (9369444845), आजम अली (9163426563) पर संपर्क करके अपनी प्रविष्टि 10 नवंबर तक दे सकते हैं।

### भाजपा के द्वारा सक्रिय सदस्यता का किया गया सत्यापन



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में भाजपा सक्रिय सदस्यता की सत्यापन कार्य आरंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष कौशांबी अनीता त्रिपाठी ने प्रयागराज महानगर के सत्यापन प्रभारी की जिम्मेदारी निभाते हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा सक्रिय सदस्यता का फॉर्म जो जमा किए गए थे, उसका सत्यापन किया प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि सक्रिय सदस्यता का सत्यापन 1 से 18 नवंबर तक चलेगा और अब तक 822 सक्रिय सदस्यता का फॉर्म सत्यापित किए गए। इस अवसर पर दीप द्विवेदी रमेश पासी, देवेश सिंह, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी उपस्थित रहे।

# लारेंस विश्नोई के नाम पर दी गयी नरेन्द्र मोदी व सीएम योगी को मारने की धमकी

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जनपद में पीएम नरेन्द्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ सहित एक अन्य व्यक्ति को फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। मामले सबसे बड़ी बात यह है कि धमकी बहुचर्चित माफिया लारेंस विश्नोई के नाम पर दी गई है। मुकदमा दर्ज होने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पहुंचकर मामले में कार्रवाई करने के साथ सुरक्षा की गुहार लगाई है। मामला मेंहनगर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र में पीड़ित विष्णुकान्त चौबे पुत्र स्व0 शिवमुर्ति चौबे ग्राम-पलिया सोफीगंज थाना मेंहनगर ने बताया कि वह सन् 2004 से योगी आदित्य नाथ से जुडकर विश्व हिन्दू महासंघ के विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए वर्तमान में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद कार्य कर रहा है। वह पेशे से अधिवक्ता है। उसके मोबाइल पर 02 नवम्बर की दोपहर करीब 11:30 पर एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने अपना नाम राहुल बताया, उसके द्वारा फोन पर यह कहते हुए कि तुम योगी के साथ काम करते हो तुम्हे व योगी, मोदी को जान से मार देंगे। इसके बाद वह सीएम योगी व पीएम मोदी को गद्दी-भद्दी गालियां देने लगा तथा 24 घण्टे में जान से मारने की धमकी देने लगा। मेरे द्वारा इसकी सूचना थाना मेहनगर पर दी गयी तो थानाध्यक्ष द्वारा मुकदमा दर्ज कर आरोपी को फोन किया गया। पुनरू उस व्यक्ति ने मुझे रात करीब 08रू30 बजे फोन किया गया, उसके साथ दो और व्यक्ति थे उन दोनों व्यक्तियों द्वारा मुझे एफआईआर को वापस लेने का दबाव देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। फोन करने वालों ने अपने आप को लारेंस विश्नोई का आदमी बताते हुए लारेंस विश्नोई से बात करवाने जैसी बात की जाने लगी। इस घटनाक्रम मैं और मेरा पूरा डरा, सहमा हुआ है। पीड़ित विष्णुकान्त चौबे ने पुलिस अधीक्षक से मामले में हस्तक्षेप करते हुए उक्त तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने और अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

### गंगा को स्वच्छ करने के लिए सहायक नदियों का स्वच्छ होना आवश्यक

**आजमगढ़।** सिलनी स्थित चंद्रमा ऋषि आश्रम पर गंगा समग्र के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान चलाकर तमसा और सिलनी नदी के संगम पर पूजन व आश्रम में वृक्षारोपण कर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आर्यमगढ़ विभाग के संघ चालक सुरेश शुक्ला ने की और संचालन गंगा समग्र के विभाग संरक्षक पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुन्दन ने किया। बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में गंगा समग्र के प्रांत संयोजक राजकिशोर मिश्र ने कहा कि 4 नवंबर 2008 को भारत सरकार ने गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किया था। जिसके 16 वर्ष पूर्ण होने पर गंगा के सहायक नदी तमसा के तट पर यह कार्यक्रम आयोजित है। उन्होंने कहा कि गंगा को स्वच्छ करने के लिए सहायक नदियों का स्वच्छ होना आवश्यक है और यह जन सहयोग के बिना सम्भव नहीं।

# कनाडा का अमित शाह पर निज्जर हत्याकांड का आरोप चिंताजनक

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता सांसद प्रमोद तिवारी ने कनाडा के विदेश उप-मंत्री डेविड मॉरिसन द्वारा कनाडा की भूमि पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर सहित हुई कुछ हत्याओं में भारत के गृहमंत्री अमित शाह की संलिप्तता को चिंताजनक बताया है। आज यहाँ अपने आवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट के दौरान उन्होंने भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद के गहराते जाने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कांग्रेस पर वादे पूरे न किये जाने के आरोप पर पलटवार करते श्री तिवारी ने कहा कि कांग्रेस को अपने वादे याद है उसे पूरा करने के कोशिश भी हो रही है। साथ ही पीएम पर पलटवार कर भाजपा के वादों के बारे में पूछा कि क्या सबको 15 -15 लाख रूपये मिल गये। हर साल की दो करोड़ नौकरियां, 100 स्मार्ट सिटी, महिला सुरक्षा, गंगा सफाई के वादों का क्या हुआ डीजल, पेट्रोल और ,रसोई गैस के दाम कम हुऐ, काला धन वापस आया। कहा कि पीएम मोदी झूठ बोलने में माहिर हैं जबकि भाजपा मतदाताओं से किये पुराने वादों को पूरा करने के में विफल रही है।



तिवारी ने कहा कि सरकारी मशीनरी और चुनावी तंत्र को रोकने के साथ ही महाराष्ट्र और झारखंड में हमें बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा। उन्होंने योगी सरकार के सूबे में 27 हजार प्राथमिक विद्यालयों के बंद किये जाने के फरमान पर कहा कि भाजपा के शासन में शराब की दुकानों की संख्या बढ़ाई जा रही है और विद्यालय बंद किये जा रहे हैं। उन्होंने वकीलों की हड़ताल का समर्थन भी किया।

### आम आदमी पार्टी ने दिया चलाया प्रादेशिक स्तिरय सदस्यता अभियान

**आजमगढ़।** दिन सोमवार स्थान कलेक्ट चौराहे पर आम आदमी पार्टी के प्रादेशिक सदस्यता अभियान का उद्घाटन आम आदमी पार्टी पूर्वांचल प्रांत के अध्यक्ष श्री राजेश यादव जी द्वारा किया गया इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पूरे दिन कलेक्ट्रेट चौराहे पर सदस्यता अभियान चलाया जिसमें सैकड़ों लोगों ने आम आदमीं पार्टी की सदस्यता ली प्रेस को संबोधित करते हुये प्रान्त अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यता निःशुल्क है और प्रदेश के प्रत्येक जिले में पार्टी के दस सदस्यों द्वारा यह कार्यक्रम लगातार चलाया जायेगा व महीने में एक सेवा का कार्यक्रम व विभिन्न मुद्दों पर एक आंदोलन का कार्यक्रम भी होगा,प्रदेश सरकार द्वारा दलितो पिछड़ों महिलाओं छात्रों नौजवानों बेरोजगारों का लगातार शोषण की घटनाओं में इजाफा होता जा रहा लोगों को न्याय नहीं मिल अपराध चरम सीमा पर है इन सभी मुद्दों पर आम आदमीं पार्टी संघर्ष तेज करने के लिये संगठन गाँव स्तर पर मजबूत करने के लिये बृहद कार्य योजना बनाकर काम शुरु कर दी है।

# जिन मुकदमों में समझौता नहीं हुआ है उन्हें 15 दिन के भीतर वाद के रूप में पंजीकृत कराए अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार: भानु

**अवधनामा संवाददाता**

चकबंदी आयुक्त ने चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक

**जौनपुर।** चकबंदी आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ भानु चन्द्र गोस्वामी के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी।

जनपद जौनपुर के कार्यों की समीक्षा करते हुए चकबन्दी आयुक्त ने निर्देशित किया कि माइक्रो प्लान बनाते हुए लंबित चकबंदी प्रक्रिया का कार्य पूर्ण किया जाए। सभी अधिकारी अपने कार्यशैली में परिवर्तन लाए अन्यथा कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक-एक गांव की समीक्षा पृथक रूप से की जाएगी। चकबंदी आयुक्त ने सभी एसीओ को निर्देशित किया कि जिन मुकदमों में समझौता नहीं हुआ है उन्हें 15 दिन के भीतर वाद के रूप में पंजीकृत कराए अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहे। चकबंदी आयुक्त ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी प्रारूप और पोर्टल पर फीडिंग समय से करा दें। उन्होंने एसओसी और सीओ को निर्देशित किया कि 15 नवंबर तक सभी वाद प्रत्येक दशा में पंजीकृत करा ले। उन्होंने एसीओ स्तर पर मुकदमो की फीडिंग न कराए जाने पर नाराजगी व्यक्त की।

चकबंदी आयुक्त ने निर्देश दिया कि मानीकला में अभिलेखो से छेड़छाड़ करने वालों पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को जौनपुर के सभी हाई कोर्ट के लंबित मुकदमों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सख्त निर्देशित किया कि जिन गावों का धारा 52 लम्बित है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करायें। इस दौरान उन्होंने जौनपुर के साथ ही वाराणसी, चन्दौली, मिर्जापुर, आजमगढ़, गाजीपुर के चकबन्दी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने फसल कटाई के दौरान धारा सात व आठ को पूर्ण करने के निर्देश दिए। चकबंदी के अधीन गांव में चक सम्बन्धी कार्य करने, धारा 10 पूर्ण करने के निर्देश दिये, वादों के संदर्भ में जानकारी ली तथा प्राप्त आपत्तियों के सन्दर्भ में उन्होंने कहा कि इनका निस्तारण प्राथमिकता पर रखकर किया जाए अन्यथा की स्थिति में वाद के रूप में पंजीकृत किया जाए। डी0डी0सी चकबन्दी को निर्देशित किया कि कार्य योजना बनाकर मार्च 2025 तक वर्ष 2020 से पहले तक के सभी वादों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि चकबंदी प्रक्रिया में व्याप्त विसंगतियों को दूर करें, चकबंदी के अंतर्गत गांव में लंबे समय से चल रहे मुकदमों की वजह की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन भी गांव में जो भी कार्य हो रहे हैं उन्हें उचित प्रारूप में भरा जाए। कानूनगो की कमी पर वाराणसी में कानूनगों को संबद्ध कर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। गांव में समय पर चक न काटे जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा कार्यशैली को बदलने के निर्देश दिये तथा काम को लटका कर न रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभिलेखों के मिलान के कारण काम न रोके जाएं। इस दौरान आयुक्त चकबंदी द्वारा धारा 7 भू-चित्र का पुनरीक्षण के संदर्भ में बंदोबस्त अधिकारी चंदौली को निर्देशित किया कि समिति का गठन करते हुए गाटावर सूची उपलब्ध कराएं। धारा 8 पड़ताल स्तर, धारा 9 विनिमय अनुपात निर्धारण के अंतर्गत अवशेष भरे हुए प्रारूप को पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा सूचना अद्यतन रूप में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रारूप 4 के अंतर्गत सीओ, एसीओ स्तर से संबंधित मुकदमों के संदर्भ में जानकारी ली। धारा 27, धारा 24 कब्जा परिवर्तन हेतु सत्यापन के लिए लंबित प्रकरण की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जनपद चंदौली में चकबंदी में अच्छा कार्य कराए जाने पर प्रशस्ति पत्र देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी जौनपुर श्री दिनेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामअक्षयबर चौहान, संयुक्त संचालक सचिव मुधसूदन दूबे, सीआरओ मिर्जापुर, आजमगढ़, समस्त एसओसी बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सहित अन्य उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं मो.आरिफ पुत्र कल्लू सिद्दीकी निवासी ग्राम प्यारेपुर पोस्ट कैसरगंज जिला बहराइच का हूं। मैंने अपना नाम मो. आरिफ से बदलकर मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी रख लिया है अब भविष्य में मुझे मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी (MOHAMMAD ARIF SIDDIQUEI) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पुत्र के पासपोर्ट संख्या V8843490 मे मेरा नाम त्रुटिवश कल्लू दर्ज हो गया है मेरा पूरा नाम कल्लू सिद्दीकी है जो मेरे सभी दस्तावेजों मे दर्ज है। मुझे कल्लू सिद्दीकी (KALLU SIDDIQUI) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

**कल्लू सिद्दीकी पुत्र नियामत निवासी ग्राम प्यारेपुर पोस्ट कैसरगंज जिला बहराइच**

**सूचना**

मैं वहीदा खातून पत्नी मो मुजतबा हाशमी न्यू फरीदीपुर, रिंग रोड दुबग्गा, लखनऊ की निवासी हूँ, मेरे सभी दस्तावेज़ों में मेरा नाम (SEEMA KHATOON) दर्ज है, मैंने अपना नाम वहीदा खातून (WAHIDA KHATOON) से बदल कर सीमा खातून (SEEMA KHATOON) रख लिया है, भविष्य में मुझे सीमा खातून (SEEMA KHATOON) के नाम से जाना, पहचाना और पुकारा जाए।

# लखनऊ के आयन ने अपोलो टायर्स के यूनाइटेड वी प्ले का ग्रैंड फिनाले जीता




**भुवनेश्वर।** लखनऊ के मोहम्मद अयान के लिए जीवन चुनौतियों से भरा रहा है, लेकिन वे फुटबॉल खिलाड़ी बनने के उसके सपने को नहीं डिगा पाए और अब वह प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड के घरेलू मैदान, ओल्ड ट्रैफर्ड का दौरा करेंगे। महान फुटबॉल खिलाड़ी गैरी नेविल की उपस्थिति में चंडीगढ़ में मैनचेस्टर यूनाइटेड के सहयोग से अग्रणी टायर निर्माता अपोलो टायर्स द्वारा आयोजित %यूनाइटेड वी प्ले के चौथे सीज़न के ट्रायल के अंतिम दौर में जीत हासिल करने के बाद उन्हें यह मौका मिला है। यूनाइटेड वी प्ले (यूडब्ल्यूपी) के अब तक के सबसे बड़े सीज़न में 18 शहरों के 15000 से अधिक उभरते भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया और चंडीगढ़ में एक भव्य समारोह में इसका समापन हुआ।

अयान और चार अन्य फुटबॉल खिलाड़ी पीसी लालछुआनावमा (मिजोरम), श्रीजल किस्कू (ओडिशा), भक्त बहादुर परियार (नेपाल) और चानसोन चैयथम (बैंकॉक) को अब जीवन में एक बार मैच डे जैसी रोमांचक गतिविधियों में भाग लेने के लिए ओल्ड ट्रैफर्ड जाने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा वे मैनचेस्टर यूनाइटेड सॉकर स्कूल के कोचों के साथ प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा लेंगे और दिग्गजों से बातचीत करेंगे जोकि इस वर्ष के अंत में होगा।

यूडब्ल्यूपी कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों की युवा फुटबॉल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए जमीनी स्तर की फुटबॉल पहल है, जो उन्हें अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करती है, इसका उद्देश्य महत्वाकांक्षी फुटबॉलरों को खेलना जारी रखने के लिए प्रेरित करना और उन्हें वैश्विक प्रशिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना है।

अपोलो टायर्स लिमिटेड के कमर्सिअल, इंडिया और सार्क के उपाध्यक्ष, राजेश दहिया ने कहा, ÷मैं आयन को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं क्योंकि वह अब प्रतिष्ठित ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम जाएंगे।

# वैश्विक अनिश्चितता और घरेलू मोर्चे की कमजोरी से टूटा शेयर बाजार
# छोटे निवेशकों को बाजार से दूर रहने की सलाह

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। दिन के कारोबार में सेंसेक्स ने 1,490 अंक से अधिक का गोता लगाया। इसी तरह निफ्टी भी 485 अंक से अधिक अंक तक लुढ़क गया। सेंसेक्स 79 हजार अंक के स्तर से नीचे फिसल गया तो निफ्टी भी 24 हजार अंक के नीचे आ गया। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी आज इंट्रा-डे में करीब 1.50 प्रतिशत तक टूट गए। हालांकि, बाद में निफ्टी और सेंसेक्स दोनों सूचकांकों की स्थिति में काफी सुधार भी हुआ। माना जा रहा है कि आज की गिरावट के लिए वैश्विक हालात प्रमुख रूप से जिम्मेदार रहे। इसके साथ ही घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों ने भी बाजार की चाल पर प्रतिकूल असर डाला।

धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी के अनुसार दुनिया भर के ज्यादातर स्टॉक मार्केट्स में अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सतर्क मुद्रा में कारोबार हो रहा है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर

**हालात**

**गिरावट के लिए वैश्विक हालात प्रमुख रूप से जिम्मेदार रहे।**

अनिश्चितता बनी हुई है। माना जा रहा है कि अगर कमला हैरिस चुनाव जीतती हैं, तो अमेरिका में उदार आर्थिक नीतियों को बढ़ावा मिल सकता है। डोनाल्ड ट्रंप की जीत होने पर ब्याज दरों को लेकर कड़ाई का रुख जारी रह सकता है। ट्रंप और कमला हैरिस की परस्पर विपरीत आर्थिक नीति की वजह से दोनों में से किसी की भी जीत वैश्विक अर्थव्यवस्था पर अपना असर डालेगी, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी। यही कारण है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के पहले दुनिया भर के स्टॉक मार्केट काफी संभलकर कारोबार कर रहे हैं और निवेशक बिकवाली




करके अपना पैसा सुरक्षित करने की कोशिश में लगे हुए हैं।

अमेरिका में 5 अक्टूबर को राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव के दो दिन बाद ही 7 नवंबर को अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को लेकर फैसला लेने वाला है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने पहले से ही ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत कटौती करने का संकेत दिया हुआ है, लेकिन अमेरिकी चुनाव के परिणाम से अमेरिकी फेडरल रिजर्व का फैसला प्रभावित भी हो सकता है। यही कारण है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों की कटौती के संबंध में उठाए जाने वाले अगले कदम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, जिसने निवेशकों को अपना पैसा सुरक्षित करने के लिए मजबूर कर दिया है।

इसी तरह एक्सिस सिक्योरिटीज के रिसर्च हेड जसवंत दमानी का कहना है कि तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक प्लस ने रविवार को ही क्रूड ऑयल के उत्पादन में बढ़ोतरी करने के अपने फैसले को एक महीने तक के लिए टालने का फैसला करके किया है, जिसकी वजह से आज क्रूड की कीमत में लगभग 2 प्रतिशत तक की तेजी आ गई है। क्रूड ऑयल की कीमत में आई तेजी के कारण भी दुनिया भर के स्टॉक मार्केट पर दबाव बढ़ गया है, जिसका असर आज घरेलू शेयर बाजार में भी नजर आया। इसके साथ ही चीन में जारी आर्थिक संकट को टालने के लिए दिए गए आर्थिक पैकेज के कारण भी स्टॉक मार्केट में ही अपना निवेश रखने के इच्छुक निवेशक इंडियन मार्केट समेत दुनिया के अन्य स्टॉक मार्केट्स में बिकवाली करके अपना पैसा चीन के स्टॉक मार्केट में लगा रहे हैं।

# टाटा मोटर्स ने रचा इतिहास, आईएलएमसीवी रेंज में 15 लाख ट्रकों की बिक्री का बनाया कीर्तिमान

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी, टाटा मोटर्स, ने इंटरमीडियेट, लाइट और मीडियम कमर्शियल व्हीकल्स (आईएलएमसीवी) सेगमेंट में 15 लाख यूनिट्स की बिक्री का ऐतिहासिक आंकड़ा पार करने की घोषणा की है। टाटा मोटर्स देश में यह मुकाम हासिल करने वाली अकेली ट्रक निर्माता कंपनी बन गई है।इस उपलब्धि को खास बनाने के लिए टाटा मोटर्स ने ट्रक्स और टिपर्स की नई रेंज पेश की है, जिसमें टाटा एसएफसी 407 गोल्ड, टाटा एलपीटी, टाटा एसएफसी 709जी, टाटा एलपीटी 1109जी, टाटा एलपीके 1112 और टाटा एलपीके 1416 जैसे नए वेरिएंट शामिल हैं। कंपनी ने पहली बार वाहन खरीदने वाले ग्राहकों के लिए आकर्षक फाइनेंसिंग योजनाएं भी शुरू की हैं। इसके साथ ही, सभी आईएलएमसीवी ट्रकों पर 6 साल की एक्सटेंडेड वारंटी की पेशकश की गई है, ताकि ग्राहकों को पूरी संतुष्टि और मानसिक शांति मिल सके।

आईएलएमसीवी सेगमेंट में 4 से 19 टन तक के ग्रॉस व्हीकल वेट वाले ट्रक शामिल होते हैं, जो कृषि, ई-कॉमर्स, निर्माण और लॉजिस्टिक्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों में ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। टाटा मोटर्स इस सेगमेंट में बेहतरीन और ईंधन-किफायती समाधान पेश करती है, ताकि वाहन चलाने का खर्च कम हो और वाहन ज्यादा समय तक सड़कों पर रह सकें। कंपनी का उद्देश्य है कि ग्राहकों का मुनाफा बढ़े और उन्हें कम लागत में बेहतर सेवाएं मिलें।

इस घोषणा पर टाटा मोटर्स में ट्रक्स के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड, श्री राजेश कौल ने कहा, ÷15 लाख ट्रकों की बिक्री का आंकड़ा पार करना हमारे लिए बेहद गर्व का क्षण है। यह हमारे ग्राहकों के भरोसे और समर्थन का प्रमाण है, जो हमें उनके व्यवसाय को सफल बनाने के लिए नए और उपयोगी समाधान देने के लिए प्रेरित करता है। हमारे नए वेरिएंट्स और एक्सटेंडेड वारंटी ग्राहकों की कमाई बढ़ाने और लंबे समय तक मानसिक शांति प्रदान करने के लिए बनाए गए हैं, ताकि हम उनकी उम्मीदों से भी बेहतर सेवा दे सकें। आगे भी, हमारा पूरा ध्यान ग्राहकों पर रहेगा और हम उनकी सफलता में एक महत्वपूर्ण भागीदार बने रहेंगे, ताकि हम साथ में आगे बढ़ते रहें और नई ऊंचाइयों को छू सकें।

टाटा मोटर्स एक संपूर्ण यातायात समाधान प्रदाता के रूप में अपने वाणिज्यिक वाहनों को आधुनिक खूबियों, पावरफुल पावरट्रेन और कई वैल्यू-एडेड सेवाओं के साथ पेश करती है। इसके आईएलएमसीवी पोर्टफोलियो में ग्राहकों की जरूरतों के मुताबिक कई केबिन विकल्प उपलब्ध हैं, जैसे एलपीटी, एसएफसी, सिग्ना और अल्ट्रा रेंज, जो अलग-अलग डेक लंबाई और बॉडी स्टाइल्स में आते हैं।इन वाहनों को कंपनी कीसंपूर्ण सेवा 2.0 पहल का समर्थन प्राप्त है, जो पूरे वाहन जीवनचक्र में बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करती है। इसमें ब्रेकडाउन सहायता, गारंटी वाले टर्नअराउंड टाइम, वार्षिक मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट (एएमसी), और असली स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता शामिल है। इसके अलावा, टाटा मोटर्स काकनेक्टेड व्हीकल प्लेटफॉर्म, फ्लीट एज, फ्लीट प्रबंधन को आसान बनाता है।

# एचसीएल फाउंडेशन और यूपी सरकार ने समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**लखनऊ।** वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी की योजनाओं को संचालित करने वाले एचसीएल फाउंडेशन और उत्तर प्रदेश सरकार के पशुपालन विभाग ने आज हरदोई के सण्डीला में सरकारी पशु चिकित्सालय को कृत्रिम गर्भाधान और पशुपालन विस्तार सेवाओं (सीएएईएस) के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के इस समारोह में मुख्य अतिथि श्री के. रविंद्र नायक, प्रधान सचिव, पशुपालन, उत्तर प्रदेश सरकार और श्री आलोक वर्मा, परियोजना निदेशक - समुदाय और माय क्लीन सिटी, एचसीएल फाउंडेशन द्वारा किया गया। एमओयू आदान-प्रदान समारोह के मुख्य अतिथि, श्री मनोज कुमार सिंह, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार ने एचसीएल फाउंडेशन द्वारा डेयरी किसानों के लिए सुधारित पशु प्रबंधन प्रथाओं पर एक प्रशिक्षण पुस्तिका का विमोचन किया। समारोह में के. रविंद्र नायक, प्रधान सचिव, प्रशासन सुधार एवं लोक सेवा, उत्तर प्रदेश सरकार, श्री गौरी शंकर प्रियदर्शी, आयुक्त एवं सचिव, ग्रामीण विकास, उत्तर प्रदेश सरकार, और डॉ. अशोक कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, हरदोई भी उपस्थित थे। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा, आज ग्रामीण दुग्ध विकास और पशु स्वास्थ्य में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। एचसीएल फाउंडेशन के साथ यह सहयोग सरकार की इस बात के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर करता है कि किसानों को सुलभ, उच्च गुणवत्ता वाली पशु चिकित्सा देखभाल प्रदान की जाए। यह पशु अस्पताल पशुधन की भलाई और उत्पादकता को सुधारने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे हमारे समुदायों में सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## टाटा पावर ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में ई-मोबिलिटी को बढ़ाया

भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग इकोसिस्टम में अग्रणी टाटा पावर ने उत्तर प्रदेश के आज़मगढ़ में एक नए ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना की है। टाटा पावर का यह कदम रणनीतिक दृष्टी से काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे सुल्तानपुर, बलिया और गोरखपुर जैसे प्रमुख शहरों को जोड़कर, पूर्वी उत्तर प्रदेश में कनेक्टिविटी को बढ़ाया गया है। बलिया से लखनऊ तक एक महत्वपूर्ण कॉरिडोर खोलकर, टाटा पावर ने इस मार्ग को ऊर्जा प्रदान की है, जिससे इलेक्ट्रिक गाड़ियों का इस्तेमाल करने वालों के लिए पहुंच में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस नए बुनियादी ढांचे में नेटवर्क का शुरूआती पॉइंट बलिया में पुनीत ऑटो सेल्स में 30द्मड्ड का चार्जर है और आज़मगढ़ में सर्वोदय डिजिटल लाइब्रेरी में एक और 30द्मड्ड का चार्जर है। अब इलेक्ट्रिक गाड़ियों में 130 किलोमीटर की दूरी की यात्रा करना भी सुविधाजनक हो गया है। इस कॉरिडोर को आगे बढ़ते हुए सुल्तानपुर में मोटल एनएच56 पर 30द्मड्ड का चार्जर है, जिसके बाद लखनऊ के शालीमार कॉर्पोरेट पार्क में 60द्मड्ड का एक बहुत बड़ा फास्ट चार्जर है।

इससे पूर्वी उत्तर प्रदेश से पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक कनेक्टिविटी को मज़बूत किया गया है। सुलभ और बड़े पैमाने पर फैले हुए ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के नेटवर्क के माध्यम से भारत को ईवी के लिए पूरी तरह से तैयार बनाने की टाटा पावर की प्रतिबद्धता इसमें उजागर होती है। होटल, हाईवे, मॉल, कार डीलरशिप, कार्यालय आदि जैसे भीड़भाड़ और आवाजाही वाले स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित करके, टाटा पावर बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा करना और इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग का समर्थन करना चाहती है। टाटा पावर ने एक व्यापक ईज़ी चार्ज नेटवर्क स्थापित किया है, जिसमें 100,000 से अधिक होम चार्जर इंस्टॉलेशन और विभिन्न क्षेत्रों में 5,500 से अधिक चार्जिंग पॉइंट हैं, इस क्षेत्र के 550 से अधिक शहरों और कस्बों के उपभोक्ता इनका लाभ उठा रहे हैं। इसके अलावा, नेटवर्क में मुंबई, दिल्ली, बैंगलोर, जम्मू और कई अन्य शहरों में 1,100 से अधिक बस चार्जिंग पॉइंट भी शामिल हैं।

# सेडान सेगमेंट में क्रांति लाने के लिए ऑल न्यू डिजायर हुई तैयार





**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख पैसेंजर व्हीकल निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित चौथी जनरेशन डिजायर की बुकिंग की शुरुआत कर दी है। भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली कॉम्पैक्ट सेडान, ऑल-न्यू डिज़ायर अपने अत्याधुनिक डिज़ाइन, सेगमेंट में पहली बार पेश किए जा रहे ढेरों फीचर्स और शानदार कीमत के साथ एक बार फिर इस सेगमेंट में क्रांति लाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। मारुति के डिज़ायर ब्रांड की खास विरासत पर तैयार, नई जनरेशन का यह मॉडल भारतीय बाजार में सबसे बेहतरीन वाहन पेश करने की मारुति सुजुकी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इस घोषणा के बारे में बात करते हुए, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग एवं सेल्स के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफीसर, श्री पार्थो बनर्जी ने कहा 2008 से अब तक के बेमिसाल सफर ने डिजायर को भारत की सबसे पसंदीदा सेडान बना दिया है। अब तक डिजायर 27 लाख से अधिक ग्राहकों का विश्वास जीत चुकी है। ऑल-न्यू डिजायर के साथ, हमने एक ऐसी नायाब चीज़ तैयार की है, जो न केवल अपने सेगमेंट के सर्वश्रेष्ठ है, बल्कि ग्राहकों की पारंपरिक उम्मीदों से परे है। इसकी आधुनिक डिज़ाइन फिलॉसफी, शानदार कंफर्ट और अत्याधुनिक तकनीक, डिजायर में ग्राहकों की पसंद के साथ यह दर्शाती है की आधुनिक सेडान में वे क्या चाहते हैं। आधुनिक पावरट्रेन विकल्प के साथ सोची गयी क्यूरेटेड फीचर्स को मिलाकर ऑल-न्यू डिजायर एक बेहतरीन अनुभव देने के लिए तैयार है।

# काइनेटिक ग्रीन ने शाहजहांपुर में नई डीलरशिप खोली, इलेक्ट्रिक गाड़ियों में बढ़ाई अपनी मजबूती

**शाहजहांपुर।** भारत की प्रमुख इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर निर्माता कंपनी काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एण्ड पावर लिमिटेड सॉल्यूशंस ने शाहजहांपुर में नई डीलरशिप के उद्घाटन की घोषणा की है। श्री खालीक अहमद के स्वामित्व एवं परिचालन में मेसर्स ऑटोमोबाइल ग्रीन शाहबाज नगर रोड, बालाजी मंदिर के पास, शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश में स्थित है। राज्य में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिये ब्रैंड की प्रतिबद्धता में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है।

उद्घाटन समारोह के अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानी अशफाक उल्ला खान के पोते श्री अशफाक उल्ला खान ने उपस्थित होकर शोभा बढ़ाई। उनके साथ काइनेटिक ग्रीन के रीजनल मैनेजर श्री सौरभ जौहरी, एएसएम निशांत गौरव, एएसएम प्रशांत सिंह और डीलरशिप के मालिक के परिजन भी उपस्थित थे। इस तरह ब्रैंड के विस्तार की यात्रा में




यह एक महत्वपूर्ण और यादगार अवसर बन गया।

शाहजहांपुर की इस डीलरशिप में अत्याधुनिक 3एस सुविधाएँ हैं, जो काइनेटिक ग्रीन के इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की बिक्री, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। यहां काइनेटिक ग्रीन के इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की विभिन्न रेंज पेश की गई है, जैसे कि ई-लूना, ई-जुलू और जिंग। इन मॉडलों में उत्कृष्टता और आधुनिक तकनीक का एक अनोखा संयोजन है, और ये इलेक्ट्रिक यातायात के लिए भरोसेमंद, विश्वसनीय और सुलभ समाधान प्रदान करते हैं।

डीलरशिप के विस्तार पर काइनेटिक ग्रीन में 2-व्हीलर बिजनेस के प्रेसिडेंट पंकज शर्मा ने कहा, ''हमें शाहजहांपुर में अपनी नई डीलरशिप का शुभारंभ करके बहुत खुशी हो रही है। यह उत्तर प्रदेश में हमारी मौजूदगी बढ़ाने के लिए एक बड़ा कदम है। यह सुविधा भारत में पूरी तरह से इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हमारी सोच का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे लोगों के लिए पर्यावरण के अनुकूल परिवहन और भी आसान हो जाएगा। इसके साथ ही, इलेक्ट्रिक गाड़ियों को तेजी से अपनाने से आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य बनेगा।

नई डीलरशिप के खुलने पर अपनी बात रखते हुए, शाहजहांपुर के एमएस ऑटोमोबाइल ग्रीन के मालिक श्री खालीक अहमद ने कहा, ''हम काइनेटिक ग्रीन के साथ साझेदारी करते हुए बहुत उत्साहित हैं। हमारे बिजनेस पर उन्होंने जो भरोसा दिखाया है और सहयोग किया है, उसके हम आभारी हैं।

## अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 ने सफलता के सभी पुराने रिकॉर्ड पीछे छोड़े

**बेंगलुरु।** अमेज़न इंडिया ने आज बताया कि पूरे एक महीने तक चलने वाला उसका अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 देश भर में ग्राहकों, विक्रेताओं और ब्रांड भागीदारों के लिए अब तक का सबसे अच्छा खरीदारी उत्सव रहा है। 24 घंटे के प्राइम अर्ली एक्सेस के साथ एजीआईएफ 2024 का शुभारंभ 27 सितंबर को हुआ था। इसमें ग्राहकों को लैपटॉप, टीवी, स्मार्टफोन, फैशन एवं ब्यूटी, होम डेकोर, अप्लायंसेज, फर्नीचर और ग्रॉसरी जैसी श्रेणियों में शीर्ष ब्रांडों के 25,000 से अधिक नए उत्पादों को खरीदने का शानदार मौका मिला। एजीआईएफ 2024 ने विक्रेता की सफलता के कीर्तिमान स्थापित किए और पिछले साल की तुलना में विक्रेताओं की बिक्री में 70प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई, जो एक करोड़ से अधिक थी। ऑनलाइन मार्केटप्लेस ने अपनी फॉस्ट डिलीवरी की क्षमता को और बढ़ाया, पूरे भारत में प्राइम मेंबर्स को 3 करोड़ से अधिक उत्पाद उसी दिन या अगले दिन डिलीवर किए गए इस प्रकार इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 26त्न की शानदार वृद्धि देखी गई।

सौरभ श्रीवास्तव, वाइस प्रेजीडेंट - कैटेगरीज, अमेज़न इंडिया ने कहा ÷अमेज़न का ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 पिछले सभी रिकार्ड तोड़ते हुए भारत का सबसे बड़ा खरीदारी उत्सव बन गया है। रोजमर्रा की जरुरत के सामान से लेकर बड़े-मूल्य की खरीदारी तक, हर चीज के लिए देश भर से यह जबरदस्त उत्साह, अमेज़न इंडिया पर ग्राहकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है । एजीआईएफ उत्पादों की विशाल संख्या, आकर्षक मूल्य, फॉस्ट डिलीवरी और निरंतर इनोवेशन के जरिये शानदार खरीदारी अनुभव प्रदान करने के हमारे जुनून का उदाहरण है। हम ऐसे और अवसर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो ग्राहकों, विक्रेताओं और भागीदारों के हमारे पूरे इकोसिस्टम के लिए अधिक मूल्य प्रदान करते हैं।

# स्कैम से सावधान! अभय देओल संग व्हाट्सएप का अनोखा अभियान, म्यूजिक के साथ जागरूकता की धुन

**नई दिल्ली।** व्हाट्सएप ने आज अपने प्राइवेसी कैंपेन के तहत एक अनोखा म्यूजिक वीडियो लॉन्च किया, जिसमें अभिनेता अभय देओल नजर आ रहे हैं। यह वीडियो मशहूर गाने ओए लकी लकी ओए का म्यूजिकल रीमेक है। इसका मकसद लोगों को व्हाट्सएप पर होने वाले स्कैम्स से बचने के तरीके समझाना और जागरूक बनाना है। इस कैंपेन का उद्देश्य लोगों को न केवल जागरूक करना है, बल्कि व्हाट्सएप के सेफ्टी टूल्स का इस्तेमाल करने की आदत भी विकसित करना है, ताकि यूजर्स हर स्थिति में ऑनलाइन सुरक्षित रह सकें।

बीबीडीओ इंडिया के साथ मिलकर बनाए गए इस कैंपेन में पुरानी यादों का सहारा लेकर लोगों को स्कैम के बारे में जागरूक करने की कोशिश की गई है। इसमें दिखाया गया है कि यूजर्स कैसे व्हाट्सएप की प्राइवेसी फीचर्स और सेफ्टी टूल्स का सही इस्तेमाल कर अपनी सुरक्षा कर सकते हैं और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बच सकते हैं।



यह वीडियो लोगों के रोजमर्रा के अनुभवों से जुड़ता है और फर्जी नौकरी के ऑफर, नकली पहचान के जरिए धोखाधड़ी और ओटीपी स्कैम जैसी आम घटनाओं को दर्शाता है। इसके जरिए यह समझाया गया है कि किसी भी कार्रवाई से पहले सावधानी बरतना कितना जरूरी है। वीडियो व्हाट्सएप की सुरक्षा के कई स्तरों के बारे में भी बताता है, जो यूजर्स को सुरक्षित रखने में मदद करते हैं। आप पूरा वीडियो यहां देख सकते हैं:https://youtu.be/PynX{F~XtLs

इस कैंपेन के लॉन्च पर अभिनेता अभय देओल ने कहा, ओए लकी लकी ओए की पुरानी यादों को नए और मजेदार अंदाज में पेश करना एक शानदार अनुभव रहा। इस लोकप्रिय गाने पर फिर से काम करना और इसे एक खास मकसद के साथ जीवंत होते देखना वाकई बहुत खास था। व्हाट्सएप के साथ जुड़ना इसे और भी अर्थपूर्ण बनाता है, क्योंकि हम केवल मनोरंजन नहीं कर रहे, बल्कि लोगों को ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूक भी कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि लोग इस म्यूजिक का पूरा आनंद लेंगे और इससे उन्हें स्कैम से बचने के लिए जरूरी टिप्स भी मिलेंगे!

इस मौके पर मेटा के कंज्यूमर मार्केटिंग डायरेक्टर व्योम प्रशांत ने कहा, आज की ऑनलाइन दुनिया में प्राइवेसी और सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

# निवेशक थीमैटिक फंड्स की ओर हुए आकर्षित-टाटा म्यूचुअल फंड

**कानपुर।** हाल ही में भारतीय इक्विटी निवेशकों के बीच थीमैटिक और सेक्टोरल फंड को निवेश के विकल्प के रूप में देखा गया है, जो हालिया तिमाही में इक्विटी-ओरिएंटेड म्यूचुअल फंड योजनाओं में कुल प्रवाह का 45त्न हिस्सा है। यह उछाल विशिष्ट क्षेत्रों और उद्योगों में निवेशकों की बढ़ती रुचि के कारण है एएमएफआई (एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया) के अनुसार जुलाई-सितंबर में इस श्रेणी में 49,759 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जबकि एक तिमाही पहले यह 46731 करोड़ रुपये था। जुलाई-सितंबर में इक्विटी-उन्मुख योजनाओं में संचयी निवेश 1.09 लाख करोड़ रुपये रहा टाटा म्यूचुअल फंड की फंड मैनेजर मीता शेट्टी का कहना है कि मांग में तेजी का नेतृत्व जनरल एआई और विवेकाधीन खर्च की वापसी से होगा।



शेट्टी द्वारा प्रबंधित टाटा डिजिटल इंडिया फंड, थीमैटिक फंड जगत में टेक फंड की क्षमता को दर्शाता है। इस फंड ने सितंबर 2024 तक पिछले एक साल में 45.6% रिटर्न दिया है, जो इसके बेंचमार्क, निफ्टी आईटी टीआरआई से बेहतर प्रदर्शन है, जिसने इसी अवधि में 34.4% से थोड़ा अधिक रिटर्न दिया है।

# ओबीएससी परफेक्शन लिमिटेड की एनएसई एसएमई पर शानदार लिस्टिंग
# लिस्टिंग के बाद जल्द ही बाजार भाव में भारी उछाल

**पटना।** ओबीएससी परफेक्शन लिमिटेड की आईपीओ लिस्टिंग हुई। प्रेसिजन मेटल कम्पोनेंट की अग्रणी कम्पनी ओबीएससी परफेक्शन लिमिटेड के शेयरों की एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर 110 रु. प्रति शेयर लिस्टिंग हुई, जो इसके मजबूत प्रदर्शन को लेकर बाजार का भरोसा दिखाता है। शुरुआती कारोबार में ही बहुत जल्द यह स्टॉक 115.50रु. पर पहुंच गया। ओबीएससी परफेक्शन लिमिटेड के शेयर लिस्टिंग के बाद 15.5 प्रतिशत बढ़ कर 115.50 रु. के हो गए जो कि इसका अपर सर्किट था।

ओबीएससी परफेक्शन लिमिटेड की शानदार लिस्टिंग पर कम्पनी के प्रबंध निदेशक सक्षम लीखा का यह कहना है कि यह प्रेसिजन इंजीनियरिंग के क्षेत्र में हमारी कम्पनी के सुनहरे भविष्य में बाजार के अटूट विश्वास का प्रमाण है। इतनी शानदार लिस्टिंग से ओबीएससी परफेक्शन के दमदार कारोबार और



मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में कम्पनी की असीम संभावना दिखती जिससे निवेशकों में काफी उत्साह है। सक्षम ने बताया कि हालांकि कम्पनी की बुनियाद ठोस है पर ओबीएससी परफेक्शन भारी प्रतिस्पर्धा के बाजार में काम कर रही है, जो खास कर प्रेसिजिन इंजीनियरिंग पर निर्भर सेक्टर में दिखती है।

इस सिलिसिले में एंग्लियन ओमेगा ग्रुप के चेयरमैन उदय नारंग ने कहा, ''निवेशक इस बात का ध्यान रखें कि ओबीएससी अपने ग्रोथ प्लान और कैपिटल इक्वीपमेंट में स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट और कारोबार विस्तार के साथ एक मजबूत मुकाम पर है। निवेशकों को हम यही सुझाव देंगे कि ओबीएससी स्टॉक के लिए मध्यम से लंबी अवधि का नजरिया बनाएं। कम्पनी के पुणे और श्रीपेरंबदूर कारोबार के विस्तार की योजना देखते हुए यह निवेश और बेहतर साबित होगा।''

इस आईपीओ का प्राइस बैंड 95रु. और 100 के बीच निर्धारित किया गया था और एक लॉट 1,200 शेयरों का था। बाजार ने इस आईपीओ को हाथों-हाथ लिया। इसका कुल सब्सक्रिप्शन एक ऐसे समय में भी 16.5 गुना हुआ जब बाजार का सेंटिमेंट कमजोर था। गौरतलब है कि अक्तूबर के महीने में एफआईआई कुल 11 बिलियन के स्टॉक बेच चुके हैं।

अवधनामा
लखनऊ, मंगलवार, 05 नवम्बर 2024


# डीएम ने ग्राम पंचायत सेमरौना में स्थित छठ घाट का किया निरीक्षण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने छठ पूजा की तैयारियों के दृष्टिगत आज रुद्रपुर तहसील अंतर्गत सेमरौना स्थित बथुआ रिवर फ्रंट पर छठ घाट का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से मनाने के संबन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि छठ पूजा स्थलों एवं घाटों पर प्रशासन द्वारा विशेष इतंजाम किए जाएंगे। इस संबन्ध में 57 अधिकारियों को मजिस्ट्रेट के रुप में तैनात किया गया हैं। ईओ, बीडीओ तथा एडीओ पंचायत का दायित्व होगा कि वे पूजा स्थल,घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, तालाब, नदी में बैरिकेडिंग, नदी घाटों के निकट गोताखोर व नाव की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ पूजा स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगाया जाए। उन्होंने कहा कि छठ पूजा स्थलों पर आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की अलग से व्यवस्था कर ली जाए, जिससे वाहनों की वजह से लगने वाले जाम पर लगाम लग सके। समस्त छठ पूजा स्थलों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम उपलब्ध रहेगा, जिससे आवश्यक संदेश पूजा स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं तक आसानी से पहुंचाया जा सके। उन्होंने तालाब, पोखरों एवं घाटों पर सफाई के विशेष इंतजाम करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने छठ पूजा स्थलों पर चाक चौबंद सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश दिए।

## छठ पूजा को लेकर तैयारियां जोरों पर

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** पूर्वांचल के महापर्व छठ पूजा को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जोरो पर तैयारियां चल रही हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के जिले और बिहार प्रांत में मनाया जाने वाला यह महापर्व अब जिले में भी पूरी तरह फैल चुका है। नौकरी-पेशा और शादी विवाह के बाद यहां रह रहे परिवार विधि विधान से छठ पूजन करते हैं। जिसके लिए छठ घाट पर बेदी बनाने पूजन सामग्रियों की खरीददारी करने के लिए होड़ लगी हुई है। आस्था के इस महापर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह है।चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व विशेष रोचक होता है। नहाय खाय के साथ कार्तिक मास में अमावस्या के बाद चतुर्थी तिथि को छठ पूजा की शुरुआत होती है। दूसरे दिन खरना होता है।व्रती शाम को ठेकुआ आदि का प्रसाद ग्रहण करते है। षष्ठी को व्रत के साथ छठ घाट पर अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य उसके बाद सप्तमी को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद प्रसाद ग्रहण कर इस महापर्व का समापन होगा। छठ पूजा को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में जोरो पर तैयारियां चल रही हैं।

# तहसील समाधान दिवस में आधा दर्जन अधिकारी गैरहाजिर, मांग स्पष्टीकरण

अवधनामा ब्यूरो



- सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ करे प्रार्थना पत्रों का निस्तारण : डीएम

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में सोमवार को तहसील कसया के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा लगभग 11.30 बजे जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति का निरीक्षण किया किया गया, जिसमे जिला उद्यान अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, अधीक्षक सा. स्वास्थ्य केंद्र कसया तथा फाजिलनगर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गैरहाजिर मिलें जिसपर जिलाधिकारी द्वारा नाराज़गी प्रकट की गई एवं निरीक्षण के समय अनुपस्थित लोगों का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। हालांकि बाद में कुछ अधिकारीगण विलंब से उपस्थित हुए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए जनता/ फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को बारी -बारी से गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित, समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवाई की व पुलिस विभाग के अधिकारियों निस्तारण का निर्देश दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 32 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 14 में से 05 को तत्काल निस्तारित किया गया, पुलिस विभाग से संबंधित 05, विकास विभाग से संबंधित 04 तथा अन्य विभाग के 09 प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 32 में से 05 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 27 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयांतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ गुंजन द्विवेदी, उप जिलाधिकारी कसया परितोष मिश्रा, एसडीएम न्यायिक कसया अनिल कुमार यादव सहित जनपदीय अधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध कब्जे की शिकायत पर तहसील प्रशासन द्वारा पैमाइश की गई

**रायबरेली।** ऊंचाहार-चार वर्ष पूर्व विधानसभा की याचिका समिति में विधायक द्वारा सरकारी जमीन पर किये गए अवैध कब्जे की शिकायत पर तहसील प्रशासन द्वारा पैमाइश की गई है।पैमाइश के दौरान नगर व देहात क्षेत्र की सरकारी जमीन पर मिले अवैध कब्जे के विरुद्ध प्रशासन ने कार्यवाई शुरू कर दी है। नगर स्थित सीएचसी के पास गाटा संख्या 3965 अभिलेखों में नगर पंचायत ऊसर के नाम दर्ज है जबकि उससे सटी गाटा संख्या 5035 राजस्व अभिलेखों में ऊंचाहार देहात ग्राम पंचायत में ऊसर व बंजर दर्ज है।बताया जा रहा है कि वर्ष 2020 में क्षेत्रीय विधायक ने विधानसभा की याचिका समिति में ऊंचाहार देहात ग्राम पंचायत की सरकारी जमीन पर एक मकान के अवैध तरीके से किये गए निर्माण की शिकायत की थी।सोमवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार आकांक्षा दीक्षित, अधिशासी अधिकारी सिकंदरादित्य की मौजूदगी में राजस्व निरीक्षक रत्नाकर शुक्ला की अगुवाई में क्षेत्रीय लेखपाल प्रमोद गुप्ता, लेखपाल शंकरलाल द्वारा शिकायत के आधार पर पैमाइश की गई।

# वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** वरिष्ठ दिवंगत पत्रकार राधेश्याम लाल कर्ण के निधन के उपरान्त रायबरेली क्लब में एक श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन। स्वर्गीय पत्रकार राधेश्याम लाल कर्ण का निधन हृदय गति रूक जाने से गत 25 अक्टूबर को हो गया था। स्व. कर्ण प्रदेश महामंत्री उपज संगठन की रीढ़ की हड्डी थे। जिससे संगठन के साथ-साथ रायबरेली जनपद में उनके निधन से अपूर्णनीय क्षति हुई है। इसी क्रम में रायबरेली के पत्रकार, समाजसेवियों द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

श्रद्धांजलि सभा का संचालन शिव नारायण सोनी द्वारा किया गया। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ भाजपा नेता रवीन्द्र सिंह ने राधेश्याम लाल कर्ण के निधन पर अपनी संवेदनाये प्रकट की और कहा कि रायबरेली में कर्ण जी के निधन से पत्रकारिता के क्षेत्र में अपूर्णनीय क्षति हुई है जिसकी भरपायी आसान नहीं होगी। समाज सेवी राकेश सिंह भदौरिया ने स्व. कर्ण को श्रद्धांजलि देते हुए उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कांग्रेसी नेता दिनेश शुक्ला ने कहा कि स्व. कर्ण एक सरल स्वभाव के व्यक्ति थे और प्रायः पत्रकार हितों के बारे में सोचा करते थे। मिलिंद द्विवेदी ने इस अवसर पर स्व. कर्ण को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके द्वारा पत्रकारहितो में किये गये कार्यो के बारे में बताया और कहा कि स्व. कर्ण ने अपना पूरा जीवन पत्रकारहित को समर्पित कर दिया। वरिष्ठ पत्रकार उपमेन्द्र सिंह ने स्व. कर्ण के सरल स्वभाव के बारे मे बताया और कहा कि कोई भी पत्रकार अपनी समस्या लेकर पहुँचता था तो उसका निदान उनके पास हो जाता था। श्रद्धांजलि देने वालो में अजीत सिंह, हरिशानंद मिश्रा, डा दिग्विजय सिंह, धीरज श्रीवास्तव, धैर्य शुक्ला, सुशील सिंह, राहुल मिश्रा, शिवम द्विवेदी, रत्नेश, श्याम सुन्दर पाण्डेय, गुरजीत सिंह तनेजा, आलोक सिंह, शशांक सिंह राठौर, सुधीर सिंह, अखिल श्रीवास्तव, ओम शंकर शुक्ला, आदित्य बाजपेयी, चन्द्रशेखर सिंह, रामसजीवन चौधरी, आरके शर्मा, हर्षित द्विवेदी, संदीप मौर्य, आशुतोष सिंह, सुरेश त्रिवेदी, संजय मौर्य, सारिका शुक्ला, वीरेन्द्र पाल, रोहित मिश्रा, केशवानंद, विवेक सिंह राठौर, दीपक गुप्ता, दिलीप सिंह, जयशंकर प्रसाद कर्ण, आनन्द कर्ण, अमित यादव, राहुल श्रीवास्तव, विवेक सिंह राठौर आदि बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस : सलोन तहसील में डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सलोन तहसील में जनता की फरियाद सुनी। इस दौरान उनके सामने कुल 68 मामले आए जिनमें 8 का मौके पर निस्तारण कराया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए सख्त निर्देश दिया कि इसका समयान्तर्गत व गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। इस अवसर पर राजस्व विभाग ,पुलिस विभाग ,विद्युत विभाग,नगर पंचायत, नलकूप, वन विभाग और समाज कल्याण विभाग के मामले जिलाधिकारी के सामने आए। जिलाधिकारी ने पैमाइश एवं भूमि विवाद से संबंधित मामलों में कहा कि राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौका-मुआयना करके सही व्यक्ति को तत्काल राहत दिलाएं। समय से हर किसी की शिकायत का समाधान सरकार की प्राथमिकता है, सभी अधिकारी इस बात का ख्याल रखें। उन्होंने पिछले संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अगर निस्तारण में अनावश्यक विलंब हुआ या निस्तारण सही नहीं पाया गया तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सलोन, सीओ सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# मथौली में सभासदों ने छठ घाट का साफ-सफाई कराने में जुटे

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर क्षेत्र में तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। छठ घाटों की साफ-सफाई और वेदियों को बनाकर रंग-रोगन का कार्य शुरू हो चुका है।

मथौली नगर पंचायत के राम जानकी मंदिर स्थित पोखरे पर सबसे ज्यादा भीड़ रहती है जिसको देखते हुए इसकी जिम्मेदारी नगर ने उठाया है तो ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम प्रधान अपनी पंचायत में व्यवस्था कराने में जुट गए हैं। बताया जाता है कि नगर पंचायत मथौली समेत ग्रामीण अंचलों में छठ महापर्व को लेकर काफी उत्साह हैं। चार दिवसीय छठ महापर्व पांच नवंबर मंगलवार से नहाय-खाय के साथ प्रारंभ होगा। आठ नवंबर शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाएं व्रत तोड़ेगी। नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 12 सरदार भगत सिंह स्थित राम जानकी मंदिर स्थित बड़ी पोखरे पर सभासद प्रतिनिधि एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष अदालत प्रसाद, सभासद प्रिंस मद्धेशिया, प्रिंस जायसवाल, मानवेंद्र सिंह, रविन्द्र सैनी आदि सभासद व वार्ड नंबर 5 श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर के अमृत सरोवर पोखरें सभासद रामकृपाल यादव उर्फ धमारी आदि लोगों ने छठ घाटों को स्वच्छ करने में जुट गए हैं। सभासदों ने बताया कि घाट के किनारे घास की सफाई के अलावा, भूमि का समतलीकरण, वेदियों की पेंटिंग और घाट तक आने जाने-वाले रास्तों पर चूना गिराकर स्वच्छ बनाया जा रहा है।

# राष्ट्रीय गंगा उत्सव : घाटों पर चला अभियान आरती के साथ लोगों से स्वच्छता की अपील

अवधनामा संवाददाता



**बरहज।** गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित करने की वर्षगांठ (चार नवंबर) को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा मनाए जा रहे राष्ट्रीय गंगा उत्सव के अवसर पर नमामि गंगे व जिला गंगा समिति देवरिया के तत्वावधान में बरहज स्थित सरयू तट पर मां गंगा की आरती उतारी गई। गंगा किनारे की सफाई करके मां गंगा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी शिवम मिश्रा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने कहा कि देश में विविध भाषाएं, धर्म, संस्कृति, संगीत होने के बावजूद कुछ ऐसी चीजें हैं जो हमें बांधे रखती हैं, एकजुट रखती है गंगा उनमें से एक है। गंगा की निर्मलता के लिए योगदान करना हम सभी का राष्ट्रीय और नैतिक दायित्व है। जिला गंगा समिति से जिला परियोजना अधिकारी मो. सिबली खान ने कहा कि गंगा नदी भारत की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है जो राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का काम करती है। मां गंगा के बिना भारतीय सभ्यता अधूरी है। नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने कहा कि देश में विविध भाषाएं, धर्म, संस्कृति, संगीत होने के बावजूद कुछ ऐसी चीजें हैं जो हमें बांधे रखती हैं, एकजुट रखती है गंगा उनमें से एक है। गंगा की निर्मलता के लिए योगदान करना हम सभी का राष्ट्रीय और नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम के दरम्यान उपस्थित युवाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक राहुल मल्ल ने किया गया। उक्त अवसर पर पुजारी रामनारायण पाण्डेय, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक देवव्रत पाण्डेय, समाजसेवी शिवम द्विवेदी, शिवम मिश्रा, विशाल तिवारी, शुभम तिवारी, अनमोल तिवारी, सहित अनेक युवा मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेता ने लगाया आरोप मनरेगा में हो रहा है जमकर लूट और बंदरबाट

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पुर्व सद्स्य एव



मनरेगा निगरानी समिति के जिला प्रभारी नागेंद्र शुक्ल ने कहा कि मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही हैं बिना काम कराए ही पैसे का भुगतान कर लिया जा रहा है। यह सब खेल ऊपर से लेकर नीचे तक के सभी जिम्मेदार अधिकारियों के संरक्षण में चल रहा है। ताजा मामला रुद्रपुर ब्लाक का है जहा 60/ 40 के रेसियो को समाप्त कर दिया गया है। मनरेगा प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना लाकर देश के गरीबी, मजदूर किसान नौजवान को एक रोजगार का मार्ग खोला था। जिससे देश में बेरोजगारी दर में कमी हो सके। लेकीन भाजपा सरकार ने द्वेष की भावना से ग्रस्त होकर मनरेगा को कमजोर कर रही है। देश में मंहगाई और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। आय दिन लूट खसोट हत्या, बलात्कार हो रहा है। देश व प्रदेश के अन्दर अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। सरकार का कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। श्री शुक्ल ने कहा कि जनपद के जिम्मदार अधिकारियों के सह और मिलीभगत से मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। मनरेगा में फर्जी तरीके से जाब कार्ड बनाकर पैसे की लूट की जा रही है। मनरेगा योजना से जिमेदार मालामाल हो रहे हैं और जो इसके अन्तर्गत मजदूर है उनका हक मारा जा रहा है। इसमें सभी की मिलीभगत है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर जल्द मनेगा योजना में भ्रष्टाचार नही रुका तो कांगेस पार्टी के नेता और सभी कार्यकता सड़क पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेंगे।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

**रायबरेली।** ऊंचाहार-सड़क दुर्घटना में घायल युवक की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

निहालीपुर मजरे कल्यानी गाँव निवासी कल्लू निषाद 40 वर्ष पुत्र रामकेश रविवार को सलोन कस्बे में मछली बेचने गया हुआ था, जहां से देर शाम बाइक से घर लौट रहा था, तभी ऊंचाहार सलोन मार्ग पर बहेरवा चौराहे के निकट अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी,जिसमें वो गम्भीर रूप से घायल हो गया था, पुलिस ने उसे एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी भिजवाया था, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया था, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, सोमवार को सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। कोतवाल सजंय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर कार्यवाई की जायेगी।

# समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण करें शिकायतों का निस्तारण : डीएम



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जनपद की चारों तहसीलों में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील अमेठी में कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तिलोई में 11 शिकायतें प्राप्त हुई तहसील मुसाफिरखाना में 12 शिकायतें प्राप्त हुई तथा तहसील गौरीगंज में 11 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

# मिशन शक्ति के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन के अंतर्गत कंपॉजिट विद्यालय भादर प्रथम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना पीपरपुर की महिला सिपाही अनीता और रूबी शर्मा ने हेल्पलाइन सेवाओं के साथ महिलाओं के हित में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रदेश के सभी थानो में शक्ति मोबाइल और महिला हेल्पलाइन का गठन किया गया हैं। महिला पुलिस बीट व महिला बीट पुलिस अधिकारी भी तैनात किये गये हैं।जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 वीमेन पॉवर लाइन 181 वीमेन हेल्पलाइन 112 पुलिस आपातसेवा 102 व 108 एम्बुलेंस सेवा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 101 अग्नि शमन सेवा 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में बालिकाओं को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया।महिला कांस्टेबल अनीता ने निराश्रित महिला पेंशन मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई सम्मान योजना आदि के बारे जानकारी दी। मीना मंच की इंचार्ज लालती देवी ने रानी लक्ष्मी बाई आत्म प्रशिक्षण और राष्ट्रीय पोषण मिशन के बारे में जानकारी दी। संकुल शिक्षक देवांशु सिंह ने बताया कि अब तीनों सेनाओं में अग्निवीर के रूप में महिलाओं का भी प्रवेश शुरू हो गया हैं।

# कसया में छठ घाट का डीएम व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जनपद में छठ पूजा त्यौहार को सकुशल एवं शांतिपूर्वक मनाए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज तथा पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने नगर पालिका क्षेत्र (कसया) कुशीनगर स्थित भरौली पोखरा छठ घाट का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान ईओ तथा स्थानीय लेखपाल से पूर्व में छठ पूजा पर इक्कठा होने की भीड़ तथा घाटों पर की जाने वाली बुनियादी सुविधाओं के बारी जानकारी ली गई। जिस पर संबंधित अधिकारी के द्वारा बताया गया कि लगभग 4000 कि भीड़ यहां भी इकट्ठा होती है। प्रकाश, पार्किंग, साउंड सिस्टम, गोताखोरों की व्यवस्था पूर्व से होती रही है। जिलाधिकारी ने समस्त छठ घाटों की उचित साफ सफाई, उचित प्रकाश की व्यवस्था तथा छठ पूजा के अवसर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, जनरेटर, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, साउंड माइक, पार्किग आदि व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यतानुसार बांस, बल्ली, रस्सी के माध्यम से छठ घाटों का निर्माण किया जाए, उचित रूप से बैरिकेडिंग करा दिया जाए, गोताखोरों की व्यवस्था किया जाए। चिन्हित स्थलों, घाटों पर ज्यादा गहरा पानी अगर है तो बांस से घेर दिया जाए साथ ही गोताखोरों एवं नाविकों के व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। छठ घाटों और आवागमन के रास्ते पर प्रकाश की उचित व्यवस्था की जाय।त्यौहार के दृष्टिगत पूरा प्रशासन अलर्ट मोड पर रहें। कहा कि यह अपेक्षा करता हु कि आपसी सामंजस्य और सौहार्द्रता से सम्पूर्ण त्योहार को मिलजुल कर उल्लासपूर्ण वातावरण में सौहार्द पूर्वक त्यौहार कुशलता पूर्वक मनाएंगे।

# साढ़े चार करोड़ से बदलेगी नगर पंचायत मथौली की सूरत

अवधनामा संवाददाता

- मंदिर का चहारदीवारी व पशु अस्पताल का होगा कायाकल्प
- बनेगी अंत्येष्टि स्थल

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** नगर पंचायत मथौली की सूरत बदलने वाली है। जल्द ही नगर में सीसी रोड, भूमिगत नाली, पशु अस्पताल की मरम्मत, मंदिरों का कायाकल्प व अंत्येष्टि स्थल का कार्य शुरू हो जायेगा। इस योजन पर साढ़े चार करोड़ रुपए खर्च होंगे। टेंडर खुल गया है छठ बाद निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। मथौली नगर के अधिशाषी अधिकारी सर्वेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना व राज्य वित्त योजना के तहत नगर पंचायत मथौली में शासन द्वारा कुल 4,48,47,938 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे जिसका टेंडर बीते माह अक्टूबर में खोला गया। इस धनराशि से नगर पंचायत मथौली के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड, नाली निर्माण, अंत्येष्टि स्थल, पशु अस्पताल का मरम्मत सहित तमाम योजनाएं शामिल है। उन्होंने बताया कि लगातार त्यौहार पड़ने के कारण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। छठ पर्व समाप्त होने के बाद निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। जिन वार्डों में सीसी रोड व भूमिगत नाली बनना है उसकी लागत इस प्रकार है। वार्ड नंबर 16 में 26 लाख, वार्ड नंबर 13 में 9 लाख 86 हजार, वार्ड नंबर 15 में 12.57 लाख, वार्ड नंबर 8 में 34 लाख, वार्ड नंबर 6 में 13 लाख, वार्ड नंबर 3 में 37 लाख, वार्ड नंबर 9 में 24 लाख, वार्ड नंबर 11 में 25 लाख, वार्ड नंबर 3 में 11 लाख, वार्ड नंबर 12 में 18 लाख वार्ड नंबर 15 में 25 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड व भूमिगत नाली का निर्माण होगा। राज्य वित्त से 19767351 करोड़ व मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत 25080587 करोड़ यानि कुल 4,48,47,938 रुपए खर्च होंगे। अधिशाषी अधिकारी सर्वेश श्रीवास्तव ने बताया कि नगर में तेजी से विकास के लिए लगभग साढ़े चार करोड़ रुपए का टेंडर खोला गया है। सभी निर्माण एजेंसी को एक सप्ताह के अंदर निर्माण कार्य शुरू करने के लिए निर्देशित किया गया है। ऐसा नहीं करने वाले ठेकेदार व फर्म के विरुद्ध नोटिस जारी करते हुए कार्रवाई की जायेगी।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी संजय कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, तहसीलदार अम्बिका चौधरी व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीएम द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जनसमस्याओं का निस्तारण समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ करें। निस्तारण में अनावश्यक हीला-हवाली को अत्यन्त गम्भीरता के साथ लिया जाएगा। डीएम ने निर्देश दिया कि न्यायालय द्वारा निर्णित प्रकरणो में समय से पैमाइश सुनिश्चित की जाय। डीएम ने सचेत किया कि ऐसे प्रकरणों में यदि किसी प्रकार के विलम्ब की शिकायत मिलती है तो सम्बन्धित को निलम्बित करने की कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने कहा कि अतिक्रमण से मुक्त कराये गये मार्गो, सार्वजनिक स्थानों इत्यादि पर दोबारा कब्ज़े की शिकायत मिलने पर सम्बन्धित के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाय। उल्लेखनीय है कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 44 में 05, नानपारा में प्राप्त 23 में 02, पयागपुर में प्राप्त 27 में 03, कैसरगंज में 39 में 06, महसी में 28 में 02, सदर बहराइच में 12 में 02 का निस्तारण मौके पर किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, परियोजना अधिकारी डीआरडीए अरूण कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा शंकर, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय उर्दू पुरस्कार से सम्मानित किये गये डॉ. वदीयत उल्लाह

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** कौमी उर्दू संघ ने गालिब एकेडेमी निकट हज़रत निज़ाम उद्दीन में बीते तीन नवंबर को देश भर से उर्दू के प्रचार-प्रसार, उर्दू साहित्य को बढ़ावा देने एवं उर्दू के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वाले भारत के अनेक राज्यों से आये हुए सौ लोगों को उपरोक्त पुरस्कार से नवाज़ा गया। इस क्रम में उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जनपद से डा0 वदीयत उल्लाह को राष्ट्रीय पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। ज्ञात रहे कि वदीयत उल्लाह जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सुल्तानपुर में उर्दू विषय में प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं तथा पिछले पन्द्रह वर्षो से उर्दू की निः शुल्क सेवा प्रदान कर रहे हैं। उनके निर्देशन से अब तक 38 छात्रो का चयन प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं दो छात्रों का चयन राजकीय इण्टर कालेजों में सहायक अध्यापक तथा एक छात्र का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन हो चुका है ।छह छात्र उनके निर्देशन में उर्दू अध्यापक की तैयारी कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर सुल्तानपुर डायट परिवार से शशांक शेखर सिंह,डॉ हरि ओम त्रिपाठी, दिलीप कुमार शर्मा, राजीव सिंह, शरद चतुर्वेदी, डॉ दिव्या रानी,प्रियंका सिंह, अखिलेश कुमार, सुनील कुमार बरनवाल तथा समस्त डायट परिवार ने शुमकामनायें दीं । डायट के प्राचार्य/ उप शिक्षा निदेशक डॉ पारस नाथ ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दीं हैं।

# सभी कार्मिक अपने दायित्वों, कर्तव्यों की भली-भांति जानकारी कर लें

**अवधनामा संवाददाता**




**मैनपुरी।** विधान सभा करहल के उप निर्वाचन को शान्तिपूर्वक, निष्पक्ष सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात सामान्य प्रेक्षक विनय सिंह ने माइक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण सत्र के दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर के रूप में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि सभी कार्मिक अपने दायित्वों, कर्तव्यों की भली-भांति जानकारी कर लें, मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना और दिये गये निर्देशों की पूर्ण जानकारी होना प्रत्येक कार्मिक को होना अत्यन्त आवश्यक है, इसलिए सभी कार्मिकों को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के संचालन के साथ-साथ मतदान प्रक्रिया की सामान्य जानकारी होना जरूरी है। उन्होने कहा कि निर्वाचन आयोग ने बूथ पर तैनात कार्मिकों, प्रत्येक गतिविधि की निगरानी हेतु माइक्रो आर्ब्जवर तैनात किये है ताकि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं विघ्नरहित सम्पन्न हो। उन्होने माइक्रो आब्जर्वर के रूप में तैनात कार्मिकों से संवाद करते हुये कहा कि आप सब सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन निष्ठा के साथ निष्पक्ष रहकर करें, मतदान के दिन मतदान प्रक्रिया प्रारंभ होने से पूर्व अपनी देख-रेख में मॉक-पोल की प्रक्रिया सम्पन्न करायें, मॉक-पोल के दौरान इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन में डाले गये मतों को माइक्रो आब्जर्वर की उपस्थिति में डिलीट किया गया है तथा टोटल बटन दबाकर शून्य दिखाया गया है, मॉक-पोल के समय कितने पोलिंग एजेंट उपस्थित थे और वह किस राजनैतिक दल से सम्बन्धित थे आदि बिन्दुओं पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिला निर्वाचन अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित माइक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी माइक्रो आब्जर्वर के रूप में तैनात सभी कार्मिक बिना किसी दबाव में आये अपने दायित्वों का निर्वहन निष्पक्ष होकर करें, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के संचालन की पूरी जानकारी करें, मतदान के दिन सबसे ज्यादा दिक्कतें, ई.वी.एम. की पूरी जानकारी न होने के कारण ही आती है। उन्होने कहा कि आयोग ने माइक्रो आब्जर्वर को बूथ की प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखने के लिये प्रतिनिधित्व करने का अधिकार दिया है।

# कीटनाशक रसायन विक्रेता कृषकों को दें पक्की रसीद

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** राजेश कुमार जिला कृषि रक्षा अधिकारी फिरोजाबाद द्वारा जारी प्रेस विज्ञाप्ति के द्वारा जनपद के कीटनाशक रसायन विक्रेता किसानों को गुणवत्तायुक्त कीटनाशी रसायन उपलब्ध कराने एवं कीटनाशी गुणवत्ता नियंत्रण में कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं कीटनाशी नियमावली 1971 यथा संशोधित के प्राविधानों को कढ़ाई से लागू करने हेतु समय-समय पर निर्देश जारी किये गये है। विक्रेताओं द्वारा उक्त निर्देशों का पालन न करने पर अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा सकती हैं। कीटनाशी रसायन विक्रेता द्वारा अपनी दुकान पर अनिवार्य रूप से अपनी दुकान का नाम, कीटनाशी लाइसेंस संख्या, प्रोपराइटर का नाम, मोबाइल नम्बर एवं प्रिय किसान बन्धु कीटनाशी रसायन क्रय करते समय अपनी पक्की रसीद / कैश मैमो अवश्य प्राप्त करें, का अंकन करना सुनिश्चित करें। कीटनाशी विक्रेताओं द्वारा कृषकों को अनिवार्य रूप से कैश मैमो/क्रेडिट, मैमो / पक्की रसीद उपलब्ध करायी जाय। कैश मैमो पर कीटनाशी रसायन का नाम, बैच नम्बर, विनिर्माण तिथि, अवसान तिथि एवं विक्रय मूल्य अंकित होना अनिवार्य है। कीटनाशी विक्रेताओं द्वारा कीटनाशी लाइसेंस से सम्बन्धित अभिलेखों यथा स्टॉक पंजिका, भण्डार पंजिका, रेट बोर्ड आदि को अद्यतन रखने का प्राविधान है। प्रतिष्ठान पर कीटनाशी लाइसेंस की छाया प्रति चस्पा की जायें। कीटनाशी विक्रेता उसी कीटनाशी कम्पनियों से क्रय-विक्रय का व्यापार करेगे जिनका कीटनाशी अधिकार पत्र का अंकन उनके कीटनाशी लाइसेंस पर होगा। कीटनाशी विक्रेताओं द्वारा बगैर कोई सूचना के अपनी दुकान बन्द नहीं करेंगें। कीटनाशी रसायन विक्रेताओं बिना निर्धारित शैक्षिक योग्यता अथवा तकनीकी सहायक के सहयोग के बगैर व्यापार नहीं करेगें। कीटनाशी विक्रेता प्रत्येक माह की 25 तरीख तक अनिवार्य रूप से कीटनाशी रसायन क्रय-विक्रेय की सूचना जिला कृषि रक्षा अधिकारी, फिरोजाबाद कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उनके एवं उच्चाधिकारियों द्वारा आपके प्रतिष्ठान के निरीक्षण के समय उक्त निर्देशों का पालन करते हुये नही पाये जाने पर कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं कीटनाशी नियमावली 1971 में निहित प्राविधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।



# पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा जल्द लगेगी: प्रवीण

- कलम पूजन के साथ श्री चित्रगुप्त धाम पर जयंती धूमधाम से मनाई गई

**अवधनामा संवाददाता**



**सुलतानपुर।** रविवार को यमद्वितीया/कलम पूजन के शुभ अवसर पर सीताकुंड घाट स्थित आदि गंगा माँ गोमती नदी के पावन तट पर स्थित श्री चित्रगुप्त धाम मंदिर में कायस्थ समाज द्वारा कलम दवात पूजन के साथ श्री चित्रगुप्त भगवान की जयंती धूमधाम से मनाई गई।प्रत्येक वर्ष दीपावली के बाद यम द्वितीया के दिन श्री चित्रगुप्त भगवान जी की पूजा की जाती है। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मंदिर के संस्थापक बाबा श्री गोपालदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।कार्यक्रम में श्री चित्रगुप्त भगवान की कथा,पूजा अर्चना के साथ चित्रांश बंधुओं द्वारा सामूहिक रूप से हवन किया गया। जिसमें कायस्थ बंधु सपत्नीक व अपने परिवार के साथ शामिल हुए।श्री चित्रगुप्त भगवान की पूजा के मुख्य यजमान के रूप में श्री जतिन सिन्हा और उनकी पत्नी अंकिता सिन्हा ने कथा,पूजा के साथ हवन किया। कायस्थ बंधुओं द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सर्व धर्म समभाव की एक मिशाल पेश करता है। हवन पूजन और चित्रगुप्त भगवान की महाआरती के बाद कायस्थ समाज के बच्चों द्वारा राजवीर श्रीवास्तव के संचालन में देवांशी श्रीवास्तव द्वारा गणेश वंदना, जिज्ञासा श्रीवास्तव, भूमि श्रीवास्तव, इशिका श्रीवास्तव, अवनी श्रीवास्तव, पावनी श्रीवास्तव द्वारा गणेश अथर्वशीर्ष की प्रस्तुति की गई और इसके साथ अन्य बच्चों ने भी रंगा रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत दिनों से मांग चल रही थी भारत रतन लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा लगाने की वह जल्दी पूरी हो जाएगी शास्त्री नगर में जगह चिन्हित कर ली गई है काम भी चल रहा है बहुत जल्द इसकी सूचना नगर पालिका परिषद द्वारा दी जाएगी। कलम पूजन व श्री चित्रगुप्त की जयंती के कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ,गोमती मित्र मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता श्री रुद्र प्रताप सिंह मदन ,अंकुरण फाउंडेशन के अभिषेक सिंह , आदित्य अग्रहरि ,वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव ,वरिष्ठ समाजसेवी सरदार बलदेव सिंह ,सभासद रमेश सिंह टिन्नू ,सभासद अरुण तिवारी,भगवानपुर ग्राम प्रधान अनंतराम चौरसिया, कुड़वार ग्राम प्रधान अमित सिंह,वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ रमाशंकर मिश्रा , समाजसेवी नीरव पाण्डेय, श्री खाटू श्याम मंडल के प्रवीण भालोटिया, भारत विकास परिषद कुशभवनपुर शाखा के प्रवीण अग्रवाल पिंटू, आलोक कनोडिया समेत अन्य ज़िले के गणमान्यों के साथ सभी वर्गो के सम्मानित लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री चित्रगुप्त धाम मंदिर से जुड़े कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में जीतेन्द्र श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण और मंदिर से जुड़ी भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा एडवोकेट सुधांशु श्रीवास्तव के सानिध्य में संदीप कुमार श्रीवास्तव ने समस्त जन के सामने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन पर चित्रगुप्त धाम के वरिष्ठ सदस्य शशि सिन्हा द्वारा आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।

## विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सुलतानपुर, कूरेभार।** ब्लाक अध्यक्ष कूरमार रमेश कुमार कोरी के नेतृत्व में संगठन के समस्त ब्लाक के पदाधिकारी,कार्यकर्ता कूरेभार थाना का घेराव करके श्रीमान् जिलाधिकारी महोदय को सम्बोधित 14 सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी सदर को दिया है। सम्बन्धित विभागों में पत्र भेजकर मांग पत्र का अतिशीघ्र निस्तारण किये जाने की मांग की है। पत्र की प्रतिलिपि ब्लाक कूरेभार को प्रेषित किये जाने की भी माग गयी है। एक माह में मांग पत्र का निस्तारण नहीं करने पर श्रीमान् जिलाधिकारी का घेराव करने का निर्णय संगठन द्वारा लिया गया है। मौके पर जिलाध्यक्ष रमाशंकर चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, ब्लाक अध्यक्ष धनपतगंज बृज बिहारी यादव, ब्लाक अध्यक्ष कूरेभार रमेश कुमार कोरी, ब्लाक सचिव रामफल यादव, ब्लाक कोषाध्यक्ष रामयज्ञ कोरी, महिला ब्लाक अध्यक्ष गुड्डा कोरी, महिला ब्लाक कूरेभार महासचिव लक्ष्मी कोरी, महिला ब्लाक उपाध्यक्ष रेशमा बेगम, मो0 अमीन, एतबार खां, पियारी कोरी, सुनीता मौर्या, पूनम देवी, रीता, रुकसाना, इदना, कान्ती निषाद, सुन्दरी देवी, ज्ञानमती आदि लोग उपस्थित रहे।

# नवम्बर 2024 यातायात माह रैली द्वारा जागरूकता अभियान

- आओ मिलकर फैलाए सड़क सुरक्षा का ज्ञान, लोगों में जागरुकता लाने के लिए चलाएँ अभियान
- दुर्घटनाओं से बच पाएंगे, जब नियमित सीट बेल्ट लगाएंगे

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** माह नवम्बर 2024 यातायात माह के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा पुलिस लाइन में पुलिस / प्रशासनिक अधिकारियों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, यातायात पुलिसकर्मियों एवं एनसीसी कैंडेट्स को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गयी। तत्पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा पुलिस लाइन फिरोजाबाद से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रैली के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया जाएगा जिससे दुर्घटनाओं में कमी आ सके।'जागरूकता रैली में यातायात पुलिसकर्मियों व एनसीसी कैंडेट्स द्वारा बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया। यातायात के कुछ नियमों का पालन करना ज़रूरी है, ताकि सड़क पर चलने वाले सभी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। सुरक्षा उपकरण पहनें। मोटर वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनना ज़रूरी है. दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना ज़रूरी है। ट्रैफ़िक सिग्नल का पालन करें। रेड लाइट का उल्लंघन न करें। गति सीमा का ध्यान रखें। ओवर स्पीडिंग से बचें। शराब न पीएं। शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। मोबाइल फ़ेन का इस्तेमाल न करें। गाड़ी चलाते समय फ़ेन का इस्तेमाल न करें। सड़क पर ध्यान दें। गाड़ी चलाते समय अपने आगे की सड़क पर ध्यान दें। सही से पार्क करें। मार्ग में आकस्मिक स्थिति में वाहन पार्क करने के लिए पार्किंग लाइट का इस्तेमाल करें।

## संक्षिप्त समाचार

### विसर्जन स्थल मथुरा नहर का डीएम ने किया निरीक्षण



**बहराइच।** सम्पूर्ण समाधान दिवस से लौटते समय जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील नानपारा के ब्लाक बलहा अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिसवारा में स्थित मथुरा नहर का निरीक्षण कर श्री गणेश्ज्ञ एवं श्री लक्ष्मी मूर्ति विसर्जन का जायज़ा लेते हुए मौके पर मौजूद खण्ड विकास अधिकारी बलहा संदीप कुमार को निर्देश दिया कि नगर के अन्दर व बाहर साफ-सफाई कराते रहें तथा सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार बैरीकेटिंग भी लगा दी जाय तथा विसर्जन स्थल पर प्रकाश हेतु भी माकूल बन्दोबस्त किये जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

### गर्भवती महिलाओं की डीएम ने की गोदभराई



**बहराइच।** तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ आईसीडीएस विभाग के स्टाल पर दरोगापुरवा की सरोजनी पत्नी सज्जन व रायबोझा की कौशिल्या वर्मा पत्नी कोमल वर्मा की गोदभराई की तथा ग्राम कुड़वा के उगमित पुत्र विश्राम व मुस्कान पुत्री अनिल को अन्नप्रासन्न कराया।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 12 को

**बहराइच।** जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव/अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में 12 नवम्बर 2024 को अपरान्ह 04:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी है। समिति के सचिव ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी सुलतानपुर के अध्यक्षता में चल रहा सम्पूर्ण समाधान दिवस



**कादीपुर, सुलतानपुर।** हर शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है, लेकिन दीपावली धनतेरस के उपलक्ष में छुट्टी होने के कारण दिन सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें उपजिला अधिकारी उत्तम तिवारी व क्षेत्राधिकारी विनय कुमार गौतम, उपजिला अधिकारी न्यायिक शिवकुमार, तहसीलदार घनश्याम भारतीय एवं राजस्व एवं चकबंदी विभाग के हल्का लेखपाल एवं चारों थाने के थाना अध्यक्ष व प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिनके देखरेख में संपूर्ण समाधान दिवस में आए फरियादियों के के शिकायत को गंभीरता पूर्वक देखते हुए त्वरित निदान करने का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

## नामावली विषेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 28 नवम्बर तक

**फिरोजाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि एक नवम्बर के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम दिनांक 29 अक्टूबर, 2024 से 28 नवम्बर, 2024 तक कराया जाना है। उक्त कार्यक्रम के दौरान पुनरीक्षण से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय में कन्ट्रोल रूम दूरभाष संख्या- 05612-285016 बनाया गया है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे नाम की स्पेलिंग त्रुटिवश VIDHA AGARWAL (विधा अग्रवाल) हो गया है जबकि मेरे नाम की सही स्पेलिंग सभी दस्तावेज़ो में VIBHA AGARWAL (विभा अग्रवाल) है। भविष्य मे मुझे VIBHA AGARWAL W/O AMAR NATH AGARWAL (विभा अग्रवाल) पत्नी अमर नाथ अग्रवाल, के नाम से जाना, पहचाना और पुकारा जाए। निवासी- 109/126, मॉडल हाउस, अमीनाबाद लखनऊ उत्तर प्रदेश 226001

# यातायात माह नवंबर 2024 का हुआ भव्य शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**बाँदा।** आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बाल कृष्ण त्रिपाठी एवं पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ,जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से यातायात माह नवंबर 2024 का शुभारंभ बाबूलाल चौराहे पर यातायात जागरूकता रैली को फीता काटकर तथा हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने बिना हेलमेट लगाए वाहन संचालित करने वाले लोगों को हेलमेट का वितरण भी किया।

यातायात जागरूकता कार्यक्रम मे संबोधित करते हुए आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे मंडल के प्रत्येक थाने में चलाया जा रहा है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान माल की रक्षा हो सके और यातायात के नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न हो।, उन्होंने कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु सभी का सहयोग आवश्यक है।, उन्होंने कहा कि जान है तो जहान है इसलिए सभी लोग यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहनों का संचालन करें।, सड़क दुर्घटना में प्रतिदिन दर्दनाक घटनाएं होती हैं जिससे जनहानि हो रही है।, उन्होंने कहा कि सुरक्षित यात्रा करें तथा वाहनों का संचालन करते समय गति नियंत्रित रखें और वाहन संचालन करते समय यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं। यातायात संकेतको को अवश्य ध्यान देते हुए वाहनों का संचालन करें तथा सीट बेल्ट एवं दोपहिया वाहन का संचालित करते हुए हेलमेट अवश्य लगे अपने जीवन को सुरक्षित रखें। पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने कहा कि मानव जीवन अमूल्य है, इसको सुरक्षित रखना आवश्यक है, सुरक्षित परिवहन का आवागमन हो तथा सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए लोगों में जागरूकता के लाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया रहा। सड़क दुर्घटनाओं में काफी अधिक लोगों की मृत्यु हो रही है। उन्होंने छात्र-छात्राओं में जागरूकता लाने के साथ ही अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आवाहन किया।, तेजगति वाहनसंचालन ना करें तथा वाहन संचालित करते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग आवश्यक करें तथा यातायात नियमों का विशेष ध्यान रखें इसके साथ ही अन्य लोगों को जागरूक करने में सहयोग प्रदान करें।

जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप ने कहा कि छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी अवश्य होनी चाहिए ,बिना लाइसेंस के कोई भी छात्र वाहन नहीं चलाएं।, उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में अन्य बीमारी आदि से अधिक लोगों की मृत्यु हो रही है यह एक चिंता का विषय है, जिस पर लोगों में जागरूकता लाकर सड़क दुर्घटनाओं में कभी लाना आवश्यक है, इस हेतु यातायात नियमों के प्रति सभी को जागरूक होना चाहिए तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन संचालित करने चाहिए कोई भी व्यक्ति नशे में वाहन संचालित ना करें जिससे सड़क दुर्घटनाएं विशेष रूप से होती हैं। बिना लाइसेंस के एवं कम उम्र के बच्चे वाहनों को संचालित ना करें।

**सूचना**

मैं आसिया सुहैल पत्नी अब्दुल सुहैल, 103/83, सुन्दरबाग,पीला मंदिर लखनऊ की निवासी हूँ, मेरे सभी दस्तावेज़ों में मेरा नाम आशिया सुहैल (ASHIYA SUHAIL) दर्ज है, मैंने अपना नाम आसिया सुहैल (ASIYA SUHAIL ) से बदल कर आशिया सुहैल (ASHIYA SUHAIL) कर लिया है, भविष्य में मुझे आशिया सुहैल (ASHIYA SUHAIL) के नाम से जाना, पहचाना और पुकारा जाए।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे नाम की स्पेलिंग त्रुटिवश AMINA D/O MOHD ASIF KHAN (आमिना) पुत्री मो आसिफ खान हो गया है जबकि मेरे नाम की सही स्पेलिंग सभी दस्तावेज़ो में AMNA KHAN D/O MOHD ASIF KHAN (आमना खान) पुत्री मो आसिफ खान है। भविष्य मे मुझे AMNA KHAN D/O MOHD ASIF KHAN (आमना खान) पुत्री मो आसिफ खान, के नाम से जाना, पहचाना और पुकारा जाए। निवासी- फ्लैट न-401, 106/15, क्लासिक अपार्टमेंट- 1 नजरबाग लखनऊ उत्तर प्रदेश 226001

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सीतापुर/खीरी वृत्त, लो.नि.वि. सीतापुर**

पत्रांक- 5947/352सी/ई-टेण्डर-सी0खी0/24-25 दिनांक- 25.10.2024

ई-निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)
स्वीकृत की प्रत्याशा में

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के ''मार्ग श्रेणी'' में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. सं. | जनपद/ खण्ड का नाम | विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | निर्माण की लागत (लाख में) | अनुरक्षण की लागत (लाख में) | कार्य की लागत +अनुरक्षण की लागत का योग (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रु में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि एवं अनुरक्षण की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु मार्गों का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण/नव निर्माण/पुनः निर्माण कार्य | | | | | | | | | | |
| 1 | सीतापुर/प्रा0 खण्ड | महमूदाबाद | गौरिया सम्पर्क मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य | 34.75 | 2.60 | 37.35 | 3.75 | 2715.00 | 06 माह (05 वर्ष अनुरक्षण अवधि) | ''ए, बी, सी'' |
| 2 | सीतापुर/प्रा0 खण्ड | बिसवां | पचदेवरा मार्ग से बारासिंह प्राथमिक विद्यालय तक सम्पर्क मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य | 39.31 | 2.94 | 42.25 | 4.11 | 2715.00 | 06 माह (05 वर्ष अनुरक्षण अवधि) | ''ए, बी, सी'' |
| 3 | सीतापुर/प्रा0 खण्ड | लहरपुर | सिंघनापुर लालपुर मार्ग से ढखेरा मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य | 59.70 | 4.47 | 64.17 | 5.21 | 2715.00 | 06 माह (05 वर्ष अनुरक्षण अवधि) | ''ए, बी, सी'' |
| 4 | सीतापुर/प्रा0 खण्ड | लहरपुर | ढखेरा से केदार टाण्डा होते हुये लालपुर बाजार तक मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य | 51.74 | 3.18 | 54.92 | 4.75 | 2715.00 | 06 माह (05 वर्ष अनुरक्षण अवधि) | ''ए, बी, सी'' |
| 5 | सीतापुर/प्रा0 खण्ड | लहरपुर | लहरपुर बिसवां मार्ग से तलवीपुर प्रथम मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य | 62.91 | 4.70 | 67.61 | 5.38 | 2715.00 | 06 माह (05 वर्ष अनुरक्षण अवधि) | ''ए, बी, सी'' |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 06.11.2024 से 14.11.2024 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 14.11.2024 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 14.11.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।
निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(एम.के. वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,
सीतापुर

UPID-221605 Dated-30-10-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(सुभाष चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो.नि.वि.
सीतापुर

# स्वतंत्रता बाधित करने को हो रहे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमले

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न के मामले लगातार चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। हाल ही में नगर पंचायत सरीला में दो पत्रकारो के साथ दुर्व्यवहार और बंधक बनाए जाने की घटना ने पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर नए सवाल खड़े किए हैं। जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत में हो रही गड़बड़ियों को उजागर करने वाले कुछ पत्रकारों को नगर पंचायत अध्यक्ष और उसके सहयोगियों द्वारा बंधक बनाकर अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ा। इस घटना से जिले के पत्रकारों में रोष है और उन्होंने इसके विरोध में एकजुट होकर आवाज उठाई है। गौर तलब है कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माने जाने वाले पत्रकारों का काम होता है कि वे समाज में हो रहे गलत कार्यों को सामने लाएं और जनता को सही जानकारी प्रदान करें। परंतु हमीरपुर जैसे जिले में यह कार्य चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। पत्रकारों पर अक्सर दबाव बनाया जाता है कि वे स्थानीय प्रशासन, राजनेताओं और अधिकारियों की गड़बड़ियों पर चुप रहें। जब वे अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सच्चाई उजागर करते हैं, तो उन्हें धमकियां दी जाती हैं, उनके साथ मारपीट की जाती है या उन्हें बंधक बनाया जाता है, जैसा कि हालिया घटना में हुआ। पत्रकारों का कहना है कि हमीरपुर में यह कोई पहली घटना नहीं है जब पत्रकारों को ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा हो। पिछले कुछ वर्षों में पत्रकारों के खिलाफ हिंसा, धमकियों और उत्पीड़न के मामलों में वृद्धि देखी गई है। चाहे वह भ्रष्टाचार के मामले हो अन्य गैरकानूनी गतिविधियां, जब भी पत्रकार इन मामलों की जांच करने और सच्चाई



**पत्रकारों ने धरना-प्रदर्शन कर दर्ज कराया विरोध दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की**

सामने लाने का प्रयास करते हैं, उन्हें किसी न किसी तरह के उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। पत्रकारों का यह भी कहना है कि पत्रकार उत्पीड़न के मामलों में अक्सर यह देखा गया है कि स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी निष्क्रियता दिखाते हैं। ताजा मामले में भी नगर पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बावजूद सभी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। यह प्रशासन की नाकामी को दर्शाता है और पत्रकारों की सुरक्षा पर सवाल खड़े करता है। जब आरोपियों पर समय पर कार्रवाई नहीं होती है, तो इससे अपराधियों का हौसला बढ़ता है और वे पत्रकारों को निशाना बनाने से नहीं हिचकिचाते। इस घटना के बाद सोमवार को हमीरपुर के पत्रकारों ने प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। उनका कहना है कि यदि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया और उन्हें न्याय नहीं मिला, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। पत्रकारों ने मांग की है कि उनकी सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए जाएं ताकि वे बिना किसी डर के अपना काम कर सकें। कुल मिलाकर हमीरपुर जिले में पत्रकारों का उत्पीड़न एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। ऐसे में आवश्यक है कि सरकार और प्रशासन इस दिशा में कठोर कदम उठाए और पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। लोकतंत्र तभी मजबूत हो सकता है जब पत्रकार स्वतंत्रता से कार्य कर सकें और जनता को सच्चाई से अवगत करा सकें। यदि इस दिशा में उचित कार्रवाई नहीं की जाती है, तो यह न केवल पत्रकारों की स्वतंत्रता को बाधित करेगा बल्कि समाज के विकास और सच्चाई तक पहुंचने में भी बाधा बनेगा।

## आओ मिलकर फैलाए सड़क सुरक्षा का ज्ञान

**सोनभद्र।** जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुनयोजित तरीके से गतिमान बनाये रखने के उद्देश्य से व आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति सजग/ जागरुक किये जाने हेतु सोमवार को डी.आर. ड्रीम्स, लक्जरीयस वैंक्वेट रॉबर्ट्सगंज से यातायात माह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि संजीव सिंह गोंड राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग, विशिष्ट अतिथि बीएन सिंह जिलाधिकारी, अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक व रुबी प्रसाद नगर पालिका चेयरमैन/ अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर यातायात जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुये यातायात माह नवम्बर-2024 का शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने वक्तव्य में यातायात जागरूकता के सम्बन्ध में मौके पर उपस्थित सम्मानित समाजसेवियों, व्यापारियों, गणमान्य/ संभ्रांत व्यक्तियों, कॉलेज/स्कूल के छात्र एवं छात्राओं सहित पत्रकार बन्धुओं को यातायात नियमों की जानकारी दी।

# खजुराहो फिल्म महोत्सव में राम जनम बने प्रभारी

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** 10 वाँ खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव मध्य प्रदेश के विश्व पर्यटन केंद्र खजुराहो में दिनांक 5 दिसंबर से 11 दिसंबर के मध्य मनाया जाएगा। फिल्म महोत्सव के परिकल्पक निर्देशक राजा बुंदेला के आदेश पर जनपद इटावा के शिक्षक फिल्म निर्देशक राम जनम सिंह को शैक्षिक फिल्मों के संयोजन के लिए शैक्षिक फिल्म प्रभारी बनाया गया है। उक्त सूचना प्रसिद्ध अभिनेता तथा खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के संयोजक आरिफ शहडोली ने दूरभाष के माध्यम से दी। राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक राम जनम सिंह लंबे समय से शैक्षिक फिल्मों के निर्माण और निर्देशन से जुड़े हुए हैं तथा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश, सूचना विभागउत्तर प्रदेश तथा दीक्षा प्लेटफार्म के लिए शैक्षिक फिल्मों का निर्माण करते रहे हैं। उनकी हाल की फिल्म सोनचम्पा को कोलकाता के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में महिला सशक्तीकरण हेतु श्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला था। स्वच्छ भारत अभियान के लिए बनाई गई उनकी फिल्मों को उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल किया था तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा उन फिल्मों को सम्मानित भी किया गया था। राम जनम सिंह की फिल्में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों यथा ग्लोबल ताज अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव तथा खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सम्मानित हुई हैं तथा पाठ्यक्रम पर आधारित फिल्म राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल की गई है।

# आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारी युद्धस्तर पर : रूबी

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** दीपावली, गोवर्धन पूजा, और भैया दूज के बाद अब नगरवासी छठ पूजा की तैयारी में जुट गए हैं। आस्था के इस महापर्व को लेकर रावटसगंज नगर पालिका ने युद्धस्तर पर तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। छठ घाटों पर साफ-सफाई के साथ-साथ रंगाई-पुताई का कार्य भी जोरों पर है। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी नगर पालिका ने छठ घाटों पर विशेष ध्यान दिया है। आमजन के लिए घाट तक पहुँचने वाले मार्गों की व्यवस्थित तरीके से साफ-सफाई की जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारी लगातार तैयारियों का निरीक्षण कर रहे हैं, जिससे कि छठ पूजा के दौरान लोगों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित की जा सके। छठ पूजा की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता को देखते हुए प्रशासन की तरफ से घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही घाटों पर हेल्थ कैंप भी लगाया गया है ताकि आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। छठ पर्व के दौरान घाटों की सजावट पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बने। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद का कहना है कि छठ पूजा के इस महापर्व को भक्तजनों के लिए सुरक्षित और सुखद बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर जेई मनीष कुमार, सभासद अनवर अली, मनोज चौबे, ओमप्रकाश यादव, राकेश भारती, सुनील सिंह, अमित दुबे, अजीत सिंह, बिमलेश, सफाई नायक आकाश लोग उपस्थित रहे।

# सुमेरपुर ब्लाक के ग्राम पंचायतों में लगा गंदगी का अम्बार

**नालियो के गंदे पानी से बज बजा रही ग्राम पंचायतो के रास्ते**

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर (हमीरपुर)** सुमेरपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में खाऊ कमाऊ नीति के चलते लोग समस्यो से जूझ रहे है। गांवो की हालत है नालीया बजबजा रही है गन्दा पानी आम रास्ताओं में बह रहा है, कूड़ो के अम्बार लगे है जो स्वच्छता की पोल खोला रहे है।

सुमेरपुर ब्लाक के कई गांवो के जागरूक लोगो ने बताया कि सफाई व्यवस्था के नाम पर गांवों में कुछ नहीं हो रहा है प्रधान व सचिव से लेकर ब्लाक के अधिकारी भी समस्या के प्रति जरा भी गंभीर नही दिख रहे है। गांवों को साफ स्वच्छ रखने के लिये पूर्व मे मायावती



सरकार में सफाई कर्मियो की भर्ती हुई थी कि गांवों को साफ स्वच्छ रखा जाये लेकिन यह भी निरर्थक ही साबित हो रही है। हर गांवो में सफाई कर्मी तो तैनात है तो फिर भी गन्दगी का साम्राज्य गांवो में क्यों बना हुआ है जिम्मेदार प्रधान व सचिव सफाई कर्मियों से क्यो नही काम ले पा रहे है। ब्लाक के शायद ही कोई ऐसे गाँव हो जहाँ लोगों को गन्दगी की समस्या से न जूझना पड़ रहा हो अन्यथा अधिकांश गाँव गन्दगी की समस्या से जूस रहे हैं। वर्तमान समय में गांवों के हालात यह है कि पानी निकासी के किये बनी नालिया बज बजा रही है एक और नालिया उफना कर उसका गन्दा पानी आम रास्तो में बह रहा है। सभी जगह कूड़े के अम्बार लगे हुए है। ताजुब्ब की बात है कि कि इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। देश के प्रधान मंत्री ने स्वच्छता अभियान इसलिए चलाया था कि गांव साफ स्वच्छ रह सके लेकिन विकास खण्ड सुमेरपुर हमें यह सब बकवास साबित हो रहा है। ग्रामीणो ने बताया सफाई व्यवस्था खराब रहने के कई कारण रहते है एक तो गाँव में तैनात सफाई कर्मी प्रधानो की चौखट मे हाजरी लगा कर गायब हो जाते है। और प्रधान सचिव को उनका हिस्सा देकर अपना वेतन निकाल लेते है तो केवल खाना पूर्ति करके चले जाते है इसका दूसरा कारण है कुछ सफाई कर्मी फील्ड में नहीं जाते है और अपने स्थान पर किसी अन्य को भेज देते है वह भी थोड़ा बहुत साफ सफाई करते चले जाते है। तीसरा कारण है कि कई सफाई कर्मियो को अधिकारी अपनी निजी डियूटी में लगाये रहते है जिससे सफाई कार्य बाधित रहता है। लोगो का कहना है कि प्रधान व सचिव गांवो में तैनात सफाई कर्मियों से जिम्मेदारी पूर्वक काम ले तो शायद गाँवो में व्याप्त गन्दगी की समस्या से लोगो को राहत मिल सकती है।

## शिवपाल सिंह ने बहन से कराया तिलक



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव भैया दूज के पर्व पर रविवार को शहर के फ्रेंड्स कालोनी में अपनी बहन कमला देवी के आवास पर जाकर तिलक कराया, बहन ने उन्हें मिठाई खिलाई एवं उनकी दीर्घायु के साथ स्वस्थ जीवन की कामना की। वही शिवपाल सिंह यादव ने बहन कमला देवी के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया और श्री यादव ने बहन को उपहार भेंट किया।

# कोल इंडिया स्थापना दिवस पर एनसीएल को किया गया सम्मानित




अवधनामा संवाददाता

**विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ कर्मियों को भी दिये गए पुरस्कार**

**सोनभद्र/सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के रविवार को कोलकाता में आयोजित 50वें स्थापना दिवस समारोह में एनसीएल को कॉर्पोरेट पुरस्कार की श्रेणी में उच्चतम विभागीय क्षमता उपयोगिता व स्टार रेटिंग- सर्वश्रेष्ठ अनुषंगी में प्रथम पुरस्कार एवं परफ़ॉर्मेंस अवार्ड में द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया है। एनसीएल की ओर से सीएमडी बी. साईराम, निदेशक (तकनीकी /संचालन) जितेंद्र मलिक व उपस्थित महाप्रबंधकगणों ने कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुरस्कार ग्रहण किए। इसके साथ ही 5 अलग-अगल श्रेणियों में वर्ष के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी पुरस्कार दिये गए। रविवार को कोलकाता में आयोजित कोल इंडिया लिमिटेड के 50 वें स्थापना दिवस के अवसर पर माननीय केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी, विक्रम देव दत्त, सचिव, भारत सरकार, कोयला मंत्रालय, रूपिंदर बरार, अपर सचिव, भारत सरकार, कोयला मंत्रालय, विस्मिता तेज, अपर सचिव, भारत सरकार, कोयला मंत्रालय, पी एम प्रसाद, चेयरमैन कोल इंडिया, कोल इंडिया के निदेशक मण्डल, एनसीएल सहित सभी अनुषंगी कंपनियों के सीएमडी, पूर्व चेयरमैन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय महाप्रबंधक के लिए जयंत क्षेत्र के महाप्रबंधक राजीव कुमार, सर्वश्रेष्ठ विभागाध्यक्ष के लिए महाप्रबंधक (सीएमसी) राजीव सिंह व महाप्रबंधक (खनन), एजीएम बीना, इंद्रजीत सिंह को व्यक्तिगत उत्कृष्टता पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। साथ ही इस अवसर पर एनसीएल की उप चिकित्सा अधिकारी डॉ. नाहिद नसीम को उत्कृष्ट खिलाड़ी का पुरस्कार तथा बीना परियोजना की सुश्री अबिया खातून को सर्वश्रेष्ठ महिला ऑपरेटर के पुरस्कार से नवाजा गया। एनसीएल के सीएमडी श्री बी. साईराम एवं निदेशक मंडल ने कंपनी एवं कर्मियों को मिले इन पुरस्कारों के लिए सभी को बधाई दी है।

## रेनूसागर में चित्रगुप्त भगवान की पूजा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया



**सोनभद्र/अनपरा।** रेनूसागर परिसर में श्री चित्रगुप्त भगवान की पूजा का आयोजन दिनांक 03.10.2024 को बड़े ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मयंक श्रीवास्तव जी का स्वागत किया गया। उमेश श्रीवास्तव ने बड़े विधि-विधान से भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा की। रेनूसागर के मुखिया व यूनिट हेड आर पी सिंह जी ने इस कार्यक्रम के लिए अपना आशीर्वाद दिया। रेनूसागर कॉलोनी के निवासियों तथा क्षेत्रीय लोगों के अलावा क्षेत्रीय सभासद प्रथम श्रीवास्तव की भी पूजा में भागीदारी रही। पूजा के आयोजन के बाद कायस्थ महासभा रेनूसागर के कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसमें अध्यक्ष ओम कृष्ण श्रीवास्तव ,उपाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव (प्रथम) एवं मुकेश श्रीवास्तव उपाध्यक्ष (द्वितीय), महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, संगठन मंत्री अमित श्रीवास्तव, सांस्कृतिक मंत्री रोहित सक्सेना को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उनकी सराहनीय भूमिका रही।

# छठ पूजा को लेकर आदर्श नगर पंचायत की तैयारी युद्धस्तर पर



अवधनामा संवाददाता

**चोपन/सोनभद्र।** दीपावली, गोवर्धन पूजा, और भैया दूज के बाद अब नगरवासी छठ पूजा की तैयारी में जुट गए हैं। आस्था के इस महापर्व को लेकर आदर्श नगर पंचायत ने युद्धस्तर पर तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। छठ घाटों पर साफ-सफाई के साथ-साथ रंगाई-पुताई का कार्य भी जोरों पर है। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी नगर पंचायत ने छठ घाटों पर विशेष ध्यान दिया है। आमजन के लिए घाट तक पहुँचने वाले मार्गों की व्यवस्थित तरीके से साफ-सफाई की जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारी लगातार तैयारियों का निरीक्षण कर रहे हैं, जिससे कि छठ पूजा के दौरान लोगों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित की जा सके। छठ पूजा की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता को देखते हुए प्रशासन की तरफ से घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही घाटों पर हेल्थ कैंप भी लगाया गया है ताकि आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। छठ पर्व के दौरान घाटों की सजावट पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बने। नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली का कहना है कि छठ पूजा के इस महापर्व को भक्तजनों के लिए सुरक्षित और सुखद बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजा मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, अधिवक्ता अमित सिंह, दया सिंह, रजनीकांत सिंह, जीतू सिंह, सत्यप्रकाश तिवारी, रंजित सिंह,राधारमण पांडेय,घनश्याम चौधरी, लिपिक अंकित पांडेय,विवेक यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने शिकायतें सुनकर दिए जल्द और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश

**नहरों में टेल तक पानी पहुंचाया जाए : डीएम**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** शनिवार को छुट्टी के चलते सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान जिलाधिकारी जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में सदर तहसील में संपन्न हुआ। इस मौके पर मिली शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनने के पश्चात उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में मौके पर जाकर संबंधित पक्षों से मिलकर उनकी बातों को अवश्य सुना जाए। संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायत के निस्तारण के दौरान स्थलीय निरीक्षण के दौरान लोकेशन सहित फोटोग्राफ भी लिए जाएं। रबी सीजन की बुवाई को देखते हुए जिलाधिकारी ने जिले की सभी नहरो को पूर्ण क्षमता के साथ चालू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी नहरों की टेल तक पानी पहुंचाया जाए। नलकूप विभाग ,विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग व लघु डाल द्वारा आपस में समन्वय स्थापित करके कार्य किया जाए ताकि किसानों को लाभ मिल सके तथा उन्हें बुवाई आदि में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। जनपद के सभी नलकूपो को क्रियाशील रखा जाए ,इसमें किसी तरह की लापरवाही ना बरती जाए। जनपद में खाद वितरण कार्य को सुचारू ढंग से संपादित किया जाए। किसानों को खतौनी आदि देखकर खाद दी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस ,आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ,1076 के संदर्भ, शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण 07 दिनों में अनिवार्य रूप से कर दिया जाए। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार परेशान ना होना पड़े। कहा कि शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाय। उन्होंने कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। किसी भी दशा में वही शिकायत अगले समाधान दिवस में प्राप्त नहीं होनी चाहिए। इस दौरान सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी, एसडीएम व सीओ हमीरपुर तथा अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आज का अखंड भारत सरदार पटेल जी की दृढ़ इच्छाशक्ति का ही परिणाम है: धर्मेन्द्र

**सरदार पटेल जयंती समारोह**

वहाज अली निहाल

**इटावा।** अखंड भारत के प्रणेता लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को संपूर्ण रूप से अभिव्यक्त कर पाना किसी के वस की बात नहीं है। आज के नौजवानों को उनके उच्च आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश की एकता अखंडता के लिए काम करना चाहिए। उत्तर प्रदेश सरदार पटेल विचार मंच के तत्वाधान में सोमवार को के के कालेज में आयोजित हुए सरदार पटेल जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए ये बात समाजवादी संसदीय दल के मुख्य सचेतक सांसद धर्मेन्द्र यादव ने कही। उन्होंने कहा कि आज का अखंड भारत सरदार पटेल जी की दृढ़ इच्छाशक्ति का ही परिणाम है जिन्होंने पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधा। उन्होंने कार्यक्रम संयोजक आशीष पटेल और उनके



**लौह पुरुष जैसे राष्ट्रीय व्यक्तित्व के कार्यक्रम में आकर मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता हूं : सुरेंद्र पाल**

सहयोगियों का इस बात के लिए विशेष आभार जताया कि राष्ट्र के ऐसे अप्रतिम व्यक्तित्व का स्मरण करने का सौभाग्य प्रदान किया।

कार्यक्रम में एक बार फिर अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मुंबई से इटावा पधारे सिनेमा एवं टीवी के प्रसिद्ध कलाकार सुरेंद्र पाल ने अपने संबोधन में कहा कि इटावा और के के कालेज से उनकी इतनी यादें जुड़ी हुई हैं कि मैं अति व्यस्तता के बावजूद आशीष पटेल का आग्रह टाल नहीं पाता हूं। लौह पुरुष जैसे राष्ट्रीय व्यक्तित्व के कार्यक्रम में आकर मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता हूं। मैं तो कहता हूं कि पुत्र हो तो सरदार पटेल जैसा, जिसे हमेशा याद किया जाए। उन्होंने समाजवादी नेता शिवपाल सिंह यादव के योगदानों एवं उनकी सेवाओं का भी जिक्र किया जिन्होंने पक्का तालाब चौराहा पर सरदार पटेल की मूर्ति लगवाकर उस महान व्यक्तित्व को सम्मान दिया। उन्होंने श्रोताओं की मांग पर अपने कई सीरियल्स के चुनिंदा डायलॉग भी सुनाए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.महेंद्र सिंह यादव ने सभी का स्वागत करते हुए सरदार पटेल के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और कहा कि तत्कालीन 562 रियासतों का एकीकरण करना लौह पुरुष जैसे व्यक्तित्व के द्वारा ही संभव था। ऐसे ऐतिहासिक महापुरुष का स्मरण हम सबके लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर इटावा जिला पंचायत के अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल, राष्ट्रीय कवि अशोक यादव, पूर्व विधायक मिथिलेश कटियार, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ज्योति गुप्ता संटू ने भी विचार रखे। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ समाजवादी नेता शिवपाल सिंह यादव के वर्चुअल संबोधन से हुआ। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार वर्मा, मंत्री ओंकारनाथ वर्मा एवं चीफ प्रॉक्टर डा.शिवराज सिंह यादव ने भी सभी अतिथियों का स्वागत किया।

## सी.सी. रोड निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया

**सोनभद्र/डाला।** ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में ग्रामीण आधारभूत संरचना कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यक्रम के अन्तर्गत ओबरा गाँव, निंगा और तेलगुड़वा गाँव में सी.सी. रोड निर्माण हेतु भूमि पूजन ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड श्री नीरज त्रिपाठी और कोटा और पनारी पंचायत के ग्राम प्रधान ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के मनोज चौबे ने बताया कि अडानी फाउंडेशन और ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा के द्वारा तीनों गाँव में कुल 830 मीटर सी.सी. रोड के निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया है, इसके अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पशुधन विकास, जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के क्षेत्र में सतत् प्रयासरत है। इस अवसर पर ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा के एच.आर. हेड दुर्गा प्रसाद गौतम, मुख्य सुरक्षा अधिकारी राम प्रकाश सिंह, अडानी फाउंडेशन के प्रमेश बालान, ग्राम पंचायत कोटा के प्रधान प्रहलाद चेरो, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पनारी श्री लक्ष्मण यादव, मनोज यादव, बबलू पटेल और गांव के अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शिकायतकर्ता का पक्ष सुनकर उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें: डीएम




अवधनामा ब्यूरो

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण भ्रमण पर जायें अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील सदर में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 01 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी गीताराम, निदेशक सामाजिक वानिकी अतुल कांत शुक्ला, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में जुबानी जंग तेज

## भाजपा ने कसा तंज कहा- सपा ही भक्षक, अपराधियों की संरक्षक

- भाजपा ने कहा- सपा ही भक्षक, अपराधियों की संरक्षक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में जुबानी जंग लगातार तेज हो रही है। भाजपा के बटेंगे तो कटेंगे नारे में उलझे विपक्ष ने कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इंटरनेट मीडिया पर तेज हो रही जुबानी जंग में भाजपा भी विपक्ष पर लगातार हमले कर रही है।

उपचुनाव को लेकर इंटरनेट मीडिया पर भाजपा, सपा, कांग्रेस व बसपा एक दूसरे को विभिन्न मुद्दों पर घेरने में लगे हैं। भाजपा ने इंटरनेट मीडिया के प्लेटफार्म एक्स पर बीते दिनों सपा ही भक्षक, अपराधियों की संरक्षक पोस्ट के जरिए माफिया अतीक अहमद को संरक्षण देने व प्रदेश में अतीक के आतंक को फैलाने के लिए सपा को जिम्मेदार ठहराया है।

इसी शीर्षक से एक अन्य पोस्ट में भाजपा ने सीसामऊ से पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी के जेल में होने को लेकर सपा को कठघरे में खड़ा किया है। एक्स पर ही भाजपा ने एक अन्य पोस्ट में अखिलेश के चाचा, पत्नी, भाई, भतीजे की फोटो डालकर लिखा है कि परिवार का विकास, जनता से विश्वासघात। वहीं अखिलेश ने बटेंगे तो कटेंगे के जवाब में जुड़ेंगे तो जीतेंगे के अलावा महंगाई को लेकर भाजपा को घेरा है। कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे का विवाद समाप्त होने के बाद उन्होंने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ अपनी एक फोटो एक्स पर सांझा की, जिसके शीर्षक में लिखा हमने ये ठाना है, संविधान, आरक्षण, सौहार्द बचाना है। इसके जवाब में भाजपा ने एक्स पर उसी फोटो को सांझा करके लिखा कि ठग ने महाठग को ही ठग लिया। इसके बाद उन्होंने अपने कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों को गिनाने के लिए इकाना स्टेडियम की फोटो सांझा की और लिखा कि कौन कहता है कि सपने जमीन पर नहीं उतारे जाते हैं, करने वाले उन्हें सच भी कर दिखाते हैं। इसके जवाब में भाजपा ने केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और नारा दिया भाजपा ने जीता विश्वास, मिल रहा है जनता का साथ। उपचुनाव की इस जुबानी जंग में कांग्रेस भी पीछे नहीं है। कांग्रेस कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को घेर रही है। वहीं बसपा प्रमुख मायावती भी मौके की नजाकत को देखते हुए बीते दिनों एक्स पर बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित रहेंगे का नारा देकर इस जुबानी जंग कूद गई हैं।

### छुट्टा गोवंश के भरण-पोषण हेतु 02 अरब 50 करोड़ रूपये स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के छुट्टा गोवंश के भरण-पोषण हेतु 02 अरब 50 करोड़ 02 लाख रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। पंचम किश्त के रूप में स्वीकृत धनराशि का व्यय अस्थाई गोवंश आश्रय की स्थापना, संचालन व संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण हेतु किया जायेगा। आवंटित धनराशि का उपयोग अधिकतम 50/-रूपये प्रतिदिन प्रति गोवंश की दर से किया जायेगा। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन विकास पशुपालन विभाग को अस्थाई गोवंश आश्रय के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा निराश्रित/बेसहारा गोवंश के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिये उत्तर प्रदेश के समस्त ग्रामीण व शहरी स्थानीय निकायों यथा ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निकायों में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की स्थापना व संचालन नीति प्रख्यापित की गयी है, जिसके तहत संरक्षित छुट्टा गोवंश की देखभाल का निरन्तर कार्य किया जा रहा है।

# जन समस्याओं के समाधान हेतु तय की जाये जवाबदेही : केशव प्रसाद मौय

- हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव किया जायेगा निदान
- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।**उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गो आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना। जनता दर्शन मे कौशाम्बी, आगरा, लखनऊ, लखीमपुर, गोण्डा, जौनपुर, एटा, सोनभद्र, मथुरा, फिरोजाबाद, रायबरेली, कानपुर नगर, शामली, बलिया, फतेहपुर, कन्नौज, मुरादाबाद बलरामपुर सहित लगभग 2 दर्जन से अधिक ज़िलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी।

# छठ पूजा को जीरो वेस्ट इंवेट के रूप में मनाया जाये

अवधनामा ब्यूरो

- घाटों व संपर्क मार्गों पर साफ-सफाई व प्रकाश की उचित व्यवस्था

**लखनऊ।** भगवान भास्कर के उपासना के महापर्व छठ पर शुद्धता और स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाता है। सूर्योपासना के इस पर्व पर प्रदेश की सभी नगरीय निकायों में श्स्वच्छ घाट प्रतियोगिताश् का आयोजन किया जा रहा है। नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने बताया कि घाट से लेकर गलियों तक की सफाई व्यवस्था और सुंदरीकरण उत्कृष्ट श्रेणी का बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल, स्नान घर, मोबाइल टॉयलेट/पोर्टेबल टॉयलेट, चेजिंग रूम आदि की व्यवस्था की जा रही है। स्वच्छ घाट प्रतियोगिता के तहत घाट को श्नो प्लास्टिक जोनश् व जीरो वेस्ट इंवेट में बदला जाए। मंत्री श्री शर्मा ने बताया कि प्रदेश की निकायों में 05 नवम्बर से 09 नवम्बर तक श्स्वच्छ घाट प्रतियोगिताश् का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत छठ पूजा के लिये घाटों व सभी संपर्क मार्गो पर साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इस दौराम घाटों के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत का कार्य तथा पूजा स्थलों पर एल.ई.डी. वॉल आदि के माध्यम से स्वच्छता संबंधी संदेशों को दर्शाया जायेगा। निकायों द्वारा दिन में न्यूनतम दो बार घाटों की समुचित साफ-सफाई करायी जाएगी। सफाई के समय एकत्र किये गये कूड़े को उसी समय सेनेट्री लैण्ड फिल साईट पर अथवा उचित स्थान पर भिजवाया जाये। उन्होंने निकायों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी दशा में एकत्र किये गये कूड़े अथवा सिल्ट को घाट/सड़क पर नहीं छोड़ा जाये। छठ पूजा के घाटों व घार्मिक स्थलों के आस-पास कोई खुला डम्पिंग स्थल, जी.वी.पी. व सी.टी.यू. न हो व ठोस अपशिष्ट का प्रवाह नदियों में न किया जाए।

### 15 डिपो में मेंटिनेंस का कार्य करेंगी निजी कंपनियां: दयाशंकर सिंह

**लखनऊ।** परिवहन निगम की कार्यशालाओं की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से 19 डिपो के वर्कशॉप को आउटसोर्सिंग के माध्यम से निविदा पर दिए जाने हेतु टेंडर किया गया था। 19 डिपो में से 15 डिपो की निविदा का अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। यह जानकारी परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 15 डिपो में कुल 1255 बसों के लिए दरें तीन रुपए 57 पैसे प्रति किलोमीटर से लेकर 5 रुपए 48 पैसे तक प्राप्त हुई हैस इस निविदा के माध्यम से 15 डिपो वर्कशॉप में बस के मेंटीनेंस का कार्य निजी कंपनियों को दे दिया जाएगास जिसमें मुख्य रूप से श्याम इंटरप्राइजेज, एसडीएल एंटरप्राइजेज, आर.के. ऑटोमोबाइल है। परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर इस निविदा कार्रवाई के सफलतापूर्वक कराए जाने के उपरांत अन्य 100 डिपो का भी मेंटीनेंस का कार्य निजी कंपनियों को सौप जाएगा।

# सरकारी विद्यालयों का विलय योगी सरकार की नाकामी का प्रमाण: अमानतुल्लाह खान

- स्कूलों को बंद करने का फैसला भाजपा के उद्योगपतियों के एजेण्ट के तौर पर काम करने का भी है प्रमाण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस ने 50 से कम छात्रों वाले 27 हजार से अधिक बेसिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बंद कर दूसरे स्कूलों में विलय कराने की खबरों पर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। पार्टी प्रवक्ता डॉ. अलीमुल्लाह खान ने एक बयान में कहा कि यह भाजपा और योगी सरकार की नाकामी का प्रमाण है कि बेहतर शिक्षा प्रणाली करने के बजाए स्कूलों को बंद करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि स्कूलों को बंद करने का फैसला भाजपा के उद्योगपतियों के एजेण्ट के तौर पर काम करने का भी प्रमाण है। डॉ. खान ने आरोप लगाया कि प्रदेश की योगी सरकार गरीबों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्कों के शिक्षा के अधिकार को लगातार छीन उनका भविष्य अंधकार में धकेल रही है। शिक्षा का अधिकार कांग्रेस सरकार ने देश के वंचित वर्ग को दिया था, जिससे वे शिक्षा ग्रहण कर देश की तरक्की में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। लेकिन प्रदेश की योगी सरकार के इस कदम से लाखों गरीब, वंचित छात्र शिक्षा से दूर कर अपने हक और अधिकार को छिनता देख रहे हैं। डॉ. खान ने कहा कि योगी सरकार अपनी असफल नीति की वजह से एक भी नई शिक्षक भर्ती में नाकाम रही और अब जब स्कूलों में शिक्षकों की कमी है तो असली वजह शिक्षकों की नियुक्ति के बजाए स्कूल बंद किये जा रहे हैं। प्रदेश के 27 हजार स्कूलों को बंद करने का फैसला प्रदेश के गरीब छात्रों के सुनहरे भविष्य को कुचलने की नीति है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा उद्योगपतिों के एजेण्ट के तौर पर काम करते हुए अपने इस फैसले से निजी स्कूलों को फायदा पहुंचा रही है। इस तरह भाजपा सरकार अम्बानी और अडानी के निजीकरण के सपने को पूरा कर रही है। सरकारी स्कूलों को बंद कर निजीकरण को बढ़ावा देना गरीबों और दलित तबके के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

# दरगाह जोगीपुरा पर शिया वक्फ बोर्ड का सीधा कन्ट्रोल

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड की सोमवार को हुई बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित वक्फ सम्पत्तियों के मुतवल्लियों की नियुक्तियों और प्रबंध समिति को लेकर निर्णय लिये गये। बोर्ड चेयरमैन अली जैदी की अध्यक्षता में इंदिरा भवन स्थित कार्यालय में हुई बैठक में बोर्ड के सदस्य मौलाना रजा हुसैन रिजवी, एडवोकेट शबाहत हुसैन, एडवोकेट जरयाब जमाल रिजवी, डॉ. नुरूस फातिमा शामिल हुईं। बोर्ड की सदस्य पूर्व सांसद बेगम नूर बानो स्वास्थ्य खराब होने की वजह से बैठक में शामिल नहीं हो सकीं। बोर्ड चेयरमैन अली जैदी ने बताया कि बैठक में वक्फ अधिनियम संशोधन विधेयक 2024 पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बोर्ड ने निर्णय लिया कि आगामी 14 नवम्बर को लखनऊ में संयुक्त संसदीय समिति के लखनऊ भ्रमण के दौरान बोर्ड अपना पक्ष रखेगा। बैठक में अयोध्या के फैजाबाद स्थित खजूर वाली मस्जिद प्रबंध समिति के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच के बाद कमेटी के जवाब से असंतुष्ट बोर्ड ने दफा 64 का नोटिस जारी किया। बोर्ड ने मुतवल्लियों की मनमानी और आय-व्यय का ब्यौरा छिपाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए भविष्य में कड़ी कार्रवाई का निर्णय लिया। चेयरमैन ने बताया कि प्रदेश भर के औकाफ में जनता की ओर से भ्रष्टाचार के मामलों की शिकायतों की सुनवाई के लिए कमेटी गठित कर स्पेशल सेशन एण्ड टाइमिंग जारी होगी। चेयरमैन ने बताया कि बैठक में दरगाहे आलिया नजफे हिन्द को बोर्ड ने सीधे अपने नियंत्रण में लेने का निर्णय लिया। इसके अलावा लखनऊ स्थित दरगाह हजरत अब्बास में मीसम रिजवी की कमेटी, वक्फ दरिया वाली मस्जिद में मुतवल्ली जुहैर मेहदी और हरदोई रोड स्थित वक्फ कर्बला अब्बास बाग के प्रशासक मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी का कार्यकाल बढ़ाते हुए पुनः प्रशासक नियुक्त किया गया।

### विरासत संपत्तियों को पर्यटकों के लिए उपयोगी बनाएगा पर्यटन विभाग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य की विरासत संपत्तियों को उपयोगी बनाएगा, ताकि इसकी सुरक्षा-संरक्षण के साथ-साथ राजस्व की भी प्राप्ति हो। इसी क्रम में छतर मंजिल लखनऊ, चुनार का किला मीरजापुर और बरुआसागर किला झांसी को पीपीपी मोड पर विकसित किया जाएगा। कैबिनेट ने सोमवार को इसकी मंजूरी दे दी। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह ने दी।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि गौरवशाली ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासतों तथा समृद्ध प्राकृतिक वन संपदा की दृष्टि से उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं।

# डा. अनूप पटेल ने सैकड़ों समर्थकों के साथ थामा चंद्रशेखर आज़ाद का हाथ

- संविधान की रक्षा और जाति-जनगणना के लिये पूरे देश मे होगा आंदोलन- डा. पटेल

अवधनामा ब्यूरो



**बाँदा/लखनऊ।** फतेहपुर मे कार्यक्रम सामाजिक न्याय महासम्मेलन मे आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद के समक्ष डा. अनूप पटेल अपने सैकड़ो समर्थको के साथ आसपा मे शामिल हो गये. चंद्रशेखर आजाद ने ख़ुशी जाहिर करते हुये कहा कि डा. अनूप पटेल प्रदेश मे सामाजिक न्याय आंदोलन, जाति-जनगणना मुहिम के प्रमुख चेहरे रहे है। उनके आने बुंदेलखंड मे पार्टी मजबूती से आगे बढ़ेगी। डा. अनूप पटेल उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता और राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा के नेशनल कोऑर्डिनेटर रह चुके है। डा. पटेल वर्तमान मे ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी भी है। इससे पहले डा. अनूप पटेल ने बाँदा मे देश मांगे जाति-जनगणना का विशाल कार्यक्रम आयोजित किया था जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे चंद्रशेखर आजाद शामिल हुये थे। तभी आजाद ने कहा था आने वाले दिनों मे डा. पटेल को प्रदेश स्तर पर नेतृत्व दिया जायेगा। डा. पटेल के साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर पटेल जी, सामाजिक न्याय मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आशुतोष भारतीय नागरिक ने भी अपने साथियो के साथ पार्टी ज्वाइन किया। डा. पटेल ने कहा कि सड़क से संसद तक चंद्रशेखर ही एक मात्र नेता है जो सामाजिक न्याय और जाति-जनगणना की मांग को लेकर मुखर है। बुंदेलखंड मे बहुजन समाज को इकठ्ठा करके राजनैतिक परिवर्तन का प्रयास जारी रहेगा। डा. पटेल के पार्टी ज्वाइन करने पर आसपा के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### किसी भी तालाब में अनट्रीटेड वाटर नहीं जाना चाहिए

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने अमृत 2.0 की राज्य स्तरीय उच्चाधिकार संचालन समिति को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक शहर में एक ही टेण्डर किया जाए। अमृत 1.0 के तहत जो प्रोजेक्ट चल रहे हैं उसमें शत-प्रतिशत परिवारों को नल कनेक् शन मिलें और किसी भी तालाब में अनट्रीटेड वाटर नहीं जाना चाहिए। बैठक में अमृत 2.0 की 27 परियोजनाओं की डीपीआर का अनुमोदन किया गया। डीपीआर की कुल लागत 133667.12 लाख है, जिसमें 104010.15 लाख रुपये कैपेक्स और 29656.97 लाख रुपये ओ.एण्ड एम. शामिल है। इन परियोजनाओं के पूरा होने पर 1,76,394 परिवारों को कनेक्शन मिलेगा। अमृत 2.0 में 16 वाटर बॉडी रीजुविनेशन के डीपीआर को स्वीकृति प्रदान की गयी, जिसकी कुल लागत 2783.77 लाख रुपये है। इसके अलावा अमृत 2.0 में 5 पार्क एण्ड ग्रीन स्पेस प्रोजेक्ट्स का अनुमोदन किया गया, जिसकी कुल लागत 2107.54 लाख रुपये है।

# क्रिएट इन इंडिया चैलेंज-सीजन-1 ने पकड़ी रफ्तार

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट से पहले आयोजित 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज - सीजन 1' को अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिली है। WAVES के मिशन को साकार करते हुए, क्रिएट इन इंडिया चैलेंज रचनात्मकता और नवाचार के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है। CIC का उद्देश्य भारत की क्रिएटर्स इकोनॉमी पर गहरा प्रभाव डालना है, जिससे कंटेंट क्रिएटर्स और इनोवेटर्स को अपने हुनर का प्रदर्शन करने, अपनी स्किल्स का मॉनेटाइजेशन करने और भारतीय मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग की वृद्धि में योगदान करने का अवसर मिल सके। यह वैश्विक स्तर पर भारत की सॉफ्ट पावर को बढ़ाता है और भारत की उभरती हुई रचनात्मक प्रतिभा के लिए एक लॉन्चपैड के रूप में कार्य करता है, जिससे वे अंतर्राष्ट्रीय पहचान प्राप्त कर सकते हैं। सभी चैलेंजेस के लिए पंजीकरण WAVES की वेबसाइट https://wavesindia.org/challenges-2025 पर खुले हैं।

## CIC: नवाचार के लिए एक विविध मंच

22 अगस्त 2024 को लॉन्च किया गया CIC, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता हासिल कर रहा है, जिसमें 27 चैलेंज शामिल हैं, जैसे कि ट्रूथ टेल हैकाथॉन, कॉमिक्स क्रिएटर चैंपियनशिप, एस्पोर्ट्स टूर्नामेंट, ट्रेलर मेकिंग प्रतियोगिता, थीम म्यूजिक प्रतियोगिता, XR क्रिएटर हैकाथॉन, AI अवतार क्रिएटर चैलेंज, एनीमे चैलेंज आदि। ये चैलेंज मीडिया और मनोरंजन उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुए हैं, विशेष रूप से ब्रॉडकास्टिंग, विज्ञापन, संगीत, AVGC-X, डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया, फिल्म्स, उभरती प्रौद्योगिकियों और अन्य।




# एचसीएल फाउण्डेशन और प्रदेश सरकार के बीच एमओयू

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हरदोई में पशु चिकित्सा सेवाओं को बढ़ाने के लिए एचसीएल फाउण्डेशन और प्रदेश सरकार के बीच सोमवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। समझौते के ज्ञापन का आदान-प्रदान प्रदेश सरकार के पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव के. रविन्द्र नायक और एचसीएल फाउण्डेशन के समुदाय और माई क्लीन सिटी परियोजना निदेशक आलोक वर्मा ने किया। एमओयू के तहत हरदोई के सण्डीला में सरकारी पशु चिकित्सा अस्पताल को कृत्रिम गर्भाधान और पशुपालन सेवा विस्तार के केन्द्र में रूप में विकसित किया जाएगा। इस मौके पर प्रमुख सचिव मनोज सिंह ने कहा कि एचसीएल फाउण्डेशन के साथ यह सहयोग किसानों को सुलभ, उच्च गुणवत्ता वाली पशु चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाता है। पशुधन कल्याण और उत्पादकता में सुधार करने और सतत विकास को बढ़ावा देने में पशु चिकित्सालय प्रमुख भूमिका निभाएगा। एचसीएल फाउण्डेशन में माई क्लीन सिटी परियोजना के निदेशक आलोक वर्मा ने कहा कि हम सतत डेयरी विकास के जरिए ग्रामीण आजीविका में सुधार को प्रतिबद्ध हैं। समझौते के तहत एचसीएल डेयरी किसानों को उन्नत पशुपालन प्रथाओं और पशु चिकित्सा सेवाओं के साथ सहयोग करेगा। इस पहल का उद् देश्य पशुधन और किसानों के लिए स्थायी परिवर्तन को बढ़ावा देना है। एमओयू का मुख्य उद्देश्य अस्पताल की तकनीकी क्षमता बढ़ाना है, मुख्य सचिव ने डेयरी किसानों के लिए बेहतर पशु प्रबंधन प्रथाओं पर एचसीएल फाउण्डेशन की पुस्तिका का विमोचन किया। इस मौके पर हरदोई के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार भी मौजूद थे। इस अवसर पर हरदोई के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार भी मौजूद थे।

### छात्रों के लिए एप्रेन सेरेमनी का आयोजन

**लखनऊ।** डॉ. अब्दुल अली तिब्बिया कॉलेज में सोमवार को नये छात्रों के लिए एप्रेन सेरेमनी का आयोजन किया गया। मलिहाबाद के कटौली स्थित कॉलेज में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एरा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. जमाल मसूद और विशिष्ट अतिथि के रूप में यूनानी सर्विसेज के पूर्व निदेशक सिकन्दर हयात मौजूद थे। समारोह में उपस्थित छात्रों को सम्बोधित करते हुए प्रो. जमाल मसूद ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए मेहनत और लगन से अपना कैरियर बनाने को कहा। सिकन्दर हयात ने छात्रों से यूनानी चिकित्सा पद्धति में महारथ हासिल करने की नसीहत दी। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक मौलाना यूसुफ हुसैनी मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने नये छात्रों का स्वागत करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिये। कॉलेज के निदेशक प्रो. हकीम अरशद अली ने अतिथियों का परिचय कराते हुए समारोह के आयोजन पर चर्चा की। इस मौके पर छात्रों के परिजन भी उपस्थित थे। समारोह का संचालन डॉ. अल्ताफ अहमद ने किया। कॉलेज तराने के साथ समारोह का समापन हुआ।

# केन्द्र के हाथों में जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा-व्यवस्था पूरी तरह चरमराई: प्रमोद तिवारी

- धारा 370 को लेकर भी मोदी ने आतंकवाद के खात्मे का किया था दावा
- आतंकी विस्फोट राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंताजनक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस नेता व राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने जम्मू-कश्मीर में लगातार खौफनाक आतंकी घटनाओं को लेकर मोदी सरकार की सुरक्षा नीति को जिम्मेदार ठहराया है। श्री तिवारी ने कहा कि केन्द्र के हाथों में जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा उठी है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में इस विफलता के लिए पीएम मोदी की नीतियों को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें एक कमजोर और असफल प्रधानमंत्री बताया। श्री तिवारी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा था कि नोटबंदी से बाहर का पैसा नहीं आ सकेगा और आतंकवाद पर लगाम लगेगी। इसी तरह धारा 370 को लेकर भी उन्होंने आतंकवाद के खात्मे का दावा किया था। श्री तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार बताए कि आतंकवाद जो वहां कुछ जिलों और अंचलों में सीमित था वह बढ़कर घाटी तक कैसे आ पहुंचा। आतंकवाद की चपेट में उत्तर प्रदेश और बिहार सहित कई राज्यों के मजदूर कीमत चुका रहे हैं। उन्होंने कहा कि आतंकी अब भारत की सेना के वाहनों को निशाना बना रहे हैं। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के संडे बाजार में ताजा आतंकी विस्फोट राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंताजनक है। श्री तिवारी ने दीपावली पर कनाडा के बैम्पटन शहर में हिन्दू मंदिरों पर हुए हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि कनाडा की दिल दहला देने वाली घटनाओं की तस्वीरों से साफ हो गया है कि मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था की नीति चौपट करते हुए विदेश नीति भी बर्बाद कर दी है। कनाडा से पहले बांग्लादेश में दुर्गा पूजा उत्सव के तहत भारतीय वहां पाण्डाल नहीं लगा सके। कनाडा, बांग्लादेश और ब्रिटेन जैसे देशों में भारतीयों खास कर हिन्दुओं पर इस तरह के हमले मोदी सरकार की कमजोर विदेश नीति का प्रमाण है। श्री तिवारी ने कहा कि भारत कनाडा में मंदिर पर हमले को अस्वीकार्य करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा कि वह और उनकी सरकार हर हाल में सुनिश्चित करे कि विदेश में रहने वाले भारतीय व्यापार और नौकरी सुरक्षित ढंग से कर सकें। सरकार विदेश नीति मजबूत बनाए जिससे विदेश में रहने वाला हर भारतीय चैन की सांस ले सके।

